3 राजधानी
कारोबार से जुड़े लाइसेंस लेना होगा आसान

6 अभिमत
कॉलेजियम व्यवस्था में सुधार आवश्यक

10 विदेश
प्रचंड अब मंत्रिमंडल में करेंगे फेरबदल

11 राष्ट्रीय
अडाणी समूह की अधिकांश कंपनियों के शेयर चढ़े



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 116
नई दिल्ली, बुधवार, 1 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




वानखेड़े में लगेगी सचिन की आदमकद प्रतिमा

स्पोर्ट्स-12

# भ्रष्टाचार में घिरे सिसोदिया-जैन का कैबिनेट से इस्तीफा

## दो दिन पहले ही आबकारी मामले में गिरफ्तार किए गए आप के दूसरे नंबर के नेता मनीष, धनशोधन मामले में एक साल से जेल में बंद हैं जैन

- कैलाश गहलोत, राजकुमार आनंद को सौंपी जा सकती है विभागों की जिम्मेदारी
- भाजपा-कांग्रेस ने किया इस्तीफे का स्वागत, आप ने कहा- दिल्ली के काम प्रभावित न हों, इसलिए उठाया कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





**भ्रष्टाचार** के आरोपों से घिरे दिल्ली सरकार के दो महत्वपूर्ण मंत्रियों मनीष सिसोदिया एवं सत्येंद्र जैन ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और 18 विभागों के प्रमुख रहे मनीष सिसोदिया को आबकारी नीति मामले में सीबीआई ने बीते रविवार को गिरफ्तार किया जबकि धनशोधन मामले में जैन एक साल से तिहाड़ जेल में बंद हैं। दोनों ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के भरोसेमंद एवं आम आदमी पार्टी के कद्दावर नेता हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सिसोदिया के विभाग राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत और समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद को आवंटित किए जाएंगे। दिल्ली में विपक्षी दल भरतीय जनता पार्टी ने दोनों मंत्रियों के इस्तीफे का स्वागत किया और कहा कि यह कदम बहुत पहले उठाया जाना चाहिए था। हालांकि सरकार ने तर्क दिया है कि चूंकि दोनों महत्वपूर्ण विभाग संभाल रहे थे, इसलिए उनके जेल जाने से दिल्ली में विकास के काम प्रभावित न हों, इसलिए उनसे इस्तीफा लिया गया है।

प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन के एक मामले में जैन को पिछले साल मई में गिरफ्तार किया था और सिसोदिया अगस्त 2022 में आबकारी नीति घोटाले में उनका नाम सामने आने पर जांच के घेरे में आ गए थे। इसके बाद से ही भाजपा उनके इस्तीफे की मांग कर रही थी। उप मुख्यमंत्री सिसोदिया के पास दिल्ली सरकार के 33 में से 18 विभागों की जिम्मेदारी थी, जिनमें स्वास्थ्य, वित्त, शिक्षा एवं गृह विभाग शामिल थे। जैन अपनी गिरफ्तारी के बाद भी सरकार में मंत्री बने हुए थे, लेकिन उनके पास कोई विभाग नहीं था। स्वास्थ्य, गृह एवं शहरी विकास समेत उनके विभाग सिसोदिया को सौंपे गए थे। जैन की गिरफ्तारी के बाद से सिसोदिया का कार्यभार लगभग दोगुना हो गया था और उनके पास दिल्ली सरकार के अधिकतर अहम विभागों की जिम्मेदारी थी। दोनों मंत्रियों ने दिल्ली की शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का नेतृत्व किया था। आप सरकार का दावा है कि दिल्ली में दोनों क्षेत्रों में सफल बदलाव किए गए हैं, जिससे पार्टी की लोकप्रियता बढ़ी और उसकी चुनावी सफलता जारी रही। आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की साजिशों के कारण जेल में बंद मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है। सरकार नहीं चाहती कि दिल्ली वालों का काम प्रभावित नहीं हो। दोनों मंत्री पूरी ईमानदारी से अपना काम कर रहे थे। केंद्र सरकार ने उन्हें झूठे और फर्जी मुकदमों में फंसाया है। इस बीच, भाजपा की दिल्ली इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि भाजपा को संघर्ष का प्रतिफल मिला है। हम मांग कर रहे थे कि मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को इस्तीफा देना होगा और जेल भी जाना होगा तथा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शर्मनाक स्थिति के कारण उनका इस्तीफा स्वीकार करना होगा। यह भाजपा कार्यकर्ताओं, सच्चाई की जीत है। उन्होंने कहा कि शराब घोटाला केजरीवाल की मिलीभगत से हुआ। इसलिए उनके इस्तीफे के लिए भाजपा का संघर्ष जारी रहेगा। कांग्रेस ने कहा कि सिसोदिया को साफ-साफ भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया है। कांग्रेस ने भी केजरीवाल से इस्तीफा देने की मांग की। कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने कहा कि भ्रष्टाचार विरोधी मुद्दे पर अपनी पार्टी बनाने वालों को आबकारी नीति पर उठे सवालों का जवाब देना चाहिए, जो उनके द्वारा गठित समिति की सिफारिशों के पूर्ण विपरीत बनाई गई थी। उन्होंने कहा कि यह साफ-साफ भ्रष्टाचार का मामला है।

## जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे आप नेता को झटका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया की एक याचिका पर विचार करने से मंगलवार को इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति मामले में जमानत प्रदान करने और प्राथमिकी को रद्द किए जाने का अनुरोध किया था। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि इससे गलत परंपरा कायम होगी और उनके (सिसोदिया) पास प्रभावी वैकल्पिक उपाय हैं।

जमानत के लिए उन्हें हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता (सिसोदिया) के पास दंड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के तहत प्रभावी वैकल्पिक उपाय उपलब्ध हैं, इसलिए हम मौजूदा स्थिति में संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। इसलिए याचिका का निपटारा किया जाता है। पीठ ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि घटना दिल्ली में हुई है, सिसोदिया सीधे शीर्ष अदालत में नहीं आ सकते हैं। पीठ ने कहा कि उनके पास संबंधित निचली अदालत के साथ-साथ दिल्ली उच्च न्यायालय के पास जाने के भी उपाय हैं।

सिसोदिया की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी ने आम आदमी पार्टी नेता को गिरफ्तार करने की जरूरत पर सवाल उठाते हुए कहा कि नीतिगत फैसले अलग-अलग स्तर पर लिए गए और इसके अलावा कोई रकम बरामद नहीं हुई। उन्होंने यह भी कहा कि उपराज्यपाल भी आबकारी नीति में नीतिगत फैसले का हिस्सा थे। शीर्ष अदालत ने जब कहा कि वह मौजूदा स्थिति में याचिका पर विचार नहीं करेगी, सिंघवी ने इसे वापस ले लिया। सुनवाई की शुरुआत में, पीठ ने पूछा, आप प्राथमिकी को चुनौती देने और जमानत के लिए अनुच्छेद 32 का जिक्र कर रहे हैं। आपके पास उपाय हैं। सिंघवी ने पत्रकार अर्नब गोस्वामी और विनोद दुआ के मामले में शीर्ष अदालत के फैसलों का जिक्र किया।

# आर्थिक वृद्धि दर तीसरी तिमाही में घटकर 4.4 प्रतिशत हुई

- मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन से जीडीपी में आई गिरावट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में घटकर 4.4 प्रतिशत पर आ गई। मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन की वजह से जीडीपी में यह गिरावट आई है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के मंगलवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की समान तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था 11.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। वहीं, चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही थी।

चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में 1.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 1.3 प्रतिशत रही थी। एनएसओ ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। इसके अलावा एनएसओ ने बीते वित्त वर्ष 2021-22 की वृद्धि दर को 8.7 प्रतिशत से संशोधित कर 9.1 प्रतिशत कर दिया है। एनएसओ ने एक बयान में कहा, स्थिर मूल्य (2011-12) पर तीसरी तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद 40.19 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 38.51 लाख करोड़ रुपए था। तीसरी तिमाही में मौजूदा मूल्य पर जीडीपी 69.38 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है, जो 2021-22 की तीसरी तिमाही में 62.39 लाख करोड़ रुपए था।

इस तरह मौजूदा मूल्य पर तीसरी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि 11.2 प्रतिशत रही है। एनएसओ ने कहा, स्थिर मूल्य पर समूचे वित्त वर्ष (2022-23) में जीडीपी का आकार 159.71 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष (2021-22) के पहले संशोधित अनुमान में सकल घरेलू उत्पाद 149.26 लाख करोड़ रुपए रहने की बात कही गई थी। इस तरह चालू वित्त वर्ष में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2021-22 में 9.1 प्रतिशत रही थी। एनएसओ ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए जीडीपी वृद्धि दर को संशोधित कर 9.1 प्रतिशत कर दिया है जो कि पहले 8.7 प्रतिशत था। राष्ट्रीय लेखा आंकड़ों से पता चलता है कि तीसरी तिमाही में कृषि क्षेत्र का सकल मूल्य वर्द्धन (जीवीए) (शेष पेज 8)

# कैसी होगी भविष्य की दिल्ली, मास्टरप्लान मंजूर

- मास्टरप्लान 2041 में पर्यावरणीय स्थिरता, ग्रीन इकॉनामी, आधारिक संरचना के विकास, स्वच्छ ईंधन के साथ परिवहन की तेज रफ्तार पर जोर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** विकास प्राधिकरण ने मास्टर प्लान 2041 को मंजूरी दे दी है। अगले दो दशक में दिल्ली कैसी होगी, इसका पूरा खाका तैयार करते हुए पर्यावरणीय स्थिरता, ग्रीन इकॉनामी, आधारिक संरचना के विकास, स्वच्छ ईंधन के साथ परिवहन की तेज रफ्तार पर जोर दिया गया है।

उपराज्यपाल द्वारा स्वीकृत किए गए मास्टरप्लान में समाज के सभी वर्गों के लिए पर्याप्त आवास, टीओडीहब्सल, लैंड पूलिंग, हरित क्षेत्र का विकास, शहर का कायाकल्प और पुर्नरुद्धार जैसी नई परिकल्पधनाएं शामिल हैं। इसके अलावा जहां झुग्गी, वहां मकान कार्यक्रम के तहत स्व:स्थाने पुनर्वास के लिए महिला लाभार्थियों के लिए संबंधित दिशा-निर्देशों में ढील देने का भी निर्णय लिया। दिल्ली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंगलवार को कई प्रमुख निर्णय लिये गए, जिनमें ड्रॉफ्ट मास्ट्र प्लापन-2041 को अनुमोदन प्रदान करना शामिल है। जिनसे विकास के एक नए युग की शुरुआत होगी और राष्ट्रीय राजधानी के भावी विकास को मार्ग दर्शन प्राप्त होगा।

करीब साढ़े तीन घंटे से अधिक समय तक चली मैराथन बैठक की शुरुआत करते हुए एलजी ने कहा कि मास्टर प्लान योजना-2041 में समावेशी विकास, पर्यावरणीय स्थिरता, ग्रीन इकॉनामी, आधारिक संरचना के विकास पर जोर दिया गया। दिल्ली के लिए पहला मास्टर प्लान 1962 में दिल्ली विकास अधिनियम 1957 के तहत लागू किया गया था। इन योजनाओं को 20 साल की परिप्रेक्ष्य (शेष पेज 8)

# कश्मीरी पंडित संजय शर्मा के दो हत्यारे मुठभेड़ में ढेर

- पुलवामा में हुई मुठभेड़ में एक जवान भी शहीद, एक घायल

**मोहित कंधारी।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के पुलवामा जिले के अवंतिपोरा गांव में मंगलवार सुबह सुरक्षा बलों ने एक संयुक्त अभियान में मुठभेड़ के दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया है। मारे गए दोनों आतंकी बैंक सुरक्षा कर्मी कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या में शामिल थे।

मुठभेड़ के दौरान सेना का एक जवान भी शहीद हो गया, जबकि घायल एक अन्य जवान का अस्पताल में इलाज चल रहा है। कश्मीर क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने कहा कि एक आतंकी की पहचान अदीब मुश्ताक भट के रूप में की गई, जिसने पिछले रविवार को पुलवामा के अचन क्षेत्र में 40 वर्षीय



जम्मू कश्मीर के पुलवामा में मुठभेड़ के दौरान सतर्क सुरक्षाकर्मी

कश्मीरी पंडित बैंक सुरक्षाकर्मी की हत्या में शामिल था। दूसरे आतंकी की पहचान एजाज अहमद भट के रूप में की गई है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय शर्मा के अनुसार पुलवामा के मालंगपोरा (ए श्रेणी)का रहने वाला आकिब मुश्ताक भट हिजबुल मुजाहिद्दीन आतंकी था, जो पिछले कुछ महीनों से टीआरएफ (द रेजिस्टेंस फ्रंट) के लिए काम कर रहा था। वहीं सैदाबाद पस्तूना तरल (सी श्रेणी) का निवासी एजाज अहमद भट जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी था और टीआरएफ के लिए लालमेल का काम करता था। पुलिस के अनुसार अकीब जनवरी 2021 से और एजाज मई 2022 से सक्रिय था। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बल ने हथियारों (शेष पेज 8)

# जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक आज चीन के मंत्री भी होंगे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**यूक्रेन** संघर्ष को लेकर रूस और पश्चिमी देशों के बीच बढ़ते टकराव के बीच वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए जी-20 देशों के विदेश मंत्री एक और दो मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में बैठक करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, फ्रांस से कैथरीन कोलोना, चीनी विदेश मंत्री किन गांग, जर्मनी की अन्नालेना बेयरबॉक और ब्रिटिश विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली उन लोगों में शामिल हैं जो भारत की मेजबानी वाली बैठक में भाग लेने वाले हैं।

यूरोपीय संघ के विदेश मामलों के उच्च प्रतिनिधि जोसेप बोरेल फोंटेल्स, इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो तजान, ऑस्ट्रेलिया के पेनी वोंग, सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान, इंडोनेशिया के रेटनो मार्सुदी और अर्जेंटीना के विदेश मंत्री सैंटियागो कैफिएरो बैठक में भाग लेने वालों में शामिल हैं। भारत के निमंत्रण के बाद श्रीलंका और बांग्लादेश सहित



गैर-जी-20 देशों के कई विदेश मंत्री भी इस बैठक में मेहमान के रूप में भाग ले रहे हैं।

बैठक के एजेंडे की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि मेहमानों का एक मार्च को भव्य समारोह में स्वागत किया जाएगा, जबकि विभिन्न चुनौतियों पर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श दो मार्च को रायसीना हिल्स स्थित राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र (आरबीसीसी) में होगा। जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और जी-20 सदस्य देशों के केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बेंगलुरु में हुई बैठक के कुछ दिन बाद ही यह बैठक हो रही है। बेंगलुरु की बैठक में यूक्रेन विवाद को लेकर पश्चिमी शक्तियों और रूस-चीन गठजोड़ के बीच तीखे मतभेदों को (शेष पेज 8)

# उत्तर प्रदेश में सरकारी कार्यालयों में प्लास्टिक बोतल पर प्रतिबंध

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सिंगल** यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल और कागज की बर्बादी को लेकर प्रदेश सरकार ने कड़ा कदम उठाया है और मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से सभी सरकारी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि कार्यालयों में अधिक से अधिक सॉफ्ट कॉपी का इस्तेमाल किया जाए, जबकि बैठकों में पानी के लिए प्लास्टिक बोतल का उपयोग न किया जाएगा। मंगलवार को जारी एक बयान के मुताबिक मुख्य सचिव की ओर से स्पष्ट कहा गया है कि इन निर्देशों का कड़ाई से तत्काल अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव की ओर से दिए गए निर्देशों में कहा गया है कि लगातार देखने में आ रहा है कि बार-बार निर्देशों के बावजूद विभागों द्वारा प्लास्टिक कवर तथा सिंगल साइड प्रिंट कर बुकलेट प्रस्तुत किया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि कागज का दुरुपयोग तथा प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण की दृष्टि से उचित नहीं है, जबकि पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन के (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,962 | ↓ | 326 | |
| निफ्टी | 17,303 | ↓ | 88 | |
| सोना | 55,550 | ↓ | 110 | /10g |
| चांदी | 63,000 | ↓ | 550 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आईएसआईएस के सात आतंकियों को फांसी, एक को उम्रकैद

**लखनऊ।** आतंकी गतिविधियों के आरोप में दोषी करार दिए गए मो फैसल, गौस मोहम्मद खान, मो. अजहर, आतिफ मुज्जफर, मो. दानिश, सैय्द मीर हुसैन, आसिफ इकबाल उर्फ राकी को एनआईए, एटीएस की विशेष अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। जबकि मो आतिफ उर्फआतिफ ईराकी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह सभी प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस के सदस्य हैं। बीते 24 फरवरी को विशेष अदालत ने इन्हें दोषी करार दिया था। विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने फांसी की सजा पाए मुल्जिमों के अपराध को विरल से विरलतम करार दिया है। इन्हें भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध का प्रयत्न करने के आरोप में फांसी की सजा सुनाई है। अपने आदेश में कहा है कि इन्हें फांसी के फंदे पर तब तक लटकाया जाए जब तक कि मौत न हो जाए।

# चित्रकूट जेल की डिप्टी जेलर चंद्रकला गिरफ्तार

- मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास और बहू की जेल में मुलाकात मामले में बड़ी कार्रवाई
- निखत अंसारी के ड्राइवर नियाज के घर से लाखों की नकदी बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/चित्रकूट

**चित्रकूट** जेल में माफिया सरगना मुख्तार अंसारी के पुत्र और विधायक अब्बास अंसारी और बहू निखत अंसारी के बीच गुपचुप ढंग से होने वाली मुलाकात के प्रकरण में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।

इस मुलाकात में मुख्य भूमिका निभाने वाली चित्रकूट जेल की तत्कालीन डिप्टी जेलर चंद्रकला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं निखत अंसारी के ड्राइवर नियाज के घर से छापेमारी के दौरान पुलिस ने लाखों रुपए की नगदी, स्कार्पियो गाड़ी व अन्य सामान बरामद किया है। बीती 10 फरवरी को चित्रकूट की पुलिस अधीक्षक (शेष पेज 8)



चित्रकूट में पत्रकारों से बात करते पुलिस अधिकारी

## डिप्टी जेलर को भेजा गया जेल

- अब्बास अंसारी की न्यायिक रिमांड मंजूर, निखत बानो की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**चित्रकूट** जेल में विधायक अब्बास अंसारी को सुविधाएं मुहैया कराने व अवैध मुलाकात कराने के मामले में गिरफ्तार डिप्टी जेलर चंद्रकला को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने चार मार्च तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मंगलवार को मुल्जिमा चंद्रकला को विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया था। विशेष अदालत ने इसके साथ ही इस मामले में मुल्जिम अब्बास अंसारी का भी 14 दिन (शेष पेज 8)

# मार्च में और बढ़ेगी गर्मी, गेहूं की फसल पर संकट

- मार्च, अप्रैल एवं मई में रिकॉर्ड स्तर को छू सकती है गर्मी : मौसम विभाग

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**पूरी** फरवरी तापमान सामान्य से अधिक रहा और मार्च में भी भीषण गर्मी पड़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है। लगातार बढ़ते तामपान से आम जनजीवन तो प्रभावित हो ही रहा है, इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव गेहूं की फसल पर पड़ रहा है। चूंकि गेहूं इस समय बाली बनने या निकलने की प्रक्रिया में है। समय से पहले अत्यधिक गर्मी पड़ने से फसल पकने से पहले सूखने का खतरा बढ़ गया है।

मौसम विभाग ने मंगलवार को आगामी तीन महीनों- मार्च, अप्रैल एवं मई के जारी अपने पूर्वानुमान में कहा है कि पूर्वोत्तर भारत, पूर्व और मध्य भारत के अधिकांश हिस्सों में तापमान रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकता है और लोगों को प्रचंड गर्मी का



सामना करना पड़ सकता है। विभाग ने कहा कि मार्च, अप्रैल और मई के दौरान दक्षिण प्रायद्वीपीय क्षेत्र को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान ने मौजूदा रबी की फसल, विशेष रूप से गेहूं और बागवानी को लेकर किसानों की चिंता बढ़ा दी है। गर्मी की चिलचिलाती गर्मी गेहूं की फसल के लिए बहुत हानिकारक हो सकती है, क्योंकि यह फसल अभी बाली बनने की प्रक्रिया में है। गेहूं के कम उत्पादन से अनाज के आधिकारिक भंडार में भी कमी आ सकती है। पिछले छह वर्षों के दौरान कृषि क्षेत्र 4.6 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रहा है। यह (शेष पेज 8)

## गर्मी को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को जारी किए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गर्मी** के मौसम से पहले कुछ स्थानों पर तापमान में असामान्य वृद्धि के बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि उनकी सभी स्वास्थ्य इकाइयां गर्मी से संबंधित बीमारियों और मौतों की जानकारी निर्दिष्ट पोर्टल पर अद्यतन करें। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) की वेबसाइट पर उपलब्ध गर्मी से संबंधित बीमारियों पर राष्ट्रीय कार्य योजना पर ध्यान आकर्षित करते हुए, मंत्रालय ने स्वास्थ्य विभाग एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रभावी तैयारी के लिए सभी जिलों में मार्गदर्शन दस्तावेज के प्रसार का अनुरोध किया।

मंत्रालय के अनुसार इससे गर्मी का प्रभाव और इसके कारण उत्पन्न होने वाले मामलों का प्रबंधन, रिकॉर्ड का रखरखाव और निगरानी आदि में मदद मिलेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में कहा है कि एक मार्च से जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) के तहत सभी राज्यों और जिलों में गर्मी से संबंधित बीमारियों की दैनिक निगरानी एकीकृत स्वास्थ्य (शेष पेज 8)

# रेलवे का सॉफ्टवेयर हैक कर ई-टिकटों की कालाबाजारी

## फर्जीवाड़ा कर मोटे रकम में बेचते थे तत्काल टिकट, आरोपी गिरफ्तार, बड़ी संख्या में ई-टिकट बरामद





पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ट्रेन की टिकट में सेंधमारी की जा रही है। इस सेंधमारी को अंजाम देने वाले मास्टरमाइंड को रेलवे सुरक्षा बल थाना दादरी ने नोएडा के सेक्टर 66 से गिरफ्तार किया है, जो अवैध सॉफ्टवेयर का प्रयोग कर रेलवे के सॉफ्टवेयर हैक कर ट्रेन के ऑनलाइन टिकट की ई-टिकटों की कालाबाजारी कर रेलवे को चूना लगा रहा था। आरोपी के कब्जे से सॉफ्टवेयर सहित कंप्यूटर व बड़ी तादाद में ई-टिकट बरामद किया गया है। रेलवे सुरक्षा बल ने आरोपी शशि भूषण कुमार को पकड़ा है। शशि भूषण कुमार रेलवे की ई-टिकटों की कालाबाजारी करता था। पूछताछ में शशि भूषण ने बताया कि ऑनलाइन टिकट नेक्सस नाम के सॉफ्टवेयर से बना रहा था, जिसे ऑनलाइन 3 हजार में खरीदा था। मामूरा सेक्टर 66 अपने दुकान से काम कर रहा था। रेलवे सुरक्षा बल थाना दादरी के प्रभारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि एजेंट आईडी की आड़ में रेलवे की ई टिकटों का अवैध व्यापार करने वाले शर्मा टेलीकॉम गली नंबर-2, ममूरा सेक्टर-66 नोएडा के संचालक शशि भूषण कुमार ने अपराध किया है। सॉफ्टवेयर के माध्यम से ई-टिकट बनाकर मूल्य से 800 से 2000 अधिक लेकर बेचता था। सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि साइबर सेल मुंबई द्वारा एक अभियुक्त प्रमोद को मुंबई में गिरफ्तार किया गया था। जो इंडिया ऑल ओवर इंडिया, रेलवे नेटवर्किंग साइट आईआरसीटीसी के रिजर्वेशन टिकट के बुक करने वाले सफ्टवेयर को हैक करता था और नेक्सस नाम के सॉफ्टवेयर के माध्यम से सेकंड में यह तत्काल टिकट की बुकिंग कर लेता था। इसके गैरकानूनी ट्रांजेक्शन के बारे में सूचनाएं हमको मध्य रेलवे सीएसटीएम मुंबई व मण्डल मुख्यालय प्रयागराज से प्राप्त जानकरी पर हमने विशेष ऐप के माध्यम से इसको चिह्नित किया और रेकी कराई। उसके बाद नोएडा सेक्टर 66 से गिरफ्तार किया गया है। इसके पास 114 टिकट और सॉफ्टवेयर से रिलेटेड उपकरण जप्त किया गया है, ये लोग बेसिकली तत्काल के टिकट को टारगेट किया करते थे ऑनलाइन के माध्यम से डिमांड करते थे और डिलीवरी की व्हाट्सएप के थ्रू करते थे, अभी तक यह लोग सरकार को 40 लाख का चूना लगा चुके है।

# जिला पुलिस पर युवक को मेरठ से उठाकर गाजियाबाद में गिरफ्तारी दिखाने का आरोप

- आरोपी की पत्नी ने किया केस, कोर्ट ने मांगी पुलिसवालों की लोकेशन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

एक युवक को गिरफ्तार करने में गाजियाबाद पुलिस फंस गई है। आरोप है कि मेरठ से किडनैप करके गाजियाबाद से गिरफ्तारी दिखाई गई। जेल गए व्यक्ति की पत्नी ने गाजियाबाद के सब इंस्पेक्टर के खिलाफ स्पेशल कोर्ट में अवमानना का वाद दायर किया है।



कोर्ट ने पुलिसकर्मियों की लोकेशन और कॉल डिटेल रिपोर्ट निकलवाने का आदेश दिया था, जिससे सच्चाई का पता चल पाए। आरोप है कि इस आदेश को टेलीकॉम कंपनियों तक पहुंचाने में पुलिस ढिलाई कर रही है। अवमानना पर कोर्ट ने सोमवार को वाद दर्ज करते हुए सहित तीनों पुलिसकर्मियों को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। 13 मार्च को अगली सुनवाई होगी। 25 जनवरी 2022 को गाजियाबाद की कविनगर थाना पुलिस ने शांतिनगर मोड़ से एक व्यक्ति की गिरफ्तारी दिखाई। इस शख्स का नाम राजेश पांडेय है जो शांतिनगर का रहने वाला है। उसके कब्जे से 60 किलो गांजा और 250 ग्राम नशे की गोलियां बरामद होना दर्शाया। राजेश की पत्नी सुनीता देवी ने कोर्ट में वाद दायर करके इस गिरफ्तारी को गलत बताया। सुनीता ने बताया कि गाजियाबाद पुलिस ने उनके पति को कार सहित मेरठ के शास्त्रीनगर से अगवा किया और गाजियाबाद लाकर फ र्जी तरह से गिरफ्तारी दिखाई। मामले की सच्चाई जानने के लिए कोर्ट ने 5 सितंबर 2022 को आदेश दिया कि गिरफ्तारी में शामिल रहे पुलिसकर्मियों की 25 जनवरी से 28 जनवरी 2022 तक की लोकेशन व सीडीआर निकाली जाए।

ये आदेश सर्विस प्रोवाइडर टेलीकॉम कंपनियों के जोनल ऑफि सरों को दिया गया और आदेश तामील कराने की जिम्मेदारी कविनगर थाना पुलिस को दी गई। कविनगर पुलिस ने दो बार कोर्ट में ये रिपोर्ट लगा दी कि संबंधित लोगों ने न्यायालय के आदेश को प्राप्त करने से इनकार कर दियाश।

पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता खालिद खान ने इस कथित रिपोर्ट को चुनौती दी। कहा कि जोनल ऑफिसर के एड्रेस बिहार, दिल्ली, मेरठ और नोएडा के हैं। पुलिस द्वारा एक दिन में इन चारों जगह जाकर, वापस आकर रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल करना संभव नहीं है। आशंका है कि पुलिस ने खुद से तैयार कर झूठी रिपोर्ट कोर्ट में पेश की है।

## 20वीं मंजिल से कूदकर कारोबारी ने दी जान

**नोएडा।** सेक्टर-78 स्थित महागुन गार्डन सोसाइटी में सोमवार रात कारोबारी ने 20वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। वह अपने घर में बैठकर शराब पी रहे थे। इसको लेकर पत्नी से कहासुनी हो गई। इसके बाद कारोबारी ने गुस्से में फ्लैट से नीचे छलांग लगा दी। तरुण कुमार अपनी पत्नी श्वेता और 13 साल की बेटी के साथ सेक्टर.78 स्थित महागुन गार्डन सोसाइटी में 20वीं मंजिल पर रहते थे। वह सोमवार रात करीब 11 बजे अपने फ्लैट के अंदर शराब पी रहे थे। उनकी बेटी आठवीं कक्षा में पढ़ती है। बेटी की मंगलवार को परीक्षा थी। इस पर तरुण से उनकी पत्नी ने कहा कि बेटी की सुबह परीक्षा है। उसे जल्दी उठना है। शराब पीने से बेटी की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस बात पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई।


### घोषणा

फार्म चार (नियम 8 देखें)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन का स्थान | 100के मिलाप भवन के पीछे, 8/A बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली -110002 |
| 2. | प्रकाशन की अवधि | दैनिक |
| 3. | मुद्रक का नाम<br>(क्या भारत के नागरिक हैं)<br>पता- | नरेंद्र कुमार<br>हां<br>ई-4 ग्रेटर कैलाश पार्ट 2 नई दिल्ली 110048 |
| 4. | प्रकाशक का नाम<br>(क्या भारत के नागरिक हैं)<br>पता- | नरेंद्र कुमार<br>हां<br>ई-4 ग्रेटर कैलाश पार्ट 2 नई दिल्ली 110048 |
| 5. | सम्पादक का नाम<br>(क्या भारत के नागरिक हैं)<br>पता- | विजय प्रकाश सिंह<br>हां<br>224, महात्मा गांधी रोड, लखनऊ कैंट, पी.ओ. दिलकुशा-226002 |
| 6. | निवासी संपादक | रवि शंकर कपूर |
| 7. | स्थानीय सम्पादक<br>(क्या भारत के नागरिक हैं)<br>पता- | प्रदीप तिवारी<br>हां<br>6/2/18, एफ-2, शुभम अपार्टमेंट, वैशाली सेक्टर-6 गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 |
| 8. | उन लोगों के नाम व पते जो समाचार पत्र के मालिक, साझेदार और कुल पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के शेयरधारक हैं | (1) आईडीबीआई इण्डियन रेडक्रास बिल्डिंग सोसाइटी 1. रेडक्रास रोड, नई दिल्ली-110001<br>(2) ओपिनियन एक्सप्रेस कम्युनिकेशन एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड<br>(3) संचार होल्डिंग प्रा.लि. एच-33ए, सैनिक फार्म, लैन डब्लू 10सी, नई दिल्ली-110062 |

मैं नरेंद्र कुमार एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि उपर्युक्त विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है।

नरेंद्र कुमार
मुद्रक एवं प्रकाशक
पायनियर

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 1 मार्च 2023



### डेल्टन केबल्स लिमिटेड

सीआईएन : एल31300डीएल1964पीएलसी004255
पंजी. कार्यालय : डेल्टन हाउस 4801, भारत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली - 110002
वेबसाइट : www.deltoncables.com, ई-मेल : cs@deltoncables.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि डेल्टन केबल्स लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु प्रथम अ-साधारण सामान्य बैठक ("ईजीएम"), शुक्रवार, 24 मार्च, 2023 को पूर्वा. 10.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से, उसकी ईजीएम सूचना में विनिर्दिष्ट व्यवसाय(यों) के निष्पादन हेतु, आयोजित की जाएगी।

कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी सर्कुलर्स/दिशानिर्देशों ("एमसीए सर्कुलर्स") और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर्स ("सेबी सर्कुलर्स") के अनुपालन में, कम्पनी ईजीएम की सूचना सोमवार अर्थात 27-02-2023 को केवल इलेक्ट्रॉनिक विधि से उन सदस्यों को भेज चुकी है, जिनका ई-मेल पता कट-ऑफ तिथि अर्थात शुक्रवार, 24 फरवरी, 2023 को कम्पनी/डिपॉजिटरीज के पास पंजीबद्ध है। उपरोक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.deltoncables.com, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com एवं ई-वोटिंग सेवा प्रदाता नामतः सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड की वेबसाइट www.evotingindia.com पर उपलब्ध है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और संचालन) नियमावली, 2014, समय समय पर संशोधित, के नियम 20, तथा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015, समय समय पर संशोधित, के विनियम 44 के अनुसरण में, कम्पनी, इसके सदस्यों को, उपरोक्त ईजीएम में विचारित किए जाने हेतु प्रस्तावित सभी प्रस्तावों पर, सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा उपलब्ध कराई गई ई-वोटिंग सेवाओं के जरिये इलेक्ट्रॉनिक विधि से वोट डालने की सुविधा उपलब्ध करा रही है।

इसके अतिरिक्त, ईजीएम में भी ई-वोटिंग हेतु सुविधा उपलब्ध होगी। जो सदस्य अपना वोट, ईजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा डाल चुके हैं, वे भी वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित हो सकते हैं, परंतु उनको एईजीएम में अपना वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।

श्री वैभव शर्मा, पूर्ण-कालिक कार्यरत कम्पनी सेक्रेटरी, स्वामी मैसर्स वैभव शर्मा ऐंड एसोशिएट्स, कम्पनी सेक्रेटरीज को रिमोट ई-वोटिंग तथा ईजीएम में ई-वोटिंग प्रक्रिया की संवीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया गया है।

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

i) कम्पनी की ईजीएम की सूचना में सूचीबद्ध विशेष व्यवसाय(यों) का निष्पादन इलेक्ट्रॉनिक साधनों से वोटिंग द्वारा किया जा सकता है ;
ii) रिमोट ई-वोटिंग अवधि मंगलवार, 21 मार्च, 2023 को (पूर्वा. 10.00 बजे आईएसटी) आरंभ होगी ;
iii) रिमोट ई-वोटिंग अवधि बृहस्पतिवार, 23 मार्च, 2023 को (अप. 5.00 बजे आईएसटी) समाप्त होगी ;
iv) कट-ऑफ तिथि शुक्रवार, 17 मार्च, 2023 है ;
v) कोई व्यक्ति, जो कम्पनी द्वारा सूचना प्रेषण के बाद कम्पनी के शेयर अर्जित करता है तथा कम्पनी का सदस्य बनता है और विच्छेदन तिथि अर्थात 17 मार्च, 2023 को भौतिक/डीमैट शेयरों का धारक है, helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेज कर अथवा 1800 22 55 33 पर कॉल करके लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यही प्रक्रिया डीमैट/भौतिक रूप में शेयरों के धारक उन सदस्यों द्वारा अपनाई जा सकती है, जिनके द्वारा अपनी ई-मेल आईडीज पंजीकृत/अद्यतन नहीं करवाई गई है, इस हेतु सत्यापन विवरण जैसे कि फोलियो नंबर, डीपी आईडी/क्लाइंट आईडी, पैन (स्कैन प्रति), डीमैट खाता विवरण भेजना होगा। तथापि, यदि कोई सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के लिए सीडीएसएल के साथ पहले से पंजीकृत है, तो विद्यमान यूजर आईडी तथा पासवर्ड/पिन का प्रयोग वोट डालने के लिए किया जा सकता है। यदि कोई सदस्य पासवर्ड भूल जाता है, तो वह www.evotingindia.com पर उपलब्ध "Forgot User Details/Password" का प्रयोग कर पासवर्ड दोबारा बना सकता है।
vi) सदस्यगण नोट करें कि :
क) बृहस्पतिवार, 23 मार्च, 2023 को (अप. 5.00 बजे आईएसटी) के बाद रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी ;
ख) कम्पनी की ईजीएम में ई-वोटिंग हेतु सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी तथा ईजीएम में उपस्थित ऐसे सदस्य, जिनके द्वारा अपना वोट रिमोट ई-वोटिंग द्वारा नहीं डाला गया है, वे ईजीएम में वोट डालने हेतु ग्राह्य होंगे ;
ग) सदस्य अपना वोट रिमोट ई-वोटिंग द्वारा डालने के बाद भी ईजीएम में भाग ले सकता है, परंतु उसको दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी ;
घ) केवल वह व्यक्ति रिमोट ई-वोटिंग अथवा ईजीएम के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने का हकदार होगा, जिसका नाम डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों अथवा सदस्यों की पंजिका में, कट-ऑफ तिथि अर्थात 17 मार्च, 2023 को, दर्ज मौजूद होगा ;
vii) कम्पनी की ईजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट (www.deltoncables.com) तथा सीडीएसएल की वेबसाइट (www.evotingindia.com) पर उपलब्ध होगी ; तथा
viii) ईजीएम से पहले अथवा उसके दौरान किसी संदेह की स्थिति में सदस्य www.evotingindia.com के हेल्प सेक्शन पर उपलब्ध सदस्यों के लिए ई-वोटिंग यूजर मैनुअल तथा बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यू'ज़") का संदर्भ ग्रहण कर सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल लिख सकते हैं अथवा श्री राकेश दाल्वी, सीनि. मैनेजर, (सीडीएसएल) से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर कॉल कर सकते हैं।

इस सूचना में दी गई जानकारी कम्पनी की वेबसाइट (www.deltoncables.com) पर तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (www.bseindia.com) पर भी उपलब्ध होगी।

कृते डेल्टन केबल्स लिमिटेड
हस्ता./-
विकास रावत
कम्पनी सचिव तथा अनुपालनाधिकारी

तिथि : 28 फरवरी, 2023
स्थान : नई दिल्ली


# फाइलों पर प्लास्टिक कवर मिला तो होगी कार्रवाई

- पर्यावरण सुरक्षा को देखते हुए शासन ने दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार ने अब बड़ा फैसला लिया है। यूपी सरकार की ओर से मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से एक आदेश जारी किया गया है जिसमें सभी डीएम और विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि वे पर्यावरण का ध्यान रखें और प्लास्टिक कवर वाली फाइल का प्रयोग न करें।

अपने निर्देश में उन्होंने बताया कि प्राय: देखने में आया है कि काफी ऐसे अधिकारी है जो सिंगल यूज प्लास्टिक के कवर की पत्रावली यूज करते है। इस चलन पर उन्होंने रोक लगाने का आदेश जारी किया है। उनका कहना है कि प्लास्टिक कवर वाली पत्रावली अगर शासन को भेजी जाती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। जब एक बार तय हो चुका है कि प्लास्टिक कवर का यूज नहीं किया जाना है तो बार.बार इस निर्देश का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कागज के दुर्पयोग रोकने के लिए भी निर्देश दिए।

# गंदगी देख भड़की एसीईओ, ठेकेदार ठोंका पर जुर्माना

- अल्फा टू, बीटा टू और गामा टू में सफाई व्यवस्था का लिया जायजा



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी के निर्देश पर एसीईओ मेधा रूपम ने अल्फा टू, बीटा टू और गामा टू में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। सफाई व्यवस्था संतोजनक न मिलने पर कड़ी नाराजगी जताई और ठेकेदार पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। एसीईओ ने सभी ठेकेदारों को साफ-सफाई के कार्य में लापरवाही न करने और तीन बार चेतावनी नोटिस जारी करने के बाद ब्लैक लिस्ट किए जाने की भी चेतावनी दी। सोमवार को बिना बताए ड्यूटी से गायब रहने पर 13 कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने की निर्देश दिए। शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने एसीईओ मेधा रूपम को सेक्टरों का नियमित रूप से निरीक्षण करने को कहा है। एसीईओ मेधा रूपम ने इसकी शुरुआत कर दी है। शनिवार को ग्रेटर नोएडा के प्रमुख मार्केट जगत फार्म का निरीक्षण करने के बाद सोमवार, मंगलवार को एसीईओ ने आवासीय सेक्टर गामा टू, बीटा टू और अल्फा टू का निरीक्षण किया। सेक्टर गामा टू में निरीक्षण के दौरान सफाईकर्मियों की संख्या कम पाई गई। सुबह 10 बजे तक सड़कों के किनारे कूड़ा पाया गया। कूड़ा उठाने वाले वाहन भी नहीं मिले। जितने सफाई कर्मियों की तैनाती हैए उतने नहीं मिले। ठेकेदार का सुपरवाइजर भी अनुपस्थित मिला, जिसके चलते मैसर्स साईंनाथ सेल्स एंड सर्विस प्रा. लि पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# होली को लेकर पुलिस ने की शांति समिति की बैठक

- बैठक में सभी समुदाय के लोग और धर्म गुरू हुए शामिल





पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

आगामी त्योहारों को लेकर ग्रेटर नोएडा में पुलिस अधिकारियों ने सभी धर्मों के लोगों, सामाजिक संगठनों और आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के साथ शांति समिति की बैठक की। इस दौरान सभी लोगों से पुलिस अधिकारियों ने त्योहारों को प्रेम भाव के साथ मनाने और किसी भी तरह का विवाद न करने की अपील की।

होली को लेकर ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मियां खान, एसीपी महेंद्र देव सिंह और थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा मौजूद रहे। इस दौरान आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए लोग और अलग-अलग धर्मों के धर्मगुरु मौजूद रहे। डीसीपी ने सभी लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने पुलिस की गश्त बढ़वाने और सुरक्षा व्यवस्था का मुद्दा उठाया। डीसीपी ने उन्हें पुलिस की गश्त बढ़ाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा अन्य लोगों ने भी अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जिस पर उन्होंने जल्द समस्याओं के समाधान की बात कही। डीसीपी साद मियां खान ने कहा कि होली आने वाली है। यह प्रेमभाव का त्योहार है। ऐसे पर कोई भी विवाद न हो, किसी भी तरह की अराजकता न फैले।

डीसीपी ने कहा कि अगरकोई अफ्वाह या अराजकता फैलाने की कोशिश करता है, तो पुलिस को जानकारी दें। आगामी त्योहारों को सभी लोग भाई..चारे के साथ बनाएं। डीसीपी ग्रेटर नोएडा ने अपने नंबर लोगों से साझा किए। कहा कि अगर आप लोगों को किसी भी तरह की कोई परेशानी होती है, तो आप सीधा मुझे कॉल कर सकते हैं। इस दौरान सभी लोगों ने त्योहारों को भाईचारे के साथ मनाने की बात कही।

# नौकरी दिलाने के नाम पर महिला सिपाही पर रुपये ऐंठने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

महिला सिपाही पर किसी युवक को एक मल्टीनेशनल कंपनी में मैनेजर बनवाने का झांसा देकर उससे पांच लाख की मोटी रकम हड़प लेने का आरोप लगा है।

लगभग एक साल तक न्याय पाने के लिए पीड़ित गौरव त्यागी निवासी गोविंदपुरम थाना-चौकी से लेकर आला अफसरों के कार्यालयों के चक्कर काटता रहा, लेकिन उसकी कहीं पर भी नहीं सुनी गई। उसके बाद गौरव त्यागी ने ठगी करने वाली महिला आरक्षी एवं उसके भाई अंकित पंवार के खिलाफमुकदमा दर्ज करवाने के लिए अदालत की शरण ली है। उसके वकील द्वारा डाली गई 156, 3 के मामले को अदालत ने स्वीकार कर लिया है।

सूत्रों के अनुसार धोखाधड़ी के इस मामले को सुनवाई के लिये अदालत ने 23 मार्च मुकर्रर की है। वहीं, जब इस प्रकरण के संदर्भ में एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव से पूछा गया तो उनका कहना था कि अभी तक ऐसा कोई मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है।

# किसानों ने दुहाई टोल टैक्स कराया फ्री

- इस्टर्न पेरीफेरल पर कई जगह टोल वसूली को बताया अवैध



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

टोल टैक्स के विरोध में भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने दुहाई टोल टैक्स पर प्रदर्शन किया। किसानों ने आरोप लगाया कि कोंडली सहित अन्य टोल टैक्स पर किसानों से अवैध तरीके से टोल वसूला जाता है, जबकि किसानों के लिए टोल फ्री है।

इस मामले में किसान पहले भी आला अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन टोल टैक्सकर्मी यहां से गुजरने वाले किसानों के वाहनों को परेशान करते हैं और बिना टोल लिए उनके वाहनों को नहीं जाने देते। आए दिन इस तरह की समस्या टोल टैक्स पर आती हैं। किसानों ने प्रदर्शन के दौरान आरोप लगाया कि टोल पर उनसे गुंडा एक्ट वसूला जाता है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में राष्ट्रीय सचिव ओमपाल मलिक, एनसीआर प्रभारी सुनील बालियान, जिला प्रभारी प्रवीन चौधरी, जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह, मेरठ मंडल सचिव ललित चौधरी, विनीत त्यागी, बाबा परविन्दर आर्या, सतेन्द्र तेवतिया, जयकुमार मलिक, युवा जिलाध्यक्ष छोटे खान आदि सैंकड़ो किसान शामिल रहे।

## सरस मेले में श्री अन्न महोत्सव आज से

**नोएडा।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा नोएडा हाट में चल रहे सरस आजीविका मेले में 01 मार्च से 05 मार्च तक ईटरनेशनल ईयर ऑफ मिल्टस के अवसर पर श्री अन्न महोत्सव मनाया जाएगा।

मंत्रालय को 2023 के मार्च माह में इस महोत्सव को मानाने का स्लॉट भारत सरकार द्वारा दिया गया है ।

उत्सव का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में मिल्टस मोटा अनाज के प्रोडेक्टस को इस्तेमाल करने की जागरूकता होगा। साथ ही मंत्रालय द्वारा मोटा अनाज के उत्पादों से जुडी महिलाओं को उचित मार्केट उपलब्ध कराना भी अहम उद्देश्य है।




सरस मेले में श्री अन्न महोत्सव की जानकारी देते अवर सचिव विनोद कुमार, एनआईडीपीआर के असिस्टेंट डायरेक्टर चिरंजी लाल कटारिया तथा सुरेश प्रसाद, कुटुंबश्री के श्रेयश कश्यप समेत मंत्रालय के कई अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही मंत्रालय द्वारा मोटा अनाज के उत्पादों से जुडी महिलाओं को उचित मार्केट उपलब्ध कराना भी अहम उद्देश्यों को बताया गया।

# नोएडा मेट्रो कोच रेस्टोरेंट के लिए कंपनी का चयन

- तीन महीने में करना होगा निर्माण, 200 वर्गमीटर में बनेगा



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन एनएमआरसी अपने मुसाफिरों की संख्या बढ़ने के साथ अब उनके खानपान और मनोरंजन का ध्यान भी रखने लगा है। अब प्रदेश में पहला मेट्रो कोच रेस्टोरेंट खोलने जा रही है।

इसके लिए मैसर्स सिटी सुपर मार्ट कंपनी का चयन किया गया है। कंपनी को मेट्रो कोच में रेस्टोरेंट सेटअप करने के लिए तीन महीने का समय दिया है। इसके अलावा करीब 200 वर्गमीटर का एरिया रेस्टोरेंट के बाहर भी दिया गया है। जिसमें वह लैंड स्केप तैयार करे और वहां सिटिंग अरेंजमेंट कर सके।

एग्रीमेंट के तहत नौ साल तक कंपनी रेस्टोरेंट का संचालन करेगी। लेकिन प्रत्येक दो साल बाद उसे लाइसेंस रिन्यू कराना होगा। एनएमआरसी को उसे किराया देना होगा। रेस्टोरेंट के लिए सेक्टर.137 में 300 वर्गमीटर का स्थान रिजर्व है। जिसमें 200 वर्गमीटर में लैंड स्केप और 100 वर्गमीटर में रेस्टोरेंट कोच रखा जाएगा। इसे अंदर से भले ही रेस्टोरेंट का रूप दिया जाए। लेकिन सिटिंग अरेंजमेंट में कोई बदलाव नहीं होगा। मेट्रो की सीट जैसी है वैसी ही रहेगी इंटीरियर में बदलाव नहीं किया जाएगा। बल्कि इसे ही रेस्टोरेंट की शकल दी जाएगी। कोच में एंट्री करने से पहले जैसे स्टेशन पर अनाउंसमैंट होता है ठीक उसी तरह अनाउंसमैंट होगा। इसके अलावा वो सभी इन्तजाम होंगे जिससे लगे कि आप मेट्रो में सफ र करते समय फूड का मजा रहे है।

पार्टियां ऑर्गेनाइज, बिजनेस मीटिंग भी की सकती है। हालांकि यहां लीकर को अलाउ नहीं किया गया है। मेट्रो आने से पहले नोएडा शहर कैसा था, इसके बाद क्या.क्या बदलाव हुए साथ में मेट्रो की इंजन, उसके कोच इन सब की जानकारी म्यूजियम में दी जाएगी।

यह म्यूजियम 200 से 250 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनाया जाएगा। एनएमआरसी ने म्यूजियम का डिजाइन बनाने के लिए जल्द की कंपनी का चयन किया जाएगा। यह म्यूजियम एनएमआरसी का इतिहास तस्वीरों के जरिए दिखाएगा।

# दमकलकर्मियों ने 35 फीट नीचे उतरकर युवक की बचाई जान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में बहुमंजिला बिल्डिंग के ड्रेनेज शॉफ्ट में पहुंचे एक व्यक्ति की फायर फाइटर्स ने जान बचाई।

करीब 35 फ ीट गहराई में उतरकर गए फायर फाइटर्स रस्सी के सहारे इस व्यक्ति को टैरेस तक लेकर आए और अस्पताल में भर्ती कराया। ये पता नहीं चल सका कि वो नीचे कैसे पहुंचा था।

गाजियाबाद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, सोमवार रात करीब 11 बजे साहिबाबाद फ ायर स्टेशन के कंट्रोल रूम पर एक सूचना आई। वो ये थी कि पुलिस चौकी भोपुरा के पास क्स्थ् रेजिडेंसी कॉलोनी में तीन मंजिला बिल्डिंग की ड्रेनेज/वेस्टेज पाइप शॉफ्ट में एक व्यक्ति फंसा हुआ है। इस सूचना पर साहिबाबाद फायर स्टेशन से एक फ ायर टेंडरए मय फ ायर सर्विस यूनिट तत्काल मौके के लिए रवाना हुआ। घटनास्थल पर जाकर फ ायर सर्विस यूनिट के दो फ ायरमैन उक्त बिल्डिंग के टैरेस के रास्ते रस्सी के सहारे उस ड्रेनेज शाफ्ट में नीचे भूतल तक गए।

वहां पर शाफ्ट में फंसे महेन्द्र उर्फ सोनू उम्र लगभग 35 वर्ष नामक व्यक्ति को सकुशल रस्से के सहारे ही ऊपर टैरेस तक लेकर आए। प्रथम दृष्टया वो देखने में मानसिक रूप से मंदबुद्धि प्रतीत हो रहा था। उसके बाद उस व्यक्ति को पुलिस की सहायता से अस्पताल भिजवाया गया।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सरकार पर हमलावर विपक्ष, मांगा सीएम का इस्तीफा

## केंद्र सरकार की साजिशों के कारण जेल में बंद मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने छोड़ा है मंत्री पद : आप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी व अन्य

मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने अपने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दोनों का इस्तीफा भी मंजूर कर लिया है। अब इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी और दिल्ली कांग्रेस ने केजरीवाल पर हमला तेज कर दिया है।

सिसोदिया और जैन के इस्तीफे का श्रेय लेते हुए दोनों पर्टियों ने नैतिकता के आधार पर सीएम केजरीवाल से भी इस्तीफा देने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि भाजपा के दबाव के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचार के आरोपों में लिप्त अपने दो मंत्रियों को हटाना ही पड़ा है। उनके पास अब कोई रास्ता ही नहीं बचा था। सत्येंद्र जैन पिछले नौ महीनों से जेल में बंद थे और उनकी जमानत भी नहीं हो सकी है। इसके बावजूद उन्हें मंत्री बनाए रखा गया था। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ भी भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आ चुके हैं। इन दोनों पर मामला दर्ज होने के बाद ही मंत्रिपद से हटा दिया जाना चाहिए था लेकिन केजरीवाल ने इन्हें तब तक नहीं हटाया जब तक पानी सिर से नहीं गुजर गया। नैतिकता तो यह कहती है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि भ्रष्टाचार के आरोपों की आंच उन तक भी पहुंच चुकी है।

इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस के लगातार दबाव के कारण मुख्यमंत्री ने सिसोदिया और जैन का इस्तीफा स्वीकार किया है। उच्चतम न्यायालय द्वारा मनीष की जमानत की अपील को खारिज करने के बाद केजरीवाल यह समझ चुके है कि अब आम आदमी पार्टी की भ्रष्ट सरकार बचने वाली नही है। उन्होंने कहा कि देर से सही सत्य की जीत हुई और भ्रष्टाचार की हार। शराब घोटाले को सबसे पहले कांग्रेस ने उठाया था, सुप्रीम कोर्ट का निर्णय कांग्रेस की जीत है, जिसके बाद मनीष सिसोदिया का जेल में रहना तय है। उन्होंने कहा कि पूरी केबिनेट सहित केजरीवाल खुद भ्रष्टाचार में लिप्त है। दो मंत्रियों के बाद केजरीवाल तुरंत इस्तीफा दें।

### काम करने वाले मंत्रियों पर फर्जी मुकदमेः आप



*आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। भारद्वाज ने कहा कि केंद्र सरकार की साजिशों के कारण जेल में बंद मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है ताकि दिल्ली वालों का काम प्रभावित नहीं हो। दोनों पूर्व मंत्री पूरी ईमानदारी से अपना पूरा जीवन देश व समाज के लिए समर्पित कर रहे हैं। दोनों अपने काम के लिए देश दुनिया में जाने जाते हैं। केंद्र सरकार ने जैन और सिसोदिया के पीछे पड़कर इन्हें झूठे और फर्जी मुकदमों में फंसाया है। यह संदेश पूरी दुनिया में जा रहा है कि सबसे ज्यादा काम करने वाले मंत्रियों के पीछे देश की केंद्र सरकार पड़ी हुई है। यह कोई अच्छे संकेत नहीं है। यह केस झूठे और फर्जी हैं। उन्होंने कहा कि इनकी जगह दो नए मंत्री जल्द बनाए जाएंगे।*

# मेरे खिलाफ रची गई साजिश जड़े झूठे आरोप : सिसोदिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- आप नेता ने त्यागपत्र में दावा किया, एक दिन सच सामने आएगा

आप नेता मनीष सिसोदिया ने दिल्ली मंत्रिमंडल से दिए गए अपने इस्तीफे में आरोप लगाया कि झूठे और निराधार आरोपों पर उनके खिलाफ साजिश रची गई है तथा सच सामने आएगा। तीन पन्नों के बिना तारीख वाले पत्र पर उपमुख्यमंत्री के कार्यालय की मुहर लगी है।

सिसोदिया ने पत्र में कहा कि उन्होंने पूरी ईमानदारी के साथ दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों के लिए काम किया और उन्हें लाखों बच्चों का आशीर्वाद एवं उनके माता-पिता का प्यार प्राप्त है। उन्होंने लिखा कि सबसे बड़ी बात यह है कि दिल्ली में शिक्षा क्रांति की शुरुआत करने वाले हजारों शिक्षकों का मुझे आशीर्वाद प्राप्त है। मुझ पर लगाए गए आरोपों की सच्चाई सामने आएगी और यह साबित होगा कि ये झूठे हैं। पत्र में कहा गया कि अब जबकि उन्होंने झूठे और निराधार आरोपों के आधार पर साजिश रची है और सारी हदें पार कर मुझे जेल में डाल दिया है, इसलिए मैं मंत्री के रूप में नहीं बना रहना चाहता। दिल्ली सरकार के प्रशासनिक चेहरे रहे सिसोदिया के पास 33 में से 18 विभाग थे।उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और भविष्य में भी उनके खिलाफ कई मामले दर्ज किए जाएंगे। उन्हें धमकाया गया और लालच दिया गया। उन्होंने कहा कि वह उनके सामने नहीं झुके और इसलिए उन्हें सलाखों के पीछे डाल दिया गया।

# कई मुख्य सड़कों पर जाम, लोगों ने लगाई गुहार

## जी-20 की विदेश मंत्रियों की बैठक आज और कल, मध्य दिल्ली में यातायात पर रहेगा दबाव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कई हिस्सों में मंगलवार को यात्रियों को यातायात जाम से जूझना पड़ा। दिल्ली यातायात पुलिस ने कहा कि उसे मंगलवार को अब तक शहर के विभिन्न इलाकों से यातायात दिक्कतों संबंधी 12 कॉल प्राप्त हुई, जिनमें झंडेवालान, एसपी मार्ग, छतरपुर, दुर्गापुरी, रोहिणी सेक्टर-24, करोल बाग, महावीर एन्क्लेव, कड़कड़ी मोड़ और वसुंधरा एन्क्लेव शामिल हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, जी-20 बैठक में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में राजनयिकों और विदेश मंत्रियों के आने से मध्य दिल्ली में यातायात प्रभावित रह सकता है। जी 20 विदेश मंत्रियों की बैठक एक और दो मार्च को शहर में होनी है।


सम्मेलन में जापान के हयाशी योशिमासा, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और कनाडा की मेलानी जोली सहित लगभग सभी जी20 देशों के विदेश मंत्री बैठक में भाग लेने वाले हैं।

वहीं पेशे से वकील रोहित तोमर ने कहा कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर गाजीपुर के पास से अक्षरधाम तक सुबह के समय काफी यातायात था। उन्होंने कहा कि दोपहर बाद लाजपत नगर के पास बारापुला फ्लाईओवर तक वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। प्रभावित यात्रियों ने यातायात के बारे में शिकायत करने के लिए ट्विटर का भी सहारा लिया और दिल्ली पुलिस से इस दिक्कत को दूर करने का अनुरोध किया। लोगों ने मोदी मिल फ्लाईओवर, धौला कुआं से गुरुग्राम, राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर निजामुद्दीन लाल बत्ती के पास यातायात के बारे में शिकायत की। उनमें से एक ने कहा कि बुराड़ी प्राधिकरण से रिंग रोड तक भारी यातायात है। एक अन्य यात्री ने कहा कि सरदार पटेल मार्ग पर यातायात धीमा था। यह अंडरपास में जसोला से ओखला की ओर धीमा है। उत्तरी दिल्ली का चंदगी राम अखाड़ा इलाका पूरी तरह से जाम है। पीरागढ़ी के पास बेहरा एन्क्लेव में एक यात्री ने यातायात जाम की सूचना दी।

रेडिसन ब्लू होटल के सामने इंडिया गेट और पश्चिम विहार में अंडरपास पर भी यातायात जाम देखा गया। यात्रियों ने कहा कि डीडीयू रोड, पश्चिम विहार (मैकडॉनल्ड से नियो कॉन्वेंट स्कूल तक) पर रोजाना दोपहर और देर शाम एक से दो घंटे के लिए यातायात जाम रहता है। समयपुर बादली मेट्रो स्टेशन के पास रिंग रोड पर भी भारी यातायात है। जीटीबी अस्पताल के गेट नंबर 7 के सामने भी यातायात जाम की सूचना मिली।

एक यात्री ने ट्वीट किया कि पंजाबी बाग रिंग रोड पर भारी यातायात जाम है। उसने कहा कि पंजाबी बाग को पार करने में कम से कम एक से दो घंटे लगते हैं।

## पुस्तक मेले में युवाओं की बढ़ी दिलचस्पी


फोटो: रंजन डिमरी

# सड़क हादसे कम करने के लिए हरकत में केजरीवाल सरकार



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में सड़क हादसे कम करने लिए दिल्ली सरकार हरकत आ गई है। सरकार सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन कराने, बस-लेन प्रवर्तन, फरिश्ते योजना के प्रभाव का विश्लेषण, 100 स्कूलों पर सेफ्टी जोन का विकास और लेन नियमों का कड़ाई से पालन कराने का निर्णय लिया गया। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को विभिन्न पहलों को लेकर संबंधित विभागों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। सीएम ने वाहनों की गति सीमा को लेकर विस्तार से चर्चा की, ताकि शहर की सड़कों पर कोई दुर्घटना न हो और लोग सुरक्षित रहें। उन्होंने अधिकारियों से बस लेन पहल को जारी रखने और उसका सख्ती से पालन कराने को कहा है। साथ ही, यातायात नियमों का उल्लंघन पर कंपाउंडिंग फीस का 50 फीसद सड़क सुरक्षा कोष में लगाने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री अब सड़क सुरक्षा को लेकर चल रहे विभिन्न परियोजनाओं पर नजर रखने के लिए नियमित रूप से समीक्षा बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सड़क सुरक्षा को लेकर हुई उच्च स्तरीय बैठक की जानकारी ट्वीट कर साझा किया और कहा इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक समीक्षा बैठक की।

# महापौर ने विभागों से मांगी परियोजनाओं की जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- सीएम केजरीवाल की 10 गारंटी पर काम करने की तैयारी



दिल्ली की महापौर शैली ओबेरॉय ने सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण प्रबंधन सहित दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के विभिन्न विभागों की चल रही और आगामी परियोजनाओं का विवरण मांगा है।

यह जानकारी सूत्रों ने मंगलवार को दी। ओबेरॉय गत 22 फरवरी को शहर की महापौर चुनी गई थीं और उन्होंने उसी दिन कार्यभार संभाल लिया था। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि महापौर ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर एमसीडी के विभिन्न विभागों से चल रहे कार्यों और परियोजनाओं और नियोजित परियोजनाओं की स्थिति के बारे में सभी विवरण मांगे हैं।

महापौर चुने जाने के कुछ ही समय बाद ओबेरॉय ने कहा था कि आम आदमी पार्टी की अगुवाई वाला नगर निगम अगले तीन दिनों में लैंडफिल साइट का निरीक्षण करेगा और 4 दिसंबर के एमसीडी चुनाव से पहले पार्टी की 10 गारंटी को पूरा करने के लिए काम करेगा। महापौर ने जन स्वास्थ्य, बागवानी, इंजीनियरिंग, स्वच्छता और पर्यावरण प्रबंधन सेवाओं और शिक्षा सहित अन्य विभागों से जानकारी मांगी है। सूत्रों ने कहा कि विभागों द्वारा आने वाले कुछ दिनों में जानकारी देने की उम्मीद है। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब एमसीडी के निर्णय लेने वाले सर्वोच्च निकाय स्थाई समिति के छह सदस्यों के चुनाव को लेकर अनिश्चितता की स्थिति है। अब महापौर निर्वाचित होने के साथ ही एमसीडी बजट 2023-24 के शेष हिस्से को नगर निगम सदन द्वारा पारित किए जाने की उम्मीद है।

# गर्मियों में नहीं होगी पानी की किल्लत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गर्मियों से पहले जल आपूर्ति में सुधार को लेकर दिल्ली जल बोर्ड ने कई कदम उठा रहा है। गर्मियों के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड समर एक्शन प्लान तैयार कर रहा है।

इसी कड़ी में मंगलवार को डीजेबी के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने विधायकों से समर एक्शन प्लान चर्चा की।

इस बैठक में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों की पानी से जुड़ी समस्याओं और समाधान को लेकर बातचीत की गई। भारद्वाज ने अधिकारियों को गर्मियों से पहले जल आपूर्ति में सुधार करने के लिए हरसंभव कदम उठाने के निर्देश दिए।

## फरवरी औसत तापमान 63 वर्षों में तीसरी बार सबसे अधिक

**नई दिल्ली।** इस साल फरवरी में दिल्ली में औसत अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और पिछले 63 वर्षों में तीसरी बार इस महीने सर्वाधिक तापमान रहा।

राष्ट्रीय राजधानी के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला में मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, 1960 में शहर की सफदरजंग वेधशाला में फरवरी का औसत अधिकतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

# अमन विहार में महिला से पांच लाख व जेवरात लूटे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अमन विहार में अज्ञात लोगों ने 45 वर्षीय एक महिला से करीब पांच लाख रुपए और कुछ आभूषण लूट लिए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

शिकायतकर्ता गजाला शाहीन ने दावा किया कि सोमवार की शाम को उसके घर पर बिजली का काम चल रहा था तभी कुछ लोग खुद को मैकेनिक बताते हुए वहां आए। उन्होंने बताया कि दो आरोपियों ने उससे पानी मांगा और फिर घर के अंदर घुस कर लूटपाट करने लगे। पुलिस के मुताबिक, आरोपी करीब पांच लाख रुपए और चार अंगूठियां लेकर फरार हो गए। फिलहाल, पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 392 (लूटपाट के लिए सजा), धारा 397 (लूटपाट, या डकैती, मार डालने या गंभीर चोट पहुंचाने का प्रयास) और धारा 34 (साझा मंशा) के तहत मामला दर्ज किया है।

# बर्खास्त बीएसएफ कर्मी ने सहयोगियों के खातों से निकाले 70 लाख रुपये

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सीमा सुरक्षा बल के एनपीएस यूनिट के कर्मचारियों के परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नंबर से 70 लाख रुपये निकालने वाले वाले बीएसएफ के पूर्व सिपाही घनश्याम यादव को दिल्ली पुलिस की साइबर सेल ने गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को वर्ष 2019 में बीएसएफ से निकाल दिया गया था।

पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल के एनपीएस यूनिट ने दिल्ली पुलिस में शिकायत दी थी कि कोरोना काल में करीब 89 ट्रांजेक्शन के जरिए 70 लाख रुपये परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नंबर से निकाल लिए गए हैं। यह पैसे करीब 65 कर्मचारियों के खातों से निकाले गए थे। इस फंड में कर्मचारी 25 फीसदी खुद भुगतान करता है, जबकि शेष भुगतान सरकार द्वारा किया जाता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर सेल ने ईंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशन यूनिट (आईएफएसओ) रिटायरमेंट फंड से रुपए निकालकर ठगी के मामले का भंडाफोड़ किया और आरोपी कॉन्स्टेबल घनश्याम यादव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पहले भी धोखाधड़ी के मामले में वांछित था।

उसने भारतीय सीमा सुरक्षा बल में भर्ती होने वाले दो नए जवान को फर्जी अप्वाइंटमेंट लेटर भी दिया था। आरोपी को बीएसएफ ने वर्ष 2019 में बिना कारण बताए अनुपस्थित रहने और अपनी महिला मित्र की दस्तावेजों की मदद से फर्जी आईडी कार्ड बनाने के मामले में निष्कासित कर दिया था।

## संक्षिप्त समाचार


बाबा का दरबार बहुत ही भव्य तरीके से फूलों व फलों से सजाया गया

### श्याम मस्ती में झूमे भक्त

**नई दिल्ली।** श्री श्याम सहारा मंडल द्वारा 21 वां वार्षिक श्री श्याम महोत्सव इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक तिलक राज जुनेजा व संयोजक अनिल पोद्दार एवं मनु गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत रविवार सुबह 11 बजे श्री श्याम प्रभु की ज्योत प्रज्लन से की गई। मंडल की संकीर्तन समिति व चलायमान छवि समिति द्वारा बाबा का दरबार बहुत ही भव्य तरीके से फूलों व फलों से सजाया गया था। इस मौके पर तरुण गुप्ता व एन के सोमानी, वरिष्ठ प्रधान विरेंद्र गुप्ता व उप पधान अनिल गुप्ता मौजूद रहे। पूर्व प्रधान कृष्णा गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के मध्य में मंडल के महिलाओं व पुरुषों द्वारा एक ही प्रकार का परिधान पहनकर शोभा यात्रा निकाली गई। जिसकी छटा देखते ही बनती है। उत्सव के दौरान कई गणमान्य अतिथियों ने मौजूद रहकर उत्सव की शोभा बढ़ाई। मंच संचालन का कार्यभार हरिकिशन जालान एवं प्रतिभा पोद्दार ने संभाला। महिला प्रमुख सुनीता गुप्ता (पूजा) ने बताया कि उत्सव के दौरान मंडल की महिलाओं ने नृत्य प्रस्तुत किया।

### तमिल-तेलुगु भाषा लेने वाले छात्रों के सामने संकट

**नई दिल्ली ।** डीयू के कई छात्र जिन्होंने पिछले साल बीए प्रोग्राम के पाठ्यक्रम में कम महत्वपूर्ण विषयों के रूप में तमिल और तेलुगु को चुना था, वे भाषाएं सीखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और उनका दावा है कि उन्हें अब भी संबंधित भाषा से जुड़ीं मूल बातें नहीं सिखाई गई हैं। वेंकटेश्वर कॉलेज और मिरांडा हाउस के प्रथम वर्ष के कुछ छात्र जिन्होंने साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से विश्वविद्यालय में दाखिला लिया था उनका कहना है कि उन्होंने यह सोचकर पाठ्यक्रम चुना था कि उन्हें भाषाएं प्राथमिक स्तर से सिखाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि हालांकि पाठ्यक्रम काफी उच्च स्तर का (एडवांस) है और अब उन्हें डर लग रहा है कि वे आगामी परीक्षाओं में उत्तीर्ण नहीं हो पाएंगे और वे साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-यूजी फिर से देने पर विचार कर रहे हैं। श्री वेंकटेश्वर कॉलेज में बीए प्रोग्राम (राजनीति विज्ञानूतमिल) तथा (राजनीति विज्ञानूतेलुगु) लेने वाले छात्रों ने कॉलेज और विश्वविद्यालय से कई बार उन्हें इनकी बजाय हिंदी या संस्कृत भाषा देने की गुहार लगाई।

# पारदर्शिता: राजधानी में कारोबार से जुड़े लाइसेंस लेना होगा आसान

## उपराज्यापाल विनय कुमार सक्सेना ने जारी किया संशोधित एकीकृत पोर्टल, व्यापार में आएगी तेजी

- पुलिस, एमसीडी, एनडीएमसी सहित 5 एजेंसियों से लाइसेंस लेने या नवीनीकरण में नहीं आएगी समस्या

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



उद्यमियों, व्यवसायियों और स्टार्ट-अप शुरू करने के लिए लाइसेंस हासिल करना आसान हो गया है। रेस्तरां मालिकों और होटल व्यावसायियों समेत अन्य लोगों को दिल्ली पुलिस, एमसीडी, एनडीएमसी, दिल्ली अग्नि शमन सेवा और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी से एक साथ 49 दिनों की निश्चित समय सीमा के भीतर लाइसेंस मिल जाएगा। इस पहल से कोई भी प्रतिष्ठान अब राष्ट्रीय राजधानी में बहुत सरल, न्यूनतम और सक्षम लाइसेंस व्यवस्था के तहत काम कर सकेंगे।

इससे उनके कारोबार में तेजी आएगी। साथ ही रात में होने वाली आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को संशोधित एकीकृत पोर्टल शुरू किया। उपराज्यपाल ने कहा कि संशोधित एकीकृत पोर्टल से लेनदेन में सुधार किया गया है जो वर्ष 1980 से मौजूद था और आतिथ्य (हॉस्पिटेलिटी) क्षेत्र में उद्यमियों के लिए बहुत ही उबाऊ और परेशान करने वाला बन गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के सिद्धांत पर प्रशासन को इन व्यवसाय को सहूलियत देकर आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए ना कि उसे बाधित करना।

### प्रक्रिया फेसलेस होगी

संशोधित पोर्टल के साथ, लाइसेंस देने और नवीनीकरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और फेसलेस बना दिया गया है। आतिथ्य क्षेत्र में प्रतिष्ठान अब पोर्टल पर बहुत छोटा, सरल और उपयोगकर्ता के अनुकूल सामान्य आवेदन पत्र जमा करके अपने लाइसेंस प्राप्त करने या उनका नवीनीकरण करने में सक्षम होंगे। यह सीएएफ सभी 5 लाइसेंसिंग एजेंसियों के लिए लागू होगा। जिसमें दिल्ली पुलिस, एमसीडी, एनडीएमसी, डीपीसीसी और दिल्ली फायर सर्विस शामिल हैं। नए सीएएफ में, 140 फील्ड हटा दिए गए हैं और 28 दस्तावेजों को अपलोड करने से हटा दिया गया है। पहले जमा किए जाने वाले 5 हलफनामे के बजाय अब आवेदकों को सभी 5 एजेंसियों के लिए एक कॉमन अंडरटेकिंग जमा करनी होगी। लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए दस्तावेजों की आवश्यकता को कम कर दिया गया है और जिनकी वैधता समाप्त हो गई है। आवेदकों को सिर्फ एक कॉमन अंडरटेकिंग जमा करना होगा।

### नाइट लाइफ इकॉनमी की दिशा में बड़ा कदम

रेस्तरां मालिकों, होटल व्यवसायियों और अन्य लोगों से उन्होंने कहा कि इन सरल लाइसेंसिंग मानदंडों के साथ आतिथ्य क्षेत्र को सक्षम करना, दिल्ली में एक मजबूत नाइट टाइम इकॉनमी की दिशा में पहला कदम साबित होगा। चूंकि शहर में मौजूदा लाइसेंस व्यवस्था को उद्यमियों और लोगों की आवश्यकताओं के संदर्भ में प्रतिबंधात्मक पाया गया था। ऐसे में प्रधान सचिव के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय समिति, जिसमें सभी विभागों के शीर्ष अधिकारी शामिल थे। शहर में होटल और रेस्तरां और डीडीए द्वारा संचालित क्लबों द्वारा संचालन के समय को बढ़ाने जैसे प्रयोग उत्साहजनक रहे हैं।

# डेरा सच्चा सौदा में हर्षोल्लास से मनाया एमएसजी महा रहमोकरम दिवस

## मानवता भलाई कार्यों का कारवां 156 पर पहुंचा

## भंडारे में जरूरतमंद परिवारों को मिले आशियाने

## संत धर्मों की शिक्षा पर अमल करना सिखाते हैं: संत गुरमीत

**प्रवीन शर्मा। सरसा**



डेरा सच्चा सौदा में महारहमोकरम दिवस पर झूमती साध-संगत।

**परम** पिता शाह सतनाम जी महाराज के पावन महारहमोकरम (गुरुगद्दीनशीनी) दिवस का एमएसजी महारहमोकरम दिवस भंडारा डेरा सच्चा सौदा की करोड़ों साध-संगत ने मंगलवार को देश और दुनिया में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर शाह सतनामजी धाम, सरसा में भारी तादाद में साध-संगत उमड़ी। साध-संगत के भारी उत्साह के समक्ष प्रबंधन द्वारा किए गए सभी इंतजामात छोटे पड़ गए। शाह सतनामजी धाम के मुख्य पंडाल सहित 87 एकड़ में बनाए गए अलग-अलग पंडालों में पैर रखने तक की जगह नहीं थी। चहुंओर नाचते-गाते, खुशी में झूमते श्रद्धालु ही नजर आ रहे थे। इस अवसर पर संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां ने ऑनलाइन गुरुकुल के माध्यम से विशाल रूहानी सत्संग फरमाया, जिसे साध-संगत ने बड़ी-बड़ी स्क्रीनों के माध्यम से एकाग्रचित होकर श्रवण किया। गुरु जी ने इन्सानियत मुहिम के तहत सड़कों पर बदहाल घूमते मंदबुद्धियों की सार-संभाल व उनका उपचार करवाकर उन्हें उनके घर पहुंचाने में टॉप रहने वाले राजस्थान के ब्लॉक केसरी सिंहपुर के शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेल्फेयर फोर्स विंग के सेवादार राजेन्द्र पाल इन्सां को ट्राफी और प्रेम निशानी देकर सम्मानित किया। इस सेवादार ने 125 मंदबुद्धियों का इलाज करवाकर उन्हें सही सलामत उनके घर पहुंचाया। राजेन्द्र पाल इन्सां ने अपनी जान की परवाह न करते हुए ट्रेन के आगे आ रही एक महिला को भी मौत के मुंह से बचाया।

साथ ही मानवता भलाई के 155वें कार्य पेड कैम्पेन व 156वें कार्य फास्टर कैम्पेन का आगाज किया। पेड कैम्पेन के तहत साध-संगत अपनी एक दिन की सेलरी (वेतन) जरूरतमंदों की मदद करने में खर्च करेगी। वहीं फास्टर कैम्पेन के तहत अपने वाहनों में फर्स्ट एड किट रखेगी, ताकि रास्ते में किसी दुर्घटनाग्रस्त मिले व्यक्ति की जान बचाई जा सके। एक जरूरतमंद परिवार को जिला सरसा के ब्लॉक रामपुरथेड़ी चक्कां की साध-संगत द्वारा बनाकर दिए गए मकान की चाबी भी सौंपी गई। पावन भंडारे के अवसर पर नई किरण मुहिम के तहत एक परिवार ने अपनी विधवा बहू को बेटी बनाकर उसकी शादी की। साथ ही नई सुबह मुहिम के तहत तलाकशुदा महिला और जीवन आशा मुहिम के तहत विधवा की भक्त योद्धाओं के साथ शादियां हुईं।

गुरुजी ने रूहानी सत्संग में फरमाया कि परम पिता शाह सतनाम जी दाता, रहबर ने हम पर महान परोपकार किए। हम थे, हम हैं और हम ही रहेंगे, ये अपने मुरीदों के लिए, अपने शिष्यों के लिए बात कही। आज सच्चे सौदे के साढ़े छह करोड़ लोग राम-नाम से जुड़े हैं, जो नशे छोड़ चुके हैं, बुराइयां छोड़ चुके हैं, भक्ति से जुड़ गए हैं। गुरुजी की प्रेरणा से नशा छोड़ने वाले युवाओं को सेफ कैम्पेन के तहत गुरुजी की ओर से 25 युवाओं को हेल्दी डाइट किटें दी गईं। इस किट में वेव प्रोटीन एक किलो, मल्टी विटामिन, बादाम एक किलो, पिस्ता 250 ग्राम, 250 ग्राम किशमिश, 250 काजू, छोटी इलायची एक पैकेट, काले चने, इसबघोल और ओआरएस आदि शामिल है।

# गुरुग्राम को भविष्य के शहर के रूप में विकसित करना चाहते हैं सीएम : यशपाल बतरा



गुरुग्राम के गांव दरबारीपुर में जनसंपर्क अभियान के दौरान बोलते यशपाल बतरा।

**गुरुग्राम।** नगर निगम चुनाव को देखते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल बतरा ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। अभियान की अगली कड़ी में यशपाल बतरा गांव दरबारीपुर पहुंचे लोगों के बीच कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुरुग्राम को भविष्य के शहर के रूप में विकसित करना चाहते हैं।

गांव दरबारीपुर पहुंचने पर सरपंच अशोक, मनोज, बोकन, अमित, बबलू, बहादुर सरपंच, कवित, लखन, लीलू, मनता, बलराम, पम्मी, राजबीर सिंह, राम, रोहित, सुंदर, विकास बोकन आदि ने यशपाल बतरा का स्वागत किया और नगर निगम चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत से जीत दिलाने का विश्वास दिलाया। नगर निगम के पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर यशपाल बतरा ने बताया कि भाजपा के शासनकाल में आठ सालों में गुरुग्राम का बहुत तेजी से विकास हुआ है। आईकॉनिक सिटी होने के नाते गुरुग्राम की पहचान आज प्रदेश व देश में ही नहीं बल्कि दुनिया में बनी है। गुरुग्राम हरियाणा की आर्थिक राजधानी होने के नाते मुख्यमंत्री मनोहर लाल का मुख्य फोकस यहीं पर है। इतने वर्षों में गुरुग्राम का जो विकास हुआ है उससे आज गुरुग्राम सपनों का शहर बन गया है। यशपाल बतरा ने बताया कि प्रचंड गर्मी के समय में पहले लोग पेयजल के लिए टैंकरों पर निर्भर रहते थे, लेकिन अब हर घर नल से जल पहुंच रहा है। 24 घंटे निर्बाध रूप से बिजली की सप्लाई जारी है।

नए गुरुग्राम में हर चौक चौराहों पर अंडरपास, फ्लाईओवर बनाए गए हैं। बजट 2023-24 में मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में नई मेट्रो लाइन दी है, जिससे हजारों यात्रियों को फायदा मिलेगा। नया बस अड्डा और 700 बेड का अस्पताल बनाने के लिए बजट में घोषणा करके मुख्यमंत्री ने जता दिया है कि उनके लिए गुरुग्राम कितना महत्वपूर्ण शहर है।

# संक्षिप्त समाचार

## गुरुग्राम विवि में हुई पोस्टर मेकिंग एवं विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**गुरुग्राम।** मंगलवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जीयू के केमिस्ट्री विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग एवं विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस अवसर पर गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मुख्य अतिथि, प्रो. चंद्र मोहन पूर्व वैज्ञानिकजी निदेशक ने विषय विशेषज्ञ के रूप में रूप में शिरकत कर सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर सभी विद्यार्थियों में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को लेकर खासा उत्साह देखा गया। प्रतियोगिता का थीम वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान रखा गया। पोस्टर मेकिग में पूजा प्रथम, तनीषा द्वितीय तथा अभिलाषा और रवीना तृतीय स्थान पर रही। विज्ञान प्रश्नोत्तरी में गणित विभाग की टीम (श्रुति, प्रीती, मुकुल) ने प्रथम, डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री की टीम (सुशील, आकांशा, पूजा) ने द्वितीय तथा डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री क्व की टीम (सरिता, तन्नू, कोमल) की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ प्रो. चंद्र मोहन ने विज्ञान को लोगों तक पहुंचाने पर और समाज में विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। गुरुग्राम विवि. के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सभी विजेता छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना तथा जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है, विज्ञान के बिना विकास की राह में आगे नहीं बढ़ा जा सकता है।

## जोश व जुनून के साथ 38वीं श्रीखाटू श्याम पद यात्रा संपन्न

**गुरुग्राम।** श्रीखाटू श्याम पदयात्रा सेवा समिति गुरुग्राम की ओर से 38वीं पद यात्रा खाटू श्यामजी के दर्शन करने के साथ संपन्न हुई। इस पद यात्रा में 60 श्रद्धालु निशान लेकर शामिल हुए। रास्ते भर श्याम बाबा के भजनों पर कदमताल करते हुए भक्त श्याम जी की नगरी खाटू धाम पहुंचे। कुछ श्रद्धालु नंगे पांव भी यात्रा में शामिल हुए। 22 फरवरी से 27 फरवरी के बीच आयोजित की गई इस यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव के साथ यात्रा को पूर्ण किया। पद यात्रा समिति के संरक्षक विजेंद्र शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य अमित गोयल, अंकुर गोयल, शेर ड्क्षसह, अतिन शर्मा, रणबीर भारद्वाज, गगन शर्मा, अनिल शर्मा, नवीन जैन (मोना) शेर सिंह, प्रदीप (टीटू) विपिन मित्तल (टीनू) सुकंतपाल नागर, विकी सिंगला, प्रदीप, मंजू, राहुल, गोलू, मोहित शर्मा, गोविंद बागोरिया, सुनील सिंगला, मयंक अग्रवाल, रणबीर भारद्वाज, मोहित शर्मा, बिजेंद्र यादव, शमशेर, सुरेश शर्मा, विकास शर्मा समेत अनेक लोगों ने इस यात्रा में शिरकत की। मुख्य रूप से खाटू श्याम प्रचार मंडल से विधायक सुधीर सिंगला के भाई सुनील सिंगला भी यात्रा में शामिल रहे। श्रीखाटू श्याम पद यात्रा सेवा समिति कार्यकारिणी सदस्य अमित गोयल ने बताया कि यात्रा की शुरुआत से पूर्व समिति की बैठक करके यात्रा के इच्छुक भक्तों को पंजीकरण कराने के लिए आमंत्रित किया गया था। इसके बाद ही सारी तैयारियां की गई। 22 फरवरी को श्याम बाबा जी का पूजन करने के साथ यात्रा की शुरुआत की गई। यात्रा में शामिल रहे सभी श्रद्धालुओं ने जोश और जुनून से यात्रा को पूर्ण किया। उन्होंने बताया कि यह यात्रा तो 38वीं थी, लेकिन कुछ लोगों की यह यात्रा 10वीं, 15वीं, 17वीं, 18वीं और 20वीं थी। हर बार कुछ नए लोग जुड़ते हैं और कुछ पुराने लोग यात्रा में रहते हैं। अमित गोयल ने कहा कि इस बार उनकी भी लगातार 6वीं यात्रा थी, जो बाबा श्याम जी के आशीर्वाद से सम्पन हुई।

## शिक्षकों को दो माह से वेतन नहीं, विरोध में किया प्रदर्शन

**गुरुग्राम।** पिछले दो महीने से प्राथमिक शिक्षकों की रुकी हुई सेलरी को निकलवाने के लिए राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा 421 जिला गुरुग्राम के बैनर तले अध्यापकों ने डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। संघ के जिला महासचिव अशोक प्रजापति ने बताया कि एचआरएमएस पर ई-पोस्टिंग का कार्य पूर्ण होने पर प्राथमिक शिक्षकों की पिछले दो महीने जनवरी और फरवरी का वेतन का कर्मचारियों को अभी तक भुगतान नहीं किया गया, जो एक गंभीर विषय है। संघ के जिला प्रधान दुष्यंत ठाकरान ने बताया कि यह कार्य डीडीओ और उच्च अधिकारियों को करना होता है, जो ऑनलाइन अपलोड किया जाता है। उनके द्वारा इस पर अपलोड ना करने का भुगतान प्राथमिक शिक्षकों को करना पड़ रहा है, उनके वेतन बिल पास नहीं हो रहे हैं।

# विश्व में गूंजेगा देसा मै देस हरियाणा, जित दूध दही का खाणा



गुरुग्राम में जी-20 की बैठक को लेकर पत्रकार वार्ता में जानकारी देते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

**गुरुग्राम।** यहां बुधवार से शुरू होने वाली जी-20 देशों के एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी बैठक को लेकर सोमवार को पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि विदेशी मेहमानों का हरियाणवीं संस्कार और संस्कृति से ऐसा स्वागत होगा कि वे हरियाणा की माटी की सौंधी खुशबू और खाने का स्वाद लेकर जब अपने देश लौटेंगे तो विश्व में देसा मै देस हरियाणा, जित दूध दही का खाणा नारा गूंजेगा।

ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि अन्य देशों के लिए भले ही विश्व एक बाजार हो, लेकिन भारत के लिए विश्व एक परिवार है। इसी भावना से भारत जी-20 की बैठकों में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि 4 मार्च को विदेशी मेहमान हरियाणा के कुछ स्थानों पर भ्रमण के लिए निकलेंगे, इसलिए उनकी भाषा में ही जगह-जगह स्वागत बोर्ड लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में समाज के लोगों और पार्टी के कार्यकर्ताओं में इन बैठकों में शामिल होने आ रहे मेहमानों को लेकर काफी उत्साह है और वे उनका स्वागत हरियाणवीं संस्कृति और संस्कारों से करने के लिए तैयार हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जी-20 की बैठकें 56 देशों में होने वाली हैं। हम इसे सौभाग्य मानते हैं कि ये बैठकें भारत में भी हो रही हैं। हरियाणा को भी जी-20 समूह की बैठक का आतिथ्य करने का अवसर पर मिला है, इस नाते से भारत सरकार और राज्य सरकार पूरे जोश के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने और मेहमानों के आतिथ्य में लगी है। धनखड़ ने कहा कि वैसे तो बैठक में प्रमुख रूप से 20 देश शामिल होने हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश, मॉरिसस, सिंगापुर, ओमान यूएई, नाइजीरिया, अफ्रीका, स्पेन व नीदरलैंड समेत 9 देशों को भी शामिल किया है। ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि हमारे लिए यह अच्छी बात है कि जी-20 की बैठक के लिए हरियाणा को चुना। दुनिया के मुल्कों ने भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए काफी काम किया है। सभी देशों में भ्रष्टाचार खत्म होना चाहिए।

**पॉलिटिकल बयान से कुछ हासिल नहीं होगा :** दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी जांच एजेंसियों द्वारा पूरी जांच के बाद की गई है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को समझना चाहिए कि जांच एजेंसियों के पास जो डिटेल्स हैं।

# जी-20 के लिए सजावट से 40 लाख की गाड़ी में आकर उठा ले गए गमले

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम-दिल्ली सरहौल बॉर्डर पर जी-20 की बैठक में आने वाले विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए लगाया गया जी-20 की प्रतीक चिन्ह और उसके आसपास फूलों से सजे गमलों की दो लोगों ने दिन-दहाड़े चोरी ही कर ली। वे एक महंगी गाड़ी में आए और गाड़ी में काफी गमलों को उठाकर ले गए। किसी ने उनकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पुलिस ने इस मामले में शिकायत मिलने पर केस दर्ज किया है।

बता दें कि जी-20 की गुरुग्राम में होने वाली बैठक को लेकर गुरुग्राम को विशेष तौर पर सजाया गया है। कहीं पर पेंटिंग से तो कहीं रंग-बिरंगे फूलों से सजावट करके विदेशियों को यहां गुड फील कराने की भरपूर तैयारियां हैं। इन सब तैयारियों के बीच दो लोगों की हरकत ने गुरुग्राम की सिर शर्म से झुका दिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल



हुआ, जिसमें दो लोग सरहौल बॉर्डर पर की गई सजावट से गमलों को उठाकर अपनी गाड़ी में रख रहे हैं। करीब 40 लाख रुपये की गाड़ी में कुछ हजार के गमलों की उन्होंने चोरी करके ना केवल अपनी संकीर्ण मानसिकता का परिचय दिया, बल्कि उनके बारे में सोशल मीडिया पर लोग खुलकर भड़ास निकाल रहे हैं। विदेशियों की नजर में अच्छा नजर आने के लिए सरकार, प्रशासन कई दिनों से अलग-अलग तरह से तैयारियों में जुटे हैं।

# समाजसेवा के लिए लोकेश भारद्वाज को किया सम्मानित

**गुरुग्राम।** समाजसेवा विशेषकर धार्मिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहने वाले समाजसेवी लोकेश भारद्वाज (चिन्टू) को श्री खाटू श्याम मित्र मंडल सोहना की ओर से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सोहना ही हनुमान बगीची में आयोजित श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का 18वां श्रीश्याम संग कीर्तन महोत्सव में दिया गया।

श्रीखाटू श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि लोकेश भारद्वाज (चिन्टू) समाजसेवा के क्षेत्र में आगे रहते हैं। कोरोना काल में भी उन्होंने जनसेवा में काफी कार्य किए। अपने गृह क्षेत्र सोहना के अलावा गुरुग्राम शहर में भी वे समाजसेवा के कार्यों से जुड़े रहते हैं।

# नगर निगम चुनावों की तैयारियों को लेकर जेजेपी की बैठक पांच मार्च को : रिशी राज राणा

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

## जिलाध्यक्ष रिशी राज राणा ने कहा, सभी वार्ड वाइज प्रभारी की जिम्मेदारी तय होंगी

**नगर** निगम चुनावों को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों ने तैयारियां शुरू कर दी है, जननायक जनता पार्टी द्वारा भी बैठकों का दौर जारी है। पार्टी द्वारा 13 फरवरी को बैठक कर सभी वार्ड वाइज प्रभारी की जिम्मेदारी तय करते हुए आगामी 10 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया था।

इसी क्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय चौटाला व प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह ने कल ही गुरुग्राम में जिला स्तरीय बैठक ली थी तथा कार्यकर्ताओं को चुनावों में जुटने का आह्वान किया था। जिला अध्यक्ष रिशीराज राणा ने बताया कि पार्टी हाई कमान के दिशा-निर्देश अनुसार जजपा के नगर निगम गुरुग्राम व मानेसर के आगामी चुनावों के लिए पिछली बैठक में वार्ड वाइज प्रभारियों की जो जिम्मेदारी लगाई गई थी। उसी की समीक्षा के लिए आगामी 5 मार्च को बैठक होगी, नगर निगम गुरुग्राम के प्रभारी राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. केसी बांगड़ व विधायक रामकरण काला



रिषी राज राणा।

सभी वार्ड प्रभारियों की बैठक सुबह 11 बजे राष्ट्रीय प्रचार सचिव दलबीर धनखड़ के सूर्या विहार स्थित कार्यालय पर होगी, जिसमे नगर निगम गुरुग्राम के लिए नियुक्त किए गए प्रभारी अपनी अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे तथा चुनावो के लिए आगामी रणनीति तैयार करेंगे। इसी प्रकार नगर निगम मानेसर के प्रभारी राष्ट्रीय संगठन सचिव व खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के चेयरमैन राजेंद्र लितानी व विधायक अमरजीत ढांडा 5 मार्च को ही सभी वार्ड वाइज प्रभारियों की बैठक शाम 3 बजे श्योचन्द सरपंच के कार्यालय पर लेंगे, जिसमे नगर निगम मानेसर के लिए वार्ड वाइज नियुक्त किए गए प्रभारी अपनी अपनी रिपोर्ट सोपेंगे। जिला अध्यक्ष ने बताया कि 5 मार्च की बैठक में नगर निगम गुरुग्राम के वार्ड वाइज प्रभारी गुरुग्राम की बैठक में शामिल होंगे।

# गुरुग्राम के ग्रामीण अंचल में 44 सरकारी स्कूलों को मिले स्मार्ट क्लास रूम



गुरुग्राम के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय बजघेड़ा में स्मार्ट क्लास रूम की शुरुआत करती जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी शशि बाला अहलावत, साथ में शिक्षक व संस्था के सदस्य।

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

## सरकारी स्कूलों में आएगी डिजिटल क्रांति

## कंप्यूटर शिक्षा व निपुण हरियाणा मिशन को मजबूत करने की पहल

## विद्या सहयोग कार्यक्रम के तहत 1400 वंचित बच्चों को मिलेगी शिक्षा

**जिले** के ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों में बच्चों को स्मार्ट क्लास रूम के माध्यम से शिक्षा देने के लिए व निपुण हरियाणा मिशन को मजबूत करने के लिए हरियाणा शिक्षा विभाग, लोटस पेटल चैरिटेबल फाउंडेशन व पंजाब नेशनल बैंक हाउसिंग एंड फाइनेंस ने एक अनोखी पहल की है। इसके तहत जिला के 44 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूप बनाए गए हैं। इसकी शुरुआत जिले के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय बजघेड़ा में मुख्य अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी शशि बाला अहलावत ने स्मार्ट क्लास रूम का रिबन काटकर की।

इस अवसर पर लोटस पेटल फाउंडेशन की सह-संस्थापक और सीटीओ सलोनी भारद्वाज, परमजीत कालरा, जिले के निपुण हरियाणा मिशन के जिला नोडल अधिकारी मनोज कुमार लाकड़ा, बजघेड़ा गांव के सरपंच श्रीनिवास राणा सोनू, प्राचार्या चंचल नोहरिया, कुसुमलता हेड टीचर, एलएलएफ फाउंडेशन से उषा सोलंकी भी मौजूद रहे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी शशि बाला अहलावत ने कंप्यूटर का बटन दबाकर 44 स्कूलों में ई-अवसंरचनात्मक प्रतिष्ठानों या स्मार्ट क्लास रूम का उद्घाटन किया गया। राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित राष्ट्रीय अवॉर्डी शिक्षक व जिला समन्वयक मनोज कुमार लाकड़ा ने बताया कि ई-लर्निंग कार्यक्रम विद्या सहयोग में सोहना ब्लॉक में 7 और गुरुग्राम ब्लॉक में 37 सरकारी मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों में इसकी शुरुआत की गई है। लोटस पेटल फाउंडेशन की सह संस्थापक सलोनी भारद्वाज ने बताया कि 44 सरकारी मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों में ई-लर्निंग इंफ्रास्ट्रक्चर लगभग 1400 वंचित बच्चों के सीखने की खाई को पाटने में मदद करेगा। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी शशि बाला अहलावत ने गूगल मीटिंग में सभी स्कूलों को संबोधित करते हुए कहा कि इसके माध्यम से विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर प्रदान करके छात्रों के बीच मूलभूत शिक्षा को बढ़ावा देना मुख्य लक्ष्य है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे को डिजिटल रूप से नए अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में गुरुग्राम के 43 सरकारी स्कूलों ने वर्चुअली भाग लिया।

# सोहना का फायर स्टेशन मात्र 600 वर्गगज जमीन पर चल रहा

## कर्मचारी और अधिकारी मात्र दो ही कमरों में कार्यालय को चलाने को हैं मजबूर

## स्टेशन पर लगे समर्सिबल से गाड़ी के टैंक को भरने में लगते हैं 25 से 30 घंटे

**सोहना** का सबफायर स्टेशन तंग गली और आबादी क्षेत्र के बीच मात्र 600 वर्गगज जमीन पर चल रहा है। स्टेशन परिसर में गाड़ियों को खड़ा करने के लिए पर्याप्त स्थान भी उपलब्ध नहीं है। कर्मचारी और अधिकारी मात्र दो ही कमरों में बैठकर कार्यालय को चलाने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

अग्निशमन विभाग ने सोहना नगर परिषद का बढ़ते विकास को देखते हुए यहां पर आग की घटनाओं पर तुरन्त प्रभाव से काबू पाने इरादे से बाइक समेत पांच गाड़ियों का प्रबंध कर दिया है। जिसके चलते फायर स्टेशन का परिसर छोटा पड़ने लगा है। स्टेशन परिसर में वाहनों को खड़ा करने के लिए स्थान तो क्या फायर कर्मियों के लिए न तो विश्राम गृह है और न ही स्टाफ क्वाटर बने हैं। फायर स्टेशन की मात्र 600 वर्गगज जमीन पर गाड़ियों को खड़ा करने के लिए टीन शैड, एक बड़ा हाल तथा अधिकारी के बैठने के लिए एक मात्र कमरा उपलब्ध है। यहां बना टीन शैड के नीचे सभी गाड़ियों को एक साथ खड़ा नहीं किया जा सकता। न ही परिसर में पानी का टैंक बना है। स्टेशन पर लगे समर्सिबल से गाड़ी के टैंक को भरने में 25 से 30



घंटा का समय लग जाता है।

**तंग रास्ते से जाम की परेशानी :** फायर स्टेशन गुरुग्राम-सोहना राष्ट्रीय मार्ग 248ए से करीब 300 मीटर दूर आबादी क्षेत्र के बीच में बना है। जिसका राष्ट्रीय मार्ग से स्टेशन तक जाने वाला आठ फुट चौड़ा तंग रास्ता है। जिसमें सामने से कोई भी वाहन आने या खड़ा कर देने से अग्निशमन की गाड़ी को निकालना मुश्किल हो जाता है। जिसके कारण आग लगने वाली घटना पर वाहन के समय से पहुंचने में देरी हो जाती है।

**21 में से 6 पद खाली :** सब स्टेशन पर फायर स्टेशन प्रभारी समेत 21 पद सृजित हैं। जिनमें 20 पद फायर कर्मियों के हैं। 20 में से 6 पद पिछले कई वर्षों से रिक्त पड़े हैं। जिन्हें भरे जाने के लिए विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर मांग की गई है। फायर स्टेशन को राष्ट्रीय मार्ग 248ए के साथ लगती सरकारी जमीन या अन्य खुले स्थान पर स्थापित करने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की मदद से राज्य स्तर पर मांग की जाएगी। कौशल रोजगार के तहत फायर कर्मियों के खाली पदों को भरने की मांग साथ के साथ की जा रही है।

**देवेन्द्र सिंह**
**(फायर स्टेशन प्रभारी सोहना)**

# हरियाहेड़ा में गर्मी शुरू होने से पहले ही हो रही पेयजल की किल्लत

## एक मात्र ट्यूबवैल से सभी घरों में पानी की आपूर्ति पूरी नहीं हो पा रही

## अलीपुर के ग्रामीण की दबंगता, पानी की लाइन जोड़ से नहीं दे रहे हैं

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**जनस्वास्थ्य** विभाग ने ग्राम पंचायत हरियाहेडा को नहरी पेयजल सुविधा देने के उद्देश्य से लाइन तो बिछा दी गई, लेकिन तीन माह बीत जाने के बाद भी नहरी पेयजल सुविधा से जोड़ा नहीं गया है। गांव में तीन में से दो ट्यवबेलों में पानी कम होने से ग्रामीणों का पर्याप्त मात्रा में पीने की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

जनस्वास्थ्य विभाग ने ग्राम पंचायत के 2500 ग्रामीणों को नहरी पेयजल सुविधा से जोड़ने के लिए अलीपुर तक आपूर्ति के लिए लाइन बिछा दी, लेकिन अलीपुर से हरियाहेड़ा जाने वाली पाइप लाइन को तीन माह बीत जाने के पर भी नहीं जोड़ा है। जिसके कारण कारण ग्रामीण पानी की एक-एक बूंद को तरसने लगे हैं। यहां के निवासी समाज सेवी नरेश का कहना है कि ग्राम पंचायत के अधीन तीन ट्यवबैलों में से दो का जल स्रोत में पानी कम हो गया है। दो ट्यूबवैल 30 से 40 मिनट देने के बाद पानी निकालना बंद हो जाते हैं। जबकि एक मात्र ट्यूबवैल से सभी घरों में पानी की आपूर्ति पूरी नहीं हो पा रही है।

“ **हरियाहेड़ा** की पेयजल आपूर्ति की लाइन को अलीपुर से जोड़ने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग अधिकारियों से लेकर सोहना विधायक संजय सिंह से भी कई बार मांग की गई है। विधायक संजय सिह ने एक सप्ताह में इस लाइन को जुड़वाने का आश्वासन दिया था। जबकि एक माह का समय जाने के बाद भी पेयजल आपूर्ति की लाइन को नहीं जोड़ा है।

**प्रियंका**
**(सरपंच ग्राम पंचायत हरियाहेड़ा)**

“ **ग्राम** पंचायत अलीपुर के निवासी अपनी दबंगई के कारण लाइन को जोड़ने नहीं दे रहे हैं। इस संबंध में सामाजिक व राजनीतिक स्तर पर ग्रामीणों से बातें की हैं। आने वाले गर्मी के मौसम से पहले हरियाहेड़ा को नहरी पानी की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी।

**ओमप्रकाश**
**(एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग)**

### अलीपुर के ग्रामीणों की तानाशाही

**ग्राम** पंचायत हरियाहेड़ा की पेजयल आपूर्ति लाइन को साथ लगते अलीपुर से जोड़ना है, लेकिन अलीपुर के ग्रामीण इस लाइन को जोड़ने नहीं दे रहे हैं। जिसका कारण अलीपुर के निवासी गांव के रास्ते में लगी कंक्रीट की फर्श को खुदाई करने का विरोध कर रहे हैं। लाइन जोड़ने के लिए कई बार मौके पर पहुंचे जनस्वास्थ्य विभाग कर्मियों को अलीपुर के ग्रामीणों ने भगा देते हैं।

# एक बार फिर बीके में समाप्त हुए रेबिज के इंजेक्शन

## दो महीने में मात्र 4231 लोगों ने लगवाया एंटी रैबिज का इंजेक्शन

कविता। फरीदाबाद

**जिले** में नगर निगम के द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ने वाली टीमों ने पूरी तरह से काम करना बंद कर दिया है। जिसके कारण शहर में आवारा पशुओं खासकर कुत्तों के काटने संबंधित मामले दिन प्रतिदिन शहर में बढ़ते ही जा रहे हैं। हालांकि नियमों के मुताबिक आवारा कुत्तों को पकड़ा नहीं जा सकता। लेकिन बचाव के अन्य उपाय किये जा सकते हैं। वहीं दूसरी तरफ जिले में आए दिन एंटी रैबिज इंजेक्शनों का अभाव बना रहता है।

अब एक बार फिर बीके अस्पताल में एंटी रैबिज इंजेक्शन का स्टॉक खत्म हो गया है। जिले में पिछले दो माह में शहर के एकमात्र बीके सिविल अस्पताल में जनवरी और फरवरी माह में 4231 लोगों ने एंटी रैबिज के इंजेक्शन लगवाये हैं। जनवरी में 2220 और फरवरी में 2011 लोगों को इंजेक्शन लगाए गए हैं। इन आंकड़ों को देखकर ही स्पष्ट अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले में आवारा पशुओं का कहर कितना अधिक बढ़ रहा है। जिले के ग्रामीण अथवा शहरी क्षेत्रों में आवारा पशुओं का आतंक तेजी से बढ़ रहा है। सोमवार को रेबिज के इंजेक्शन लगवाने वालों का तांता बीके अस्पताल में लगा हुआ था। रेबिज के इंजेक्शन लगवाने के लिए वैक्सीनेशन रूम में लम्बी लाइन देखने को मिली, लेकिन इस दौरान केवल 40 ही इंजेक्शन लगे थे कि स्टॉक समाप्त हो गया। जिसके कारण अन्य मरीजों को लौटाया गया। वहीं मंगलवार को कक्ष के बाहर इंजेक्शन समाप्त होने का नोटिस लगा दिया गया। वहीं दूसरी तरफ देखा जाए तो आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए बनी नगर निगम की टीमें अब पशुओं को नही पकड़ रही हैं। जिस कारण से शहर के लोगों का आवारा पशुओं ने जीना दुर्भर कर रखा है। शहर में आये दिन कुत्ते, बिल्लियों और बन्दरों के काटने के मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। इस बारे में वहां तैनात फार्मासिस्टों ने बताया कि आवारा कुत्तों के काटने संबंधित मामले अब अधिक बढ़े हैं। वहीं मंगलवार को इंजेक्शन समाप्त हो गए है।





सोमवार को इंजेक्शन लगवाने वालों की भीड़। मंगलवार को कक्ष के बाहर लगा रेबिज इंजेक्शन समाप्त होने का नोटिस।

**जनवरी से फरवरी तक के आंकड़े**

| माह | कुल | नए |
|---|---|---|
| जनवरी | 2220 | 995 |
| फरवरी | 2011 | 893 |

# सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना कराने में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अतिरिक्त** उपायुक्त अपराजिता ने कहा कि जिला फरीदाबाद में सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करना पूरी तरह से सुनिश्चित करें। सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने के लिए जिस विभाग को जो भी दायित्व मिला है। उस विभाग के अधिकारी उसे पूरी निष्ठा के साथ निर्धारित समय पर पूरा करें।

अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता मंगलवार को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला फरीदाबाद में सड़क सुरक्षा के नियमों सही पालना के क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। समीक्षा बैठक में हरियाणा रोडवेज, ट्रांसपोर्ट, पुलिस एवं रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों सहित बैठक से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। आरटीए सचिव जितेंद्र गहलावत ने बैठक से जुड़े विभिन्न विषयों बारे एक-एक करके बारीकी से जानकारी दी। वहीं स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल हरियाणा सरकार एवं मेंबर ऑफ पार्लीमेन्ट रोड सेफ्टी कमेटी भारत सरकार के सदस्य सरदार देवेंद्र सिंह एवं रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन और लाइफ फर्स्ट फॉउंडेशन एनजीओ के द्वारा फरीदाबाद, बड़खल और बल्लभगढ़ शहर में सड़क सुरक्षा के प्रबन्धो और नियमों की पालना करने के लिए चिन्हित स्थानों की जानकारी को विस्तार पूर्वक बतलाया। एडीसी अपराजिता ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करने के लिए पुलिस प्रशासन और हाईवे के तकनीकी अधिकारी आपसी तालमेल करके कार्य को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करें। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सड़क सुरक्षा के नियमों अनुसार हैं सड़क पर लगाई जाने वाली पटिया, ज़ेबरा क्रॅासिंग प्वाइंट और ग्रील लगाने, टूटने पर ठीक करवाने सहित बरसाती पानी या गंदा पानी इक्कठा होता है वहां उन स्थानों को चिन्हित करके वहां पर सभी समस्याओं को दूर करें। नेशनल हाईवे पर खड़ी करके बसों में सवारिया बैठाने वाली बसों और ऑटो के खिलाफ चालान काटना भी सुनिश्चित करें।



एडीसी अपराजिता समीक्षा बैठक में सड़क सुरक्षा के नियमों के सही क्रियान्वयन दिशा निर्देश देते हुए।

अगर एजेंसी ने उनके द्वारा बनाई सड़क का सही से रखरखाव नहीं किया तो उनपर कानूनी कार्यवाही की जाएगी और स्कूल वेन में बच्चों की संख्या साथ से अभिक ना हो। समीक्षा बैठक में एडीसी ने वाईएमसीए चौक, बाटा चौक, सीकरी, बल्लभगढ़, बल्लभगढ़ सब्जी मंडी, झाड़सेतली, अजरोंडा चौक व अन्य स्थानों पर एक-एक करके बारीकी से समीक्षा की और संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में बल्लभगढ़ के एसडीएम त्रिलोकचंद, बड़खल के एसडीएम पंकज सेतिया, आरटीए सचिव जितेन्द्र गहलोत, एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन प्रदीप संधू, एमसीएफ एक्सईएन ओपी कर्दम सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी और सड़क सुरक्षा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों पर मारा छापा




**फरीदाबाद।** मंगलवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम एक सूचना के आधार पर गांव नेकपुर से फतेहपुर और कुरेशीपुर को जाने वाली सड़क के दाहिनी तरफ भारी मात्रा में वायु प्रदूषण फैल रही अवैध औद्योगिक इकाईयों पर छापामारी की है। उड़नदस्ते के साथ मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ मौका निरीक्षण किया। प्रदूषण फैला रही यह औद्योगिक इकाई अवैध रूप से कृषि भूमि पर बनी हुई हैं।

उड़नदस्ते के डीएसपी राजेश चैची ने बताया कि प्राप्त सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के निरीक्षक रोजे खान, उप निरीक्षक सतवीर सिंह व राजेंद्र कुमार प्र.सि. प्रभु दयाल, उज्जवल कुमार एस.डी.ओ. प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, अमित कुमार कनिष्ठ अभियंता जिला नगर योजनाकार, रामदत्त जिला अग्निशमन अधिकारी और रविंद्र सिंह कनिष्ठ अभियंता बिजली विभाग सब डिवीज़न पाली की संयुक्त टीम के साथ नेकपुर से फतेहपुर रोड पर करीब आधा एकड़ कृषि भूमि पर चल रही तीन वर्कशॉप अथवा भट्टियों का निरीक्षण किया गया। जिसमें जेके इंटरप्राइजेज, एमएस मेटल और केजीएन मेटल शामिल हैं।

औचक निरीक्षण पर पाया कि इन तीनों वर्कशॉप में स्क्रेप एलुमिनियम को भट्टियों में पिघलाकर सिल्ली बनाई जाती है। भट्टियों में कोयला व लकड़ी को जलाया जाता है। जिससे प्रदूषण फैलता है, लेकिन इन इकाईयों में प्रदूषण रोकथाम के कोई उपाय नहीं पाये गए। पड़ताल पर पाया गया कि इन अवैध इकाइयों के संचालको द्वारा प्रदूषण, डीटीपी और फायर विभाग से कोई वैध अनुमति या एनओसी नहीं ली हुई है।

# जागरुकता से बाल अपराधों पर लग सकता है अंकुश : रेनू




मार्डर्न बीपी पब्लिक स्कूल में अपराधों एवं मानव तस्करी के प्रति जागरूक करती रेनू भाटिया।

**फरीदाबाद।** हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि जागरूकता से ही बाल अपराधों और मानव तस्करी संगीन अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है। अपराध खत्म करने के लिए बच्चों जागरूकता में जरूरी है।

रेनू भाटिया मंगलवार को सेक्टर-23 की संजय कालोनी में मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में 75वें स्लम बस्ती क्षेत्र में मानव तस्करी के बारे में अभिभावकों और बच्चों को ट्रेनिंग एण्ड कैपेस्टिटी जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मानव तस्करी संगीन अपराध है। इस अपराध खत्म करने के लिए स्लम बस्ती क्षेत्र में मानव तस्करी के बारे में लोगों/बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन ओपी परमार ने आए हुए सभी महानुभावों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

रेनू भाटिया ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के सहयोग से स्लम बस्ती (झुग्गी) क्षेत्र में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, फरीदाबाद पर मानव तस्करी के बारे में अभिभावकों और बच्चों को जागरूक करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर वहां उपस्थित लोगों को के साथ संजय कॉलोनी का दौरा कर महिलाओं से मुलाकात की। उनको कहा कि अगर किसी भी बच्चे और महिला के साथ किसी भी प्रकार शोषण होता है, अपनी आवाज बुलंद करें। उन्होंने कहा कि मानव तस्करी कानूनन संगीन अपराध है। इस प्रकार के अपराध को रोकने के लिए हम सभी को जागरूक होने की जरूरत है।

# एडवांस्ड इंस्टीट्यूशन में मनाया इंजीनियरिंग सप्ताह

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**एडवांस्ड** इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालजी एंड मैनेजमेंट, पलवल मे देश के भविष्य को आकार देने जा रहे युवा पीढ़ी की रचनात्मकता और मौलिकता को उजागर करने के लिए 27-28 फरवरी 2023 को इंजीनियरिंग सप्ताह के उपलक्ष मे दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं समूह गान के साथ हुआ। मुख्य विषय छात्रों को अपने अभिनव कौशल का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना और भविष्य मे इंजीनियर होने के लिए खुद पर गर्व करना रहा7 माननीय चेयरमेन, एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूटसन, डॉ. पुनीत गोयल एवं चेयरपर्सन, डॉ. पूनम गोयल ने अपने आशीर्वाद मे युवा शक्ति के बारे में बात की और छात्रों को सकारात्मकता के साथ प्रोत्साहित किया। डॉ. सुनील दलाल, प्रशासक, एईआई ने भी अपने विचार साझा किए, समय की आवश्यकता के रूप में अभिव्यंजक और रचनात्मक बनें क्योंकि इंजीनियर वही हैं जो भविष्य की सुख-सुविधाओं का मार्गदर्शन करने के लिए अपने अभिव्यंजक नवाचारों के साथ इतिहास रचते हैं। इसके बाद प्राचार्य एआईटीएम, डॉ. आर. आर. पाण्डेय ने एक स्वागत भाषण दिया जिसमें कहा गया कि इंजीनियरिंग केवल 45 विषयों का अध्ययन नहीं है, बल्कि बौद्धिक जीवन का नैतिक अध्ययन है। उन्होंने यह भी बताया कि 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस क्यू मनाया जाता है।




प्राचार्या फार्मेसी, डॉ. अर्पना राणा ने भी विद्यार्थियो को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में सभी शाखाओं के छात्रों ने बड़ी दिलचसपी के साथ प्रोजेक्ट प्रस्तुति, पोस्टर प्रस्तुति, विभिन्न तकनीकी विषयों पर वाद-विवाद, योग्यता और तर्क प्रश्नोत्तरी, सुडोकू हल करने की प्रतियोगिता, माइम एक्ट जैसी विभिन्न गतिविधियां मे भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया। सहायक प्राध्यापिका प्राची अग्रवाल ने इस विचार पर जोर देते हुए कार्यक्रम की मेजबानी की कि इंजीनियरों का आशावाद इस तथ्य में निहित है कि इंजीनियर ग्लास को न तो आधा भरा हुआ और न ही आधा खाली देखते हैं, बल्कि वे ग्लास को जरूरत से दोगुना भरा हुआ देखते हैं। कार्यक्रम में सभी एचओडी, अध्यापक गण तथा सभी सखाओं के विद्यार्थी भी उपस्थित थे। बेहतर कल के वादे के साथ कार्यक्रम का अंत हुआ, इसके बाद राष्ट्रगान और धर्मेंद्र शर्मा, एचओडी (एमई एंड एचएंडएएस) द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव दिया गया।

# अग्रवाल कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में हाल ही में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में हुए अनुसंधान तथा भौतिक विज्ञान में अवसर विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य ने सभी को विज्ञान दिवस पर बधाई दी और राष्ट्रीय तथा सामाजिक उत्थान में विज्ञान की भूमिका प्रस्तुत की। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सोमवार को स्लोगन राइटिंग, क्विज, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला आयोजित की गई थी। इसी श्रृंखला को जारी रखते हुए आज अपने विषय मे विख्यात प्रोफ़ेसर डा आर पी टंडनजी ने अपना व्याख्यान अग्रवाल कॉलेज के सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। प्रोफेसर टंडन ने छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में डॉ सीवी रमन के जीवन, इतिहास और कार्य के बारे में जागरूक किया। उन्होंने छात्रों को रमन प्रभाव और इसके अनुप्रयोगों और राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने के महत्व के बारे में भी बताया। प्रोफेसर टंडन ने विद्यार्थिओ से इनविजिबल जैकेट और इसके मूलभूत सिद्धांत को साझा किया।

# प्रश्नपत्र देख 12वीं के हुए मायूस और 10वीं के बच्चों के चेहरे खिले

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**प्रदेशभर** में स्कूली विद्यार्थियों की परीक्षाएं चल रही है। जिसके तहत केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के रसायन विभाग और हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के द्वारा 10वीं कक्षा के हिन्दी विषय का एग्जाम था। जिसमें 12वीं कक्षा के रसायन विज्ञान के प्रश्नपत्र ने परीक्षार्थियों को मायूस किया। प्रश्नपत्र के बदले स्वरूप की वजह से परीक्षार्थी परेशान हो गए थे। वहीं दूसरी तरफ हिन्दी के परीक्षा पत्र से परीक्षार्थी खुश थे।

मंगलवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को 10वीं कक्षा की हिंदी परीक्षा संपन्न कराई गई। हिंदी परीक्षा में जिले के निजी एवं राजकीय विद्यालयों के 17 हजार परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। इस बार शिक्षा विभाग ने 70 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इनमें से 40 निजी, जबकि 30 राजकीय विद्यालयों में बनाए गए हैं। हिंदी के आसान प्रश्नपत्र से परीक्षा की अच्छी शुरुआत हुई है। परीक्षा दोपहर साढ़े 12 से साढ़े तीन बजे तक आयोजित की गई। हिंदी आसान विषय होने के चलते परीक्षार्थियों के चेहरे चिंता मुक्त दिखाई दे रहे थे। सुबह साढ़े 11 बजे से ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई थी। स्कूल यूनिफार्म पहनने वाले परीक्षार्थियों को केंद्रों में प्रवेश करने दिया जा रहा था, जबकि बिना स्कूल यूनिफार्म के आने वाले परीक्षार्थियों को वापस लौटाया जा रहा था। परीक्षार्थियों के अनुसार प्रश्नपत्र बहुत ही आसान था और पहली परीक्षा होने के चलते उन्हें तैयारी के लिए काफी समय भी मिल गया था।



परीक्षार्थियों की जांच करते हुए।

लेकिन वहीं 12वीं कक्षा के विद्यार्थी मायुस थे, तो जिन परीक्षार्थियों ने प्रश्नपत्र को ध्यान से पढ़ा, उनकी रसायन विज्ञान की परीक्षा भी बहुत अच्छी हुई है। परीक्षार्थियों के अनुसार प्रश्नपत्र पूरा पाठ्यक्रम और एनसीईआरटी पर आधारित था। परीक्षार्थियों के अनुसार पुराने प्रश्नपत्रों एवं अध्यापकों द्वारा कक्षा में चिन्हित किए गए कुछ प्रश्न भी आए थे और उनमें अंक आने की पूरी उम्मीद है।

# जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर सीटू का धरना प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेंटर** आफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू जिला कमेटी फरीदाबाद के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आज मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के सामने धरना दिया। इस धरने-प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान निरन्तर पराशर ने की जबकि कार्यवाही का संचालन जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह ही जिले में कार्यरत सभी यूनियनों के सक्रिय कार्यकर्ता अपने हाथों में सीटू के झंडे लेकर नारेबाजी करते हुए लघु सचिवालय में पहुंचने शुरू हो गए थे।

कार्यकर्ताओं ने जमकर सरकार विरोधी नारे लगाए। कार्यकर्ता सभी स्कीम वर्करों और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करो, न्यूनतम वेतन 24 हजार रुपये लागू करो, ठेकेदारी प्रथा पर रोक लगाओ, बीपीएल कार्डो को रद्द करने पर रोक लगाओ, पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करो के नारे लगा रहे थे। प्रदर्शन के फौरन बाद सैकड़ों कार्यकर्ता उपायुक्त कार्यालय के सामने पहुंचे। वहां पर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम 16 सूत्री मांगों का ज्ञापन एसडीएम परमजीत सिंह चहल को सौंपा गया। धरने पर बैठे हुए प्रदर्शनकारियों को राज्य महासचिव जय भगवान ने संबोधित करते हुए बताया कि राज्य और केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। फरीदाबाद जिले के प्रत्येक गांव में सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों के बीपीएल कार्ड काट दिए गए हैं। लेकिन ठीक करने के नाम पर अधिकारी कुछ भी करने को तैयार नहीं है। पीड़ित परिवारों को सी एस सी सेंटरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इन सेंटरों पर इनसे ठीक करने के नाम पर पैसे लिए जा रहे हैं। धरने को ऑटो रिक्शा ड्राइवर यूनियन के जिला कमेटी के नेता वासुदेव अहेरिया भील ने भी संबोधित किया। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर ऑटो रिक्शा ड्राइवर यूनियन 1476 का दुरुपयोग करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। धरने को सीटू जिला कमेटी के सह सचिव विजय झा ने भी संबोधित किया।




# संक्षिप्त समाचार

## सीजेएम ने किया बाल सुधार गृह का निरीक्षण



**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के दिशा निर्देश अनुसार मंगलवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकीर्ति गोयल ने बाल सुधार गृह व प्लेस ऑफ सेफ्टी एनआईटी फरीदाबाद का निरीक्षण किया। उन्होंने बाल सुधार गृह के किचन का भी निरीक्षण किया गया जो ठीक पाया गया। इसके साथ-साथ शिकायत बक्से को भी खोला गया। जिसमें कोई शिकायत पत्र ना पाया। सीजेएम सुकीर्ति गोयल बाल सुधार गृह में रह रहे 81 किशोरों और प्लेस ऑफ सेफ्टी में रह रहे 136 किशोरों से रूबरू हुए। उन्होंने उनकी समस्याओं को जाना और उनका समाधान करने बारे अधिकारियों को दिशानिर्देश भी दिए। सीजेएम ने साथ ही साथ किशोरों से कहा गया कि यदि उन्हें अलग में कोई अपनी समस्या बतानी है तो वे भी बता सकता है। लेकिन किसी किशोर ने कोई समस्या नही बताई। इस अवसर पर सुकीर्ति गोयल ने कहा कि जाने अनजाने में जो किशोर यहां आ गया है। वह अपने को सुधार कर समाज में जाकर मुख्यधारा से जुड़ सकता है। इस अवसर पर सुपरिटेंडेंट चंद्रपाल-ऑफिस इंचार्ज प्रमोद शर्मा इंचार्ज अनूप सिंह व पैनल अधिवक्ता रविंद्र गुप्ता व राजेंद्र गौतम भी मौजूद रहे।

## अडानी के घोटाले को छुपाने को सिसोदिया की गिरफ्तारी : भड़ाना



**फरीदाबाद।** दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर आप कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में आप नेता धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि मोदी सरकार दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर सोच रही है की आम आदमी पार्टी को तोड़ देंगे, तो यह सोच उसकी सोच ही रहेगी। आने वाले समय में इसका जवाब यहां की जनता खुद देगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी राष्ट्रवाद के नाम पर अडानी का घोटाला दबाना चाहती है। केंद्र सरकार के शीर्ष नेतृत्व से लेकर पूरी सरकार अडानी को बचा रही है। अडानी की कंपनियों को 7 हजार करोड़ रूपया पीएनबी बैंक, साढ़े 36 हजार करोड़ रूपया एलआईसी का और 21 हजार करोड़ रुपये एसबीआई का अडानी का कम्पनियों में लगा हुआ था। जनता की खून पसीने की कमाई का पैसा अडानी की कम्पनियां ले डूबी। जिसके कारण भाजपा सरकार लगातार घोटाले को दबाने में लगी है और जब भाजपा सरकार को लगा की यह घोटाला उजागर होने वाला है तो उन्होंने दिल्ली के ईमानदार और कर्मठ उपमुख्यमंत्री को गिरफ्तार करा दिया। भड़ाना ने कहा कि जिस तरह केंद्र सरकार अपने खिलाफ बोलने वालों को दमन करते जा रही है और मनमाने ढंग से दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के ऊपर कारवाई करा रही है। इसका समस्त देशवासी निंदा करते हैं। साथ में पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं। समय पडने परआप द्वारा दिल्ली तक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।


## यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**फरीदाबाद।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के सौजन्य से जिला उपायुक्त एवं अध्यक्ष श्री विक्रम सिंह एवं सचिव बिजेन्द्र सोरौत के मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के द्वारा जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जे सी बॉस यूनिवर्सिटी आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी फरीदाबाद के प्रांगण में 20 फरवरी से 28 फरवरी तक संचालित शिविर का समापन मंगलवार को किया गया। इस पांच दिवसीय शिविर के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राजेश नागर, विधायक, तिगांव विधान सभा उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आहान किया कि शिविर के दौरान में दी गई। सभी मानव कल्याकारी जानकारियों को सफल बनाने हेतु समाज एवं अपने साथियों को जोड़ने का प्रयास करें ताकि एक सशक्त, शिक्षित समाज एवं राष्ट्र का निर्माण करने में यह शिविर मील का पत्थर साबित हो। इस अवसर पर उन्होंने जनकल्याण में रेडक्रॉस द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। शुभम शर्मा व विमल खण्डेलवाल संरक्षक रैड क्रॉस विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित थे। जिला प्रशिक्षण अधिकारी इशांक कौशिक ने बताया कि शिविर के दौरान प्रतिभागियों के मध्य निबंध, भाषण, म्यूजिकल दौड़ प्रतियोगिताएं भी कराई गई। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

## एचएसवीपी की साइट रही घंटों बंद, लोग परेशान

**फरीदाबाद।** एचएसवीपी की वेबसाइट में टेक्निकल प्रॉब्लम के कारण दोपहर 12.30 बजे से शाम 4.45 बजे तक कोई काम नहीं हो पाया। जिसके कारण इस समस्या को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाने के लिए मुझे चीफ टेक्निकल इंफॉर्मेशन ऑफिसर योगेश रंगा और मुख्य प्रशासक अजीत बालाजी जोशी से संपर्क करना पड़ा और उन्होंने तत्काल समाधान करवाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद 5 बजकर 06 मिनट पर हुड्डा की साइड चलने लगी है। जिससे लोगों को बड़ी राहत महसूस हुई है। इसके लिए लोगों ने संस्था फीवा की ओर से सिंगल विंडो बायोमेट्रिक अटेंडेंस इंचार्ज साकिर एवं राकेश का धन्यवाद किया। भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न आए, ऐसी मामना की। लोगों ने डिप्टी सुपरिटेंडेंट सुमेर को बताया कि वहां पर ना तो कैंटीन है और बैठने की कुर्सियां भी टूटी हुई हैं। लंबे इंतजार के कारण वरिष्ठ नागरिकों महिलाओं बच्चों व अन्य लोगों को पीने के पानी अथवा खाने, चाय जलपान या दवाई आदि समय पर लेने में दिक्कत आ रही है। बैठने के लिए टूटी हुई कुर्सियों को यथाशीघ्र बदलवाया जाए। साथ ही साथ कैंटीन को भी चालू करवाया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया है कि वह अगले सप्ताह तक इस विषय में जरूरी आवश्यक कार्यवाही अपने अधिकारियों के संज्ञान में लाकर करेंगे।

## विधायक ने किया आरएमसी रोड के कार्य का शुभारंभ



**फरीदाबाद।** मंगलवार को एनआईटी 2 में आरएमसी रोड एवं 2ई, 2एफ एवं 2एच ब्लॉक बाजार क्षेत्र में इंटरलॉकिंग टाईल रोड के उद्घाटन का कार्य का शुभारंभ विधायक सीमा त्रिखा ने स्थानीय नागरिकों के हाथो से नारियल फोड़ कर कराया। आरएमसी रोड़ की लागत लगभग 32.00 लाख एवं इंटरलॉकिंग टाईल रोड की लागत 80.00 लाख रुपये है। इस कार्य के शुभारंभ होने के अवसर पर विधायिका सीमा त्रिखा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि इस सडक़ से हजारों आने जाने वाले लोगों का भला होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में बडख़ल विधानसभा में पिछले 8 वर्षों में विकास कार्य की गंगा बहती हुई विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। भारतीय जनता पार्टी लगातार क्षेत्र के विकास एवं सौंदर्यकरण के लिए कार्य कर रही है। पूरे प्रदेश में एक समान रूप से कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्र में सुधारीकरण के लिए बुनियादी रूप से कार्य किए जा रहे हैं। बडख़ल विधानसभा क्षेत्र में बड़खल झील का कार्य तेजी से प्रगति पर है और जल्द ही बड़खल झील भरने का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि बड़खल झील को भरने से फरीदाबाद को एक नया स्वरूप मिलेगा। जो ऐतिहासिक बड़खल झील कभी पूरे भारतवर्ष के लोगों का आकर्षण का केन्द्र हुआ करती थी, वह अब फिर एक बार पानी से सरोबार होगी। उन्होंने कहा कि बडख़ल विधानसभा में सीवरेज व्यवस्था को सुधारने के लिए लगभग 160 करोड़ का जो टेंडर पास हुआ है वह भी जल्द शुरू कर दिया जाएगा और बड़खल विधानसभा में जो सीवरेज कि समस्या है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 1 मार्च, 2023



# उमेश पाल की हत्या

## योगी की स्पष्टवादिता

**प्रयागराज** में उमेश पाल की हत्या पर शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव के बीच विधानसभा में तीखी झड़प हुई। इस प्रकरण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्पष्टवादिता को एक बार फिर मीडिया की सुर्खियों में स्थान मिला। सत्र शुरू होते ही अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी नेताओं ने राज्य में भारतीय जनता पार्टी सरकार को एक हत्या के प्रमुख चश्मदीद गवाह की दिनदहाड़े हत्या पर घेरने का प्रयास किया। उमेश पाल 2005 में बसपा विधायक की हत्या में चश्मदीद गवाह थे। विपक्ष के हमले पर योगी आदित्यनाथ नाराज हो गए। उन्होंने जवाब दिया, 'समाजवादी पार्टी ने माफिया अतीक अहमद का पोषण किया है और अब वे हम पर उंगली उठा रहे हैं। माफिया को मिट्टी में मिला दूंगा। प्रयागराज की घटना बहुत व्यथित करने वाली है, पर दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।' उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार की नीति माफिया व अपराध के प्रति 'पूर्ण अस्वीकार्यता' की है। योगी आदित्यनाथ ने पूछा, 'इस घटना में शामिल लोगों को क्या समाजवादी पार्टी ने संरक्षण नहीं दिया व उनका पोषण नहीं किया? समाजवादी पार्टी ने अतीक अहमद को सांसद बनाया।' उमेश पाल की विधवा ने अतीक अहमद के दो बेटों समेत परिवार के कई सदस्यों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपने चिर-परिचित अंदाज में माफिया का पोषण करने वाली विपक्षी पार्टी पर हमला बोला है। आलोचक चाहे जो कहें, पर आम जनता पूरी तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा सरकार के साथ है।



इस तथ्य से कोई इनकार नहीं कर सकता है कि योगी सरकार ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था में आमूल परिवर्तन किया है, भले ही वह अभी 'रामराज्य' के आदर्श तक न पहुंची हो। राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो-एनसीआरबी के पिछले साल अगस्त में जारी आंकड़ों के अनुसार राज्य में वर्ष 2021 में बलात्कार व हत्या जैसे गंभीर अपराधों में भारी कमी आई है। इसके साथ ही ये खबरें भी सामने आई थीं कि देश के अन्य भागों के उद्योगपति उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनायें खोज रहे थे। हाल ही में उत्तर प्रदेश में वैश्विक निवेश सम्मेलन हुआ है जिसे अभूतपूर्व व असाधारण सफलता मिली है। देश-विदेश के बड़े निगमों ने प्रदेश में भारी निवेश करने में व्यापक दिलचस्पी दिखाई है। यह आश्चर्यजनक भी नहीं है क्योंकि जैसा हमने पहले उल्लेख किया है, बेहतर कानून-व्यवस्था उद्योग को आकर्षित करने के लिए महत्वपूर्ण पूर्व-शर्त है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी उत्तर प्रदेश की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह 'न्यू इंडिया' की प्रगति सुनिश्चित करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि वे पुलिस का मनोबल गिरने नहीं देंगे जो बेहतर कानून-व्यवस्था की अनिवार्य शर्त है। लेकिन इसके साथ ही पुलिस या प्रशासनिक अधिकारियों के भ्रष्टाचार या पक्षपात पर भी सरकार ने कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की है। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सत्ता संभालने के बाद से ही राज्य की पुलिस कार्रवाई और मुठभेड़ों को अदालतों ने सही ठहराया है। अपराध की कमाई से बनी इमारतों को ध्वस्त करने व जमीनों को जब्त करने के उदाहरण पेश कर योगी आदित्यनाथ पूरे देश में न केवल अपराधियों पर लगाम लगाने, बल्कि 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना से काम करने वाले प्रशासन का पर्याय बन गए हैं। विपक्ष को परेशानी इस कारण भी है कि जहां योगी लोकप्रियता के सारे रिकार्ड तोड़ते जा रहे हैं, वहीं विपक्ष उनकी कोई काट तलाशने में विफल रहा है। पिछले सात साल में भ्रष्टाचार व पक्षपात का एक छींटा भी उनके दामन पर नहीं है। उनकी स्पष्टवादिता भी लोकप्रियता का एक प्रमुख कारण है।

# राजकोषीय अनुशासन का महत्व

भारतीय राज्यों को अपने पड़ोसी पाकिस्तान व श्रीलंका के अनुभवों से सबक सीखना चाहिए और राजकोषीय बुद्धिमत्ता की सलाह माननी चाहिए।



**सुमित भसीन**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



अब पाकिस्तान को उसके दानदाताओं ने छोड़ दिया है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हालिया सप्ताहों में सभी दानदाताओं के दरवाजे खटखटाए। वे सऊदी अरब गए। शरीफ ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का तीसरी बार महासचिव चुने जाने पर शी जिनपिंग को बधाई देने के लिए बीजिंग की दौड़ लगाई। वे वाशिंगटन और दुबई गए। तुर्की ने भी उनको भाव नहीं दिया। आखिरकार अब 1.2 बिलियन डालर का कर्ज प्राप्त करने के लिए पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ की सभी शर्तें मानने के लिए तैयार हो गया है। पाकिस्तान का विदेशी मुद्राभंडार अब 3 बिलियन डालर के नीचे पहुंच गया है। पाकिस्तान के पास केवल तीन महीने के आयात भुगतान के लिए पैसा बचा है। पाकिस्तान में अब कार्यालय व वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अंधेरा होते ही अपने शटर बंद कर देते हैं। वहां घर में बिजली शानोशौकत वाली चीज बन गई है। पेट्रोल व डीजल खरीदना लोगों की अमीरी का प्रतीक बन गया है। जब तक दानदाताओं की खैरात के चलते डालर पाकिस्तान में आते रहे, इस्लामाबाद अनाप-शनाप खर्च करता रहा। नीति निर्माताओं व राजनीतिक अवस्थापना के लिए वहां आर्थिक व्यावहारिकता का कोई अर्थ नहीं था। जनता को बिजली उपभोग का पैसा न देने की आदत पड़ गई थी। बिजली सब्सिडी समाज के सभी लोगों तक पहुंच गई थी। पाकिस्तान में सेना, किसानों, बिजनेसमैनों, राजनेताओं व अन्य को 'मुफ्त' की आदत पड़ गई थी।

लगभग एक साल पहले अमेरिका ने अफगानिस्तान छोड़ दिया और इसके साथ ही पाकिस्तान को संदेश दे दिया कि वाशिंगटन अब उसकी भू-राजनीतिक ब्लैकमेल की जरा भी चिन्ता नहीं करता है। पाकिस्तान के पूर्व संरक्षकों ने भी सबक सीखे कि उन्होंने पाकिस्तानी अंधे कुंए में अपने पैसे बेकार डुबोए। चीन कभी अपना पैसा लेने वालों को भूलता नहीं है। आसानी से पैसा मिलने के कारण पाकिस्तान में शानोशौकत की जिन्दगी की आदत पड़ गई थी, पर पिछले एक साल से यह स्रोत सूख जाने के बावजूद राजस्व संग्रह में कोई बेहतरी नहीं आई है। पाकिस्तान ने बिजली के दामों में भारी वृद्धि की है। सरकार ने विभिन्न बिजली उपभोक्ता समूहों प अनेक सरचार्ज लगा दिए हैं। अब सबको बिजली का भुगतान ऊंचे दामों पर करना पड़ता है जो सामान्य बाजार दर से काफी अधिक है। श्रीलंका ने भी बिजली के दाम बढ़ाने का फैसला किया है। श्रीलंका सरकार ने गुरुवार को बिजली के दाम में 66 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की।

पाकिस्तान और श्रीलंका में मुद्रास्फीति आसमान छू रही है। श्रीलंका में मुद्रास्फीति अब 56 प्रतिशत से ऊपर है। पाकिस्तान में अब मुद्रास्फीति एक प्रकार से महत्वहीन हो गई है क्योंकि इस्लामी देश से आए अनेक वीडियो से पता चलता है कि लोग रोटी के टुकड़ों के लिए सड़कों पर लड़ाई झगड़ा कर रहे हैं। पाकिस्तान के वित्तीय रूप से ध्वस्त होने के पहले श्रीलंका ने विदेशी कर्जों के भुगतान में विलंब की घोषणा की थी। अब पाकिस्तान भी ऐसा करने के निकट पहुंच रहा है। दोनों देश अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ से बेलआउट की भीख मांग रहे हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय कर्जदाता एजेंसी ने अपनी शर्तें कठोर रखी हैं। वह बड़े कर्जदाता देशों से अनापत्ति प्रमाणपत्रों की मांग कर रहा है। यह स्पष्ट है कि श्रीलंका और पाकिस्तान ने बेलगाम तरीके से 'खैरातों की राजनीति' के कारण अपनी वित्तीय स्वायत्तता गंवा दी है। पाकिस्तान और श्रीलंका की वर्तमान पीढ़ियां अपने पूर्वजों के पाप का दंड भुगत रही हैं। इससे यह कहावत सही सिद्ध होती है कि 'खैरातें भावी पीढ़ियों के लिए टैक्स होती हैं।' ऐसे में बेलगाम इच्छाओं पर नियंत्रण जरूरी हो जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर अब तक केन्द्र सरकार ने राजकोषीय व्यावहारिकता के रास्ते पर चलने के लिए सभी राज्यों के प्रमुख सचिवों की दो व्यापक बैठकें की हैं। इन दोनों बैठकों का कारण भारतीय रिजर्व बैंक की राज्य सरकारों की वित्तीय स्थिति पर दी जाने वाली रिपोर्ट थी। रिपोर्ट में खुलासा किया गया था कि अनेक राज्यों की वित्तीय स्थिति बहुत खराब है। वे उसी दिशा में आगे बढ़ रही थीं जिस दिशा में चल कर पाकिस्तान और श्रीलंका की बदहाली सामने आई है। किसी भी स्थिति में भारत देश के किसी राज्य को पाकिस्तान व श्रीलंका के रास्ते पर जाने की अनुमति नहीं दे सकता है। ऐसी संभावना विनाशकारी होगी। ऐसे समय जब भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है और वह 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने वाला है, तब किसी राज्य को देश को राजकोषीय अराजकता की ओर घसीटने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। वास्तव में आरबीआई रिपोर्ट ने बताया है कि पंजाब, केरल, पश्चिम बंगाल, बिहार तथा कुछ अन्य राज्यों को सर्जिकल आपरेशनों की जरूरत है ताकि उनकी राजकोषीय व्यवस्थाओं से कैंसर हटाया जा सके। राष्ट्रीय राजधानी में नीति आयोग की प्रशासनिक परिषद की बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने धर्मशाला में प्रमुख सचिवों के दो दिवसीय सम्मेलन में राजकोषीय व्यावहारिकता बनाने पर जोर दिया।

सभी मुख्यमंत्रियों को नीति आयोग की रिपोर्ट के प्रभावों के बारे में बताया गया। लेकिन इस महत्वपूर्ण अवसर पर भी पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राजकोषीय व्यावहारिकता के विचारों पर लापरवाही प्रदर्शित की। उन्होंने केन्द्र सरकार से एक लाख करोड़ की सहायता मांगी। पंजाब की आम आदमी पार्टी-आप सरकार धड़ल्ले से खैरात बांटने पर इस सीमा तक आमादा है कि राज्य ने केन्द्र सरकार से अपनी बेलगाम लोकरंजकता के लिए सहायता मांगी है। खैरातों का वायरस तेजी से फैल रहा है। भारत को खैरातों के वायरस के खिलाफ एक वैक्सीन खोजनी चाहिए। इस खोज के लिए योग्य वैज्ञानिक संसद के विधि-निर्माता, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा निर्वाचन आयोग के सदस्य हैं। उनकी जिम्मेदारी भारत की भावी पीढ़ियों के लिए है। खैरातों के लिए वैक्सीन की ईजाद न केवल तेजी से की जानी चाहिए, बल्कि इसे गलत रास्ते पर चलने वाली सरकारों व राजनीतिक पार्टियों को लगाया भी जाना चाहिए। आवश्यकता होने पर वित्तीय आपातकाल भी लागू किया जा सकता है ताकि विपथगामी राज्यों पर राजकोषीय अनुशासन का कोड़ा फटकारा जा सके।

सर्वोच्च स्तर के अर्थशास्त्रियों ने पुरानी पेंशन योजना-ओपीएस की बहाली पर विनाशकारी परिणामों की चेतावनी दी है। योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह अहलूवालिया जैसे लोगों ने साफ-साफ कहा है कि राज्य सरकारों को ओपीएस लागू करने की ओर नहीं बढ़ना चाहिए। उन्होंने इससे अभूतपूर्व कठिनाइयों के चेतावनी दी है। इसके बावजूद हिमाचल प्रदेश व राजस्थान की कांग्रेस सरकारें ओपीएस लागू करने के रास्ते पर आगे बढ़ी हैं। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने पेंशन सुधार लागू कर नई पेंशन योजना बनाने में कठोर परिश्रम किया था। इसे सरकारी कर्मचारियों ने पूरे मन से स्वीकार किया था, लेकिन अब राज्यों में येन-केन-प्रकारेण सत्ता पर कब्जा करने के उद्देश्य से कांग्रेस इस कठोर परिश्रम पर पानी फेर देना चाहती है। यह रास्ता खतरनाक है। इस पर फौरन नियंत्रण लगाना जरूरी हो गया है। यदि ऐसा नहीं होता है तो भावी पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी।

वास्तव में कांग्रेस व आप तथा अन्य अपनी खैरातों को कल्याणकारी उपाय बता रही हैं और उस पर जनता का समर्थन जुटा रही हैं। सभी लोगों को यह झूठ उजागर करना चाहिए, भले ही उनका राजनीतिक जुड़ाव कुछ भी हो। खैरातें लोगों को दिए जाने वाले ऐसे उपहार हैं जिनमें कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। इसके उलट कल्याणकारी उपाय हमेशा लक्षित होते हैं और संतृप्ति की अवस्था आने पर इनको समाप्त किया जाता है। 'खैरातें' कल्याणकारी उपाय नहीं हैं, बल्कि खैरातें राजनीतिक भ्रष्टाचार है। संसद को एक कानून बना कर 'खैरातों' का राजनीतिक भ्रष्टाचार समाप्त करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय व निर्वाचन आयोग को भी संसद की सहायता करते हुए ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए जिसमें जनता को 'खैरातें' देने के किसी प्रयास पर लगाम लगाई जा सके। खैरातों पर ऐसी सहमति बनने तक वित्तीय आपातकाल के बारे में विचार किया जा सकता है।

# कालेजियम व्यवस्था में सुधार आवश्यक

"न्यायपालिका व कार्यपालिका के बीच बना गतिरोध पूर्णतः समाप्त करने के लिए कालेजियम व्यवस्था में सुधार जरूरी है।"





किसलय मिश्रा
तृष्णा श्रेयांसी

पहले 1970 के दशक में सरकार के दो अंगों के बीच टकराव पैदा हुआ जिसका नतीजा न्यायपालिका की स्वतंत्रता में उत्प्रेरक की तरह सामने आया। अब न्यायाधीशों की नियुक्ति मुख्य मुद्दा बन गया है। वर्तमान समय में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति कालेजियम द्वारा की जाती है। कालेजियम की बैठकें गोपनीय होती हैं और उनका प्रकाशन केवल अंतिम सहमति बनने के बाद ही होता है। इस व्यवहार की आलोचना का कारण खाली स्थान, ढांचागत सीमायें तथा सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से जजों की नियुक्ति है। न्यायपालिका के प्रभावी कामकाज पर बहस दिन पर दिन तीखी होती जा रही है।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 124 के अंतर्गत 'विचार-विमर्श' का अर्थ 'सहमति' बताया है। इस प्रकार कुछ अपवादों के बावजूद न्यायाधीशों की नियुक्ति न्यायाधीशों के चैंबरों तथा अदालतों में पारिवारिक विरासतों पर अत्यधिक निर्भर हो गई है। 99वें संशोधन के पहले अनुच्छेद 142-2 में 'विचार-विमर्श' का प्राविधान था। यहां यह उल्लेख करना जरूरी है कि इस प्राविधान को असंवैधानिक घोषित किया गया था, पर यह अब भी पाठ में बना हुआ है। शब्द 'विचार-विमर्श' का अर्थ निर्णय लेने के पहले चर्चा तथा राय लेने से है।

संविधान सभा की बहसों के खंड 7 में महबूब अली बेग का उल्लेख है जिन्होंने संविधान प्रारूप में अनुच्छेद 103-2 में संशोधन का प्रस्ताव किया था जो अब अनुच्छेद 124-2 है। इसका संबंध सर्वोच्च न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश के अलावा अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति से है। प्रस्तावित संशोधन में कहा गया था, 'यह कार्य प्रधान न्यायाधीश की सहमति से किया जाना चाहिए।' इसके अलावा दो अन्य संशोधन दो सदस्यों की ओर से पेश किए गए थे, पर सभी तीन संशोधनों को अस्वीकार कर दिया गया था। डा. अंबेडकर ने इन संशोधन प्रस्तावों का जवाब देते हुए कहा था, 'इन प्रस्तावों की पैरवी करने वाले लोग अंतर्निहित रूप से प्रधान न्यायाधीश की निष्पक्षता तथा उनके निर्णय की गंभीरता पर विश्वास कर रहे हैं। व्यक्तिगत रूप से मुझे इस बात में कोई संदेह नहीं है कि प्रधान न्यायाधीश बहुत योग्य व्यक्ति हैं, लेकिन आखिरकार प्रधान न्यायाधीश एक व्यक्ति हैं। उनके भीतर उसी प्रकार की भावनायें, विफलतायें व पूर्वाग्रह हो सकते हैं जो आम लोगों में पाए जाते हैं।

ऐसे में मेरे विचार से प्रधान न्यायाधीश को न्यायाधीशों की नियुक्ति में वीटो अधिकार देना वास्तव में उनको एक अधिकार का हस्तांतरण होगा जिसे हम राष्ट्रपति या तत्कालीन सरकार को नहीं देना चाहते हैं। मेरे विचार से यह खतरनाक अवधारणा है।'

लेकिन 'सेकेंड जजेज़ केस' में 'विचार-विमर्श' की व्याख्या इस तरह से की गई कि वह प्रधान न्यायाधीश की राय को 'प्राथमिकता' देता है और इस प्रकार राष्ट्रपति की वह भूमिका कमजोर करता है जिसकी कल्पना मूल रूप से संविधान सभा ने की थी। सेकेंड जजेज़ केस और इसके बाद 'थर्ड जजेज़' व 'फोर्थ जजेज़' केस में न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में विचार-विमर्श की व्याख्या उस तरीके से की गई जो अंबेडकर द्वारा सुझाये तरीके के विपरीत था। संविधान का अनुच्छेद 74-1 राष्ट्रपति के लिए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रि परिषद की 'सहायता व सलाह' से काम करना अनिवार्य बना देता है। इसका कारण बहुत स्पष्ट है। मंत्रिपरिषद निर्वाचित कार्यपालिका है जो लोकसभा के प्रति जवाबेह है। इसलिए सहायता व सलाह का अर्थ जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व है जो प्रतिनिधिक लोकतंत्र का सर्वाधिक महत्वपूर्ण आयाम है। इस प्रकार कोई भी अनुमान लगा सकता है कि संविधान निर्माता न्यायिक नियुक्तियों के बारे में न्यायाधीशों की राय को प्राथमिकता देने के पक्ष में नहीं थे। यदि उनका इरादा प्रधान न्यायाधीश की राय को प्राथमिकता देना होता तो वे सुविधाजनक रूप से 'विचार-विमर्श' के स्थान पर 'सहायता व सलाह' शब्दों का प्रयोग कर सकते थे। लेकिन न्यायपालिका ने इस संदर्भ में निर्णयों के माध्यम से अपने व कार्यपालिका के बीच विवाद पैदा कर दिया है।

हमारे माननीय न्यायाधीशों को यह समझने की आवश्यकता है कि कानूनों की न्यायपालिका के पक्ष में व्याख्या से पूर्वाग्रह की भावना पैदा हुई है जिससे कानून का शासन कमजोर हुआ है। कानून के शासन का अर्थ है कि कानून का निरंतर व निष्पक्ष रूप से प्रयोग किया जाए। यह सेकेंड व फोर्थ जजेज़ केसों से सामने आया है जिनमें दिया गया निर्णय अंततः उसके हितों की पूर्ति करता है जिसे कुछ दूसरे लोग 'कुछ वंशवादी हितों' का नाम दे सकते हैं। न्यायपालिका की ये कार्रवाइयां अंततः व्यवस्था में जनता का विश्वास कमजोर करती हैं।

आवश्यकता इस बात की है कि संवैधानिक अदालतों में न्यायाधीशों की नियुक्ति की ऐसी सुधरी व्यवस्था लागू की जाए जिसमें न्यायपालिका व कार्यपालिका सद्भावनापूर्वक नतीजों तक पहुंच सकें। देश के वर्तमान कानून को देखते हुए कालेजियम को समय-समय पर स्वयं में सुधार कर उसका उच्चीकरण करना चाहिए जैसा कि सरकार के अन्य अंगों में होता है। न्यायपालिका की स्वतंत्रता के नाम पर न्यायिक व्यवस्था को बेलगाम स्वतंत्रता का आनन्द उठाने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। इस प्रकार के सुधार से संवैधानिक अदालतों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के बारे में संभावित पक्षपात के व्यवहार को गहरा धक्का लगेगा।

हालांकि, हमें इस तथ्य को अनदेखा नहीं करना चाहिए कि न्यायाधीश, पुलिस, कार्यपालिका व विधायिका सभी एक ही समाज से आते हैं और वे एक ही व्यवस्था का अंग हैं। ऐसे में यह उम्मीद करना भ्रामक होगा कि व्यवस्था का एक अंग अत्यन्त उत्कृष्ट व्यवहार करेगा और इस मामले में उसका प्रदर्शन दूसरों की तुलना में बहुत अच्छा होगा।

## आप की बात

### निराश राहुल गांधी

**राहुल गांधी** ने चुनावी सभा में मीडिया एवं प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा है कि हमारी मीडिया मेरे भाषण को जनता में ज्यादा नहीं दिखाती है। वह कहते हैं कि मोदी कुछ भी बोलते हैं तो टीवी पर छा जाते हैं परंतु मुझे ज्यादा स्थान नहीं दिया जाता। राहुल गांधी को अपने देश के प्रधानमंत्री से ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए। देश की तरक्की के लिए प्रधानमंत्री लगातार कामकाज की बात करते हैं तब उन बातों को भी जनता तक आना ही चाहिए। हालांकि, पिछले दिनों राहुल गांधी ने केरल से कश्मीर तक की यात्रा की तब सारे मीडिया ने उन्हें पूरी यात्रा के दौरान हाईलाइट किया था। इसलिए वे यह नहीं कह सकते कि उन्हें नहीं दिखाया जाता। लेकिन इस यात्रा के दौरान उन्होंने ऐसा कुछ भी अच्छा देश हित में नहीं कहा जिससे उनकी बातों को टीवी में प्रमुख स्थान मिल सके। अगर वह चाहते तो यह उनकी भारत जोड़ो यात्रा एक यादगार यात्रा बन सकती थी एक ऐसी पार्टी के प्रमुख नेता है जिसने देश में काफी समय तक राज किया था। उनकी भारत जोड़ो यात्रा का कोई भी लाभ पार्टी को नहीं मिल पाया है आज धीरे-धीरे लोग उस यात्रा को भूलने लगे हैं। राहुल गांधी को समझना चाहिए कि जनता कांग्रेस से देश हित की बात सुनना चाहती है।

**एम एम राजावत राज,** शाजापुर

### केजरीवाल की लफ्फाजी

**जनता** की उम्मीद बनकर भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से जन्मी आम आदमी पार्टी आज स्वयं उसी में लिप्त हो गई है। सभी पर आरोप लगाने वाली आम आदमी पार्टी आज स्वयं पर आंच आने पर सच से भाग रही है। शराब घोटाले में आप के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई के अनुसार मनीष सिसोदिया ने आठ घण्टे की पूछताछ में किसी भी प्रश्न का सही उत्तर नही दिया जिस कारण उनकी गिरफ्तारी हुई है। आम आदमी पार्टी ने इसका विरोध शुरू कर दिया। आप के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए हैं। ये विरोध केवल दिल्ली में ही नही बल्कि पूरे भारत मे किया गया है। भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किसी नेता की गिरफ्तारी के विरोध में इतना बड़ा प्रदर्शन पहली बार ही देखने को मिल रहा है। आम आदमी पार्टी के मंत्री सत्येन्द्र जैन व अन्य नेता पहले भी भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार होकर जेल की हवा खा रहे हैं। केजरीवाल हास्यास्पद रूप से कह रहे हैं कि सीबीआई ने उनको दबाव के चलते गिरफ्तार किया है, जबकि वे सिसोदिया का बहुत सम्मान करते हैं। लेकिन केजरीवाल की लफ्फाजी अब चलने वाली नहीं है।

**ललित शंकर,** गाजियाबाद

### रक्षा निर्यात में वृद्धि

**हाल** ही में रक्षा मंत्रालय ने 2024-25 तक भारत के वार्षिक रक्षा निर्यात लक्ष्य को बढ़ाकर 5 बिलियन डॉलर करने का निर्णय लिया है। पिछले पांच वर्षों में भारतीय रक्षा निर्यात में 334 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारत 75 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण प्रदान करने वाले शीर्ष 25 निर्यातकों में शामिल है। दिसंबर 2022 तक भारत का रक्षा निर्यात मूल्य 6,058 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। भारत स्वदेशी एलसीए तेजस उन्नत हल्के हेलीकाप्टर और तेज गश्ती जहाजों जैसे बड़े रक्षा प्लेटफार्मों का निर्यात करता है । यह ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल और पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर जैसी मिसाइल प्रणालियों का भी निर्यात करता है। 2023-24 के रक्षा पूंजी बजट का 75 प्रतिशत घरेलू स्रोतों से खरीद के लिए निर्धारित करना। रक्षा निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए विदेश व्यापार नीति के तहत विशिष्ट प्रोत्साहन पेश किए गए थे और विदेश मंत्रालय ने आयातक देशों के लिए कर्ज सुविधा प्रदान की है। रक्षा निर्यात में बढ़ोत्तरी से देश का दुनिया में सम्मान बढ़ा है तथा देश में रोजगार बढ़ने का रास्ता खुला है।

**रवि रंजन,** नई दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**वर्ष** 2024 के अंत से पहले उत्तर प्रदेश में सड़कों का बुनियादी ढांचा अमेरिका के समान होगा।

– **नितिन गडकरी**
केंद्रीय मंत्री



**किसी** भी अपराध की सजा अपराधी के परिवार या समाज को नहीं दी जाएगी।

– **मायावती**
बसपा सुप्रीमो



**भाजपा** देश के बड़े विपक्षी नेताओं के खिलाफ तमाम तरह की साजिश और षडयंत्र कर लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है।

– **अखिलेश यादव**
सपा अध्यक्ष





बजट सत्र के दौरान चर्चा में भाग लेने जाते विभिन्न दलों के विधायक

विधान परिषद की कार्यवाही

# भाजपा के दावे के खिलाफ सपा का वॉकआउट

## रामचरितमानस प्रकरण में स्वामी प्रसाद मौर्या की सफाई पर सदन में हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बजट** पर सामान्य चर्चा के दौरान सपा सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्या द्वारा पिछले दिनों रामचरितमानस पर उनके द्वारा की गई विवादित टिप्पणी पर सफाई देने और अपनी सुरक्षा का मामला उठाते ही सदन में हंगामा मच गया। इस दौरान सपा और भाजपा सदस्यों के बीच जमकर कहासुनी हुई। हालांकि अधिष्ठाता जयपाल सिंह व्यस्त ने स्थिति को संभालते हुए मौर्या को इस प्रकरण पर बोलने से रोका और कहा कि उनकी कोई भी बात कार्यवाही का हिस्सा नहीं बनेगी। वह केवल अपनी सुरक्षा के मामले तक ही सीमित रहें। मौर्या ने सभापति से मांग की कि उन्हें जान से मारने की दी जा रही धमकियों के मद्देनजर आवश्यक सुरक्षा प्रदान की जाए। सामान्य बजट पर चर्चा करने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्या ने अधिष्ठाता से अपनी जान की सुरक्षा के संबंध में मामला उठाने की अनुमति मांगा। अधिष्ठाता की अनुमति मिलते ही उन्होंने जैसे ही पिछले दिनों रामचरितमानस पर की गई अपनी टिप्पणी पर सफाई देने का प्रयास किया तो भाजपा सदस्य आक्रोशित हो गए। मौर्या ने कहा कि इस प्रकरण के बाद से उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। भाजपा सदस्यों ने

### ● भाजपा सदस्यों ने जताया आक्रोश समाज को बांटने का लगाया आरोप

रामचरितमानस प्रकरण का उनके द्वारा जिक्र किए जाने पर विरोध जताया और आक्रोशित हो उठे। मौर्या ने भारी शोर शराब के बीच अपनी बात रखी लेकिन अधिष्ठाता ने कहा कि उनकी सुरक्षा के अतिरिक्त जो भी बातें वह कह रहे हैं वह कार्यवाही का हिस्सा नहीं बनेंगी। सपा सदस्यों ने मांग करते हुए कहा कि जिन्होंने धमकी दी है उनके खिलाफ धारा 307 का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। नेता सदन का प्रभार संभाल रहे मंत्री एके शर्मा ने मौर्य की बातों का जवाब देते हुए एक शेर पेश किया कि 'दुश्मनी जमकर करो लेकिन यह गुंजाइश रहे, फिर हो जाएं कभी हम दोस्त तो शर्मिंदा न हों।' उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य विधायिका के जानकार हैं। इसलिए ऐसे फोरम पर ऐसी कोई बात न करें जिससे समाज में विभाजन हो। अगर आप मोदी और योगी की राजनीति से परेशान हैं कि पिछड़े और दलित वर्ग के लोग उनके साथ कैसे चल रहें हैं तो आइए हम मुकाबला फील्ड में करें, यहां ऐसी बातें न करें। अधिष्ठाता ने स्वामी प्रसाद मौर्य की सुरक्षा के संबंध में सरकार को आवश्यक कार्यवाही के आदेश दिए।

## घोटाले को लेकर सपा ने किया वेल में धरना-प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में बीजेपी सरकार के दौरान भर्तियों में घोटाला और प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने का मामला शून्य प्रहर के दौरान उठाते हुए समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। इस मामले में सरकार की ओर से दिए गए जवाब से आक्रोशित होकर सपा सदस्यों ने वेल में आकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। जिसके चलते सभापति को सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। सपा के आरोपों के जवाब में नेता सदन व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भर्तियों में भ्रष्टाचार समाजवादी पार्टी की देन है। इनके शासनकाल में भर्ती आयोग को भ्रष्टाचार आयोग की संज्ञा दी गई थी। इतना ही नहीं पेपर लीक गैंग भी सपा का ही है। जितने भी लोग पकड़े जा रहे हैं उनमें से अधिकतम का संबंध सपा से ही है। अगर अपराध की बात करें तो राजनीतिक अपराधीकरण करने वाला कोई है तो वह सपा ही है। शून्य प्रहर के दौरान नियम-105, कार्यस्थगन प्रस्ताव के रूप में मामला उठाते हुए सपा सदस्यों ने कहा कि प्रदेश में जब से बीजेपी की

### ● भर्तियों में भ्रष्टाचार सपा की देनः केशव प्रसाद मौर्य

सरकार आई है सरकारी भर्तियों में जमकर घोटाले हो रहे हैं। वह चाहे 69 हजार शिक्षकों की भर्ती हो, दारोगा भर्ती, मेडिकल भर्ती, आयुष भर्ती। इन सभी में एक वर्ग विशेष के लोगों के हितों को ध्यान रखते हुए एसएसटी और ओबीसी अभ्यर्थियों को सरकार द्वारा प्रभावित किया जा रहा है। सपा के आरोपों का जवाब देते हुए नेता सदन व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बीजेपी सरकार एससीएसटी और ओबीसी के लिए संविधान में प्रदत्त व्यवस्था के क्रम में एक भी पद पर किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होने दे सकती। जहां तक परीक्षाओं के पर्चे लीक होने का मामला है तो प्रदेश में 2012 से 2017 तक सपा सरकार के दौरान तो भर्ती आयोग को भ्रष्टाचार आयोग की संख्या दी गई थी। एक जाति विशेष का नाम उससे जोड़ा गया था जिसका जिक्र मैं नहीं करना चाहता।

उन्होंने कहा कि इसी प्रदेश में बाबू कल्याण सिंह की सरकार के दौरान पहली बार जिस पारदर्शी ढंग से भर्ती हुई उसकी चर्चा जो लोग सेवा में हैं वह आज भी करते हैं। हमने प्रदेश के युवाओं में पढ़ने की भावना जाग्रत हो और वह प्रदेश ही नहीं देश-विदेश में भी अपनी काबलियत का झंडा गाड़ने योग्य हों इसके लिए नकलविहीन परीक्षा कराने की व्यवस्था की और नकल अध्यादेश लाए। जिसे समाप्त करने का पाप समाजवादी पार्टी सरकार ने ही किया। मौर्य ने कहा कि मैं आपको आइना दिखा रहा हूं। अभी प्रयागराज के बड़े माफिया के खिलाफ मुकदमे के मुख्य गवाह की हत्या के मामले में पकड़े गए एक आरोपी के साथ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। उन्होंने कहा कि ये सोशल मीडिया का दौर है, किसी के साथ भी फोटो हो सकती है। सरकार के उत्तर से संतुष्ट न होने पर सपा के सभी सदस्य वेल में आ गये और सरकार विरोधी नारे लगाते हुए धरने पर बैठ गए। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किए जाने के निर्देश दिये। इसी दौरान सदन अव्यवस्थित होने के कारण सदन की कार्यवाही 15 मिनट तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## ● किसानों की आय दोगुनी करने का मामला
## ● प्रदेश व केंद्र दोनों ही सरकारें किसान हितैषी:शाही

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** परिषद में प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी सदस्यों ने प्रदेश में किसानों की आमदनी दोगुनी करने संबंधी भाजपा सरकार के दावों को पूरी तरह से असत्य बताे हुए इस मामले को प्रमुखता से उठाया और सरकार के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से वॉकआउट किया। जवाब में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि हमारी केंद्र और प्रदेश दोनों की सरकारें किसान हितेषी सरकारी हैं। लगातार किसानों के हित में दोनों सरकारों द्वारा विविध कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि अभी कल ही बैंगलूरू से उन्होंने 8.30 करोड़ किसानों के खाते में दो-दो हजार रुपए भेजे हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के एक करोड़ 71 लाख किसानों के खातों में 3.50 करोड़ के ऊपर की धनराशि पहुंची है। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए पीएम मोदी और सीएम योगी पूरी तरह से गंभीर है। समाजवादी पार्टी के एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने प्रश्नकाल में सवाल किया कि क्या कृषि मंत्री बताएंगे कि प्रदेश में वर्ष 2014 में किसानों की आय कितनी थी और वर्तमान में किसानों की आय कितनी है। इसके जवाब में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार स्तर पर तैयार की गई डबलिंग फार्मर्स इनकम वॉल्यूम द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश के कृषक हाउस होल्ड की औसत आय 2014-15 में 52731 रुपए वार्षिक थी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा तैयार की गई ग्रामीण भारत में कृषक परिवारों की स्थिति और परिवारों की भूमि एवं पशुधन का मूल्यांकन 2019 के अनुसार कृषक हाउस कोर्ट की औसत वार्षिक आय जुलाई 2018 जून 2019 में रुपए 96732 रही है। इसके बाद में कृषि मंत्री ने यह माना कि इस दौरान किसानों की आय दोगुनी हो चुकी है।

## गरीबों को राशन व सुशासन देने का काम कर रही है सरकारः गोविंद नारायण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● उच्च सदन में ध्वनिमत से पारित हुए दो विधेयक

**विधान** परिषद में मंगलवार को दो विधेयक ध्वनिमत से पारित हुए। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-2024 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा के गोविन्द नारायण शुक्ला ने बजट के समर्थन में कहा कि यह बजट सर्वव्यापी, सर्वग्राही बजट है। किसानों के सम्मान निधि का पैसा सीधे उनके खाते में दिया जाता है। हमारी सरकार गरीबों को राशन और सुशासन देने का कार्य कर रही है। इससे पहले भोजनावकाश के पश्चात सदन की बैठक अपराह्न तीन बजे सभापति कुँवर मानवेन्द्र सिंह के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई। तत्पश्चात प्रमुख सचिव, विधान परिषद ने उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण (संशोधन) विधेयक, 2023 और उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (सदस्यों की उपलब्धियां और पेंशन) (संशोधन) विधेयक, 2023 ( अध्यक्ष ने प्रमाणित किया है कि यह एक धन विधेयक है) को सदन के पटल पर रखा। विचारोपरांत दोनों विधेयक विचारोपरान्त ध्वनिमत से पारित हुए। अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त के सभापतित्व में सामान्य बजट पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए भाजपा के हरी सिंह ढिल्लो ने कहा कि यह बजट एक मिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को साकार करने वाला बजट है। हमने युवाओं को मोबाइल और टैबलेट दिए। सपा के आशुतोष सिन्हा ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं सिचाई व्यवस्था पर सरकार से प्रश्न किया और कहा कि रोजगार के क्षेत्र में को निराशा हाथ लगी है।

## डीजीपी ने प्रयागराज शूटआउट में शहीद हुए गनर संदीप के पिता से फोन पर की बात

**लखनऊ।** डीजीपी डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान ने प्रयागराज शूटआउट में मारे गए विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश साहू के गनर संदीप के पिता से मोबाइल फोन पर बात की। इस दौरान उन्होंने पूरे परिवार का ख्याल रखने, बीमार चल रही संदीप की पत्नी का इलाज कराने तथा मुख्यमंत्री से मिलकर परिवार को सरकारी नौकरी, मुआवजा और पक्का मकान दिलाने आदि का आश्वासन दिया। डीजीपी के निर्देश पर आजमगढ़ के एसएसपी मंगलवार को शहीद गनर संदीप के घर पहुंचे और मोबाइल फोन मिलाकर उनके पिता संतराम की डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान से बात कराई। डीजीपी ने कहा कि मुझे आपसे यह कहना है कि बेटा संदीप हमारे फोर्स का एक बहुत बहादुर सिपाही था। उसने अपनी ड्यूटी के लिए अपनी जान की कुर्बानी दी है। विभाग उसकी याद को अपने पास संजो कर रखा है। मैने आज एसएसपी आजमगढ़ को इसलिए भेजा था कि आपसे बात करा दें और दूसरा यह बताने के लिए पुलिस फोर्स के जो वरिष्ठ आईपीएस और पीपीएस अधिकारी हैं वह परिवार के रूप में है और अपने परिवार को कभी छोड़ते नहीं हैं। आपके परिवार का हम लोग ख्याल रखेंगे। उन्होंने संदीप की पत्नी का हाल चाल पूछा। जिस पर संदीप के पिता ने बताया कि वह बीमार है और ग्लूकोज चढ़ रहा है। डीजीपी ने कहा कि अगर अलग से कोई डाक्टरी इलाज कराना हो तो बता दीजिएगा हम अभी एसएसपी से बोल देंगे। अस्पताल में भर्ती करा देंगे और इलाज का सारा खर्चा हम लोग वहन करेंगे और आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। इनके जितने देयक हैं, उसे अभी सीपी (पुलिस आयुक्त) प्रयागराज से बता दूंगा कि जल्दी इनको बनवा देंगे। उन्होंने एसएसपी आजमगढ़ को निर्देशित किया कि एक अधिकारी की ड्यूटी लगाई है कि अभी कुछ दिन एक दिन छोड़ कर घर आए। थानाध्यक्ष रोज हाल चाल लेने आए कि कहीं इनको कोई परेशानी न होने पाए। संदीप की पत्नी के इलाज और परिजनों के रहने खाने का इंतजाम करा दीजिए। परिवार के रूप में हाथ पकड़कर रखिए। उन्होंने संतराम को अपना मोबाइल नंबर देते हुए कहा कि अगर कोई बात हो, कोई दिक्कत हो तो तुरंत मुझे बताएं। हौसले से और मजबूती से रहिए।

विधानसभा की कार्यवाही

# मंहगाई के मुद्दे पर सरकार से असंतुष्ट सपा ने किया वॉकआउट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** सभा में मंगलवार को सपा सदस्य मनोज पांडे द्वारा कार्य स्थगन प्रस्ताव के रूप में मंहगाई का मुद्दा उठायाए जिस पर सरकार द्वारा जवाब न आने पर सपा सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया। विधान सभा में मंगलवार को कार्य स्थगन के प्रस्ताव पर सपा सदस्य मनोज पांडे ने महंगाई का मसला उठाते हुए कहा कि प्रदेश की 25 करोड की जनता मंहगाई से पीड़ित है और खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर बिल्डिंग मैटेरियल सब मंहगे होते जा रहे हैं। वर्ष 2015 से लेकर 2022 तक हर वस्तु में मंहगाई बढ़ी है। मनोज पांडे ने कहा कि खाने के तेल के दाम, दूध, आलू, प्याज, पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, सीमेंट, मौरंग, सरिया के दामों में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने कहा कि औसतन आज किसी भी व्यक्ति की आय 12 से लेकर 14 हजार रूपए है। यदि 200 रूपए एक परिवार का खर्च एक दिन का भोजन पर हो रहा है तो एक माह में 6 हजार रूपए उसके भोजन पर ही खर्च हो जाते हैं। सरकार की तरफ से जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री चैधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि सरकार ने गरीब बच्चों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करा रही है। महिलाओं को नि:शुल्क गैस का सिलेंडर और अनाज बांट रही है। गांव में लोग मोदी.योगी की जय.जयकार कर रहे हैं। पिछली सपा सरकार में पेट्रोल और डीजल पर जो वैट थाए उसे मौजूदा सरकार ने कम करने का काम किया है। सरकार के इस जवाब से असंतुष्ट होकर सपा सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया।

## गौरीगंज घटना की एसपी से होगी जांचः खन्ना



**लखनऊ।** कार्य स्थगन के प्रस्ताव के माध्यम से ही सपा सदस्य राकेश सिंह ने अपने विधान सभा क्षेत्र गौरीगंज में एक प्रधान की हत्या का मामला उठाते हुए कहा कि यदि प्रधान को सुरक्षा के लिए अस्त्र लाइसेंस मिल जाता तो शायद वह अपनी रक्षा कर पाता लेकिन प्रदेश में कानून.व्यवस्था का आलम यह है कि कोई सुरक्षित नहीं है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि देश और प्रदेश में उप्र की कानून व्यवस्था सबसे अच्छी है। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच एसपी या एएसपी से कराई जाएगी। इससे पहले सदन में प्रश्न काल के दौरान सपा सदस्य पंकज मलिक] बेचई सरोज, जगदीश नारायण ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सवाल किया कि क्या सरकार ने लूट, डकैती, बलात्कार, महिला उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने के लिए क्या ठोस कार्य योजना बनाई गई है। इस पर जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि उप्र की कानून-व्यवस्था में जो सुधार हुआ है उसकी प्रशंसा उत्तर प्रदेश ही नहीं प्रदेश के बाहर भी हो रही है। प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर कई प्रकार के सुधार हुए हैं। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में फुट पेट्रोलिंग बढ़ाई गई जिसकी प्रतिदिन समीक्षा होती है। एंटी रोमियो स्क्वायड के जरिए महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न की घटनाओं को रोका जा रहा है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि अपराध रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सरकार अपराध रोकने के लिए आगे बढ़कर काम कर रही है।

## जातीय जनगणना को लेकर अखिलेश ने विपक्षी दलों से मांगा सहयोग

**लखनऊ।** नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को एक बार फिर विधानसभा में जातीय जनजगणना को लेकर हुंकार भरी। बजट पर जारी चर्चा में हिस्सा लेते हुए अखिलेश यादव ने जोरदार तरीके से योगी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना के लिए सरकार से लड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने विपक्षी दलों से सहयोग भी मांगा। उन्होंने कहा कि बिना जातीय जनगणना के लिए सबका साथ सबका विश्वास की कल्पना बेमानी है। जब तक जातीय जनगणना नहीं होगी तब तक सर्वसमाज के विकास का नारा सफल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सरकार यदि जातीय जनगणना के खिलाफ है तो उसे आउटसोर्सिंग और निजीकरण के खिलाफ क्यों नहीं है। उन्होंने सदन में नेता सदन द्वारा सपा के कार्यकाल में यूपीएससी में हुई नियुक्तियों में एक जाति विशेष के लोगों की भर्तिया किए जाने के आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि यदि नेता सदन के आरोपों में सच्चाई है तो उन नियुक्तियों की सूची जारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार जीरो टालेरस की बात करती है और जेल में बन्द अभ्यर्थी दरोगा की परीक्षा में पास हो गया। उन्होंनें कहा कि जाति के अनुसार लोगों को उनका हक मिलना चाहिए। सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को उन्होंने किसान, युवा और हर वर्ग का विरोधी बताया। हाल ही में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिटि के बावत उन्होंने कहा कि जो भी एमओयू साइन हुए वे हवा हवाई है। अखिलेश ने नेता सदन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी कटाक्ष किया, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अपना आर्थिक सलाहकार तुरंत बदल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि 200 करोड़ देकर सरकार एक संस्था से सिर्फ सुझाव ले रही है। आपका वित्त विभाग फेल है। अगर सही आंकड़े आपको रखने हैं, तो एम्प्लॉयमेंट रेट बताना चाहिए, क्योंकि रोजगार नहीं है। सरकारी विभागों के खाली पद भरने चाहिए। उन्होंने कहा कि आप अमेरिका की तरह सड़क बनाना चाहते हैं। मगर आपका एक्सप्रेस वे कैसा है। पूरी गाड़ी अंदर चली गई। अखिलेश ने सदन में प्रदेश की योगी सरकार से सवाल किया कि यदि आपने एक भी फोरलेन सड़क बनाई है तो बता दीजिए। आपकी डबल इंजन सरकार में क्या इंजन टकरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस वे के लिए यूपी को बजट नहीं मिलता है। अखिलेश यादव ने कहा कि अमेरिका ने सड़क बनाई और सड़क ने अमेरिका बनाया। ये कहते हैं कि अमेरिका की तरह सड़क बनाएंगे।

## राम चरित मानस के हम खिलाफ नहीं हैः अखिलेश



**विधानसभा** में बजट चर्चा पर बोले अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवाद के बिना सबका साथ सबका विकास संभव नहीं है। अखिलेश यादव ने मानस के मुद्दे पर स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान को खारिज तो नहीं किया लेकिन उन्होंने यह भी साफ किया राम चरित मानस के विरोधी नहीं हैं। भगवान सबके हैं। पर जो गलत है, वह गलत है। उन्होंने कहा जब तक शूद्र ढाल नहीं बनेंगे तब तक भाजपा क्या कोई भी सत्ता में नहीं आ सकता। अखिलेश ने कहा कि बगैर समाजवाद के राम राज संभव नही है। अखिलेश यादव ने यह बात मंगलवार को विधानसभा में बजट चर्चा में कही। उन्होंने कहा कि कोई भी जन्म से शूद्र नहीं होता। सदन में मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि ताड़ना का अर्थ सभी जानते हैं। रामधारी सिंह दिनकर की किताब रश्मिरथी लेकर सदन में पहुंचे अखिलेश ने कहा कि इसमें जो कहा गया है, उसे भी समझना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि किसी के पिता के बारे में बुरा बोला जाएगा, तो स्वाभाविक है कि दूसरा भी उनके पिता के बारे में बोलेगा। 56 नहीं केवल 5 यादव जाति के एसडीएम चुने गए थे, अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि सच यह है कि उनकी सरकार में 2011 की एसडीएम भर्ती में 86 में 56 नहीं पांच यादव जाति के थे। उन्होंने कहा सरकार अपनी सूची सदन में रखे। यह विशेषाधिकार का मामला भी बनता है।

## एक ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का सपना दिखा रही सरकार

**अखिलेश** ने कहा कि सरकार यूपी की जनता को एक ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का सपना दिखा रही है, लेकिन उसे नीति आयोग की रिपोर्ट देखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यूपी कहां स्टैंड करता है। अखिलेश ने कहा कि सरकार ने एक बार दिनरात सभी सदस्यों को जगाकर विधानसभा चालाकर यह साबित करने की कोशिश की थी कि वह संयुक्त राष्ट्र के संस्टेनेबल गोल्स पर काम करेगी और दिल्ली की सरकार उसमें सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि अगर सही मायने में उन चीजों पर काम किया गया होता और बजट को खर्च किया होता तो नीति आयोग की रिपोर्ट कुछ और ही रिपोर्ट देती।

## वरासत व दाखिल खारिज करने में देरी करने वाले अधिकारियों पर तय हो जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधानसभा** अध्यक्ष सतीश महाना ने मंगलवार को राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि वरासत व दाखिल खारिज करने में देरी करने वाले राजस्व अधिकारियों के खिलाफ जिम्मेदारी तय की जाए। उनके खिलाफ लापरवाही करने पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगी राजस्व अधिकारी वरासत, दाखिल खारिज समेत अन्य मामलों मे समयबद्ध कार्रवाई करें। यह निर्देश सतीश महाना ने समाजवादी पार्टी के विधायक अभय सिंह के सवाल पर दिए। दरअसल विधानसभा में अभय सिंह ने राजस्व अधिकारियों की लापरवाही का मुद्दा उठाते हुए प्रश्नकाल के दौरान कहा कि प्रदेश में कहीं भी राजस्व संहिता की धारा 30/20 के तहत मिनजुमला खातों यानी जहां एक ही खाते में कई-कई ग्रामीणों की जमीनें हैं, उनका बंटवारा नियमबद्ध तरीके से नहीं किया जा रहा। नियम है कि कानूनगो, लेखपाल व तहसीलदार मौके पर जाएंगे और सभी पक्षों का

## 13,250 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में दी जा रही अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा

**लखनऊ।** शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने विधानसभा में प्रश्नकाल में एक सवाल के जवाब में कहा कि शैक्षिक सत्र 2018-19 एवं 2019-20 में प्रदेश के समस्त परिषदीय विद्यालयों में से कुल 14000 परिषदीय प्राथमिक विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने के लिए चिन्हित किये गये, जिनमें से 13,250 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से छात्र-छात्राओं को शिक्षा दी जा रही है। दरअसल सपा विधायक डॉ. पल्लवी पटेल ने सरकार से जानना चाहा कि बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने की सरकार की कोई योजना है, यदि हां, तो प्रदेश के किन-किन जनपदों में कुल कितने प्राथमिक विद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने हेतु चिन्हित किया गया है। क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी, यदि नहीं, तो क्यों। इस पर जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों की शिक्षा को लेकर काफी तत्पर है। स्कूलों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई काफी तीव्र गति से काम किया गया है।

## हां मैं शूद्र हूंः ओम प्रकाश राजभर

**लखनऊ।** सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि हां मैं शूद्र हूं। राजभर का यह जवाब विधानसभा में सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा बजट सत्र पर चर्चा के दौरान उठाए गए सवाल पर दिया। अखिलेश यादव ने आम प्रकाश राजभर से पूछा था कि क्या वे शूद्र है। इस पर ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि मनु स्मृति में जो व्यवस्था थी उस हिसाब से हम शूद्र ही हैं क्योंकि मनु स्मृति में चार वर्णों को क्रमशः क्षत्रिय, ब्रह्मण, वैश्य व शूद्र दर्शाया है। उन्होंने कहा कि इस शूद्र में ही बिन्द, कहार सरीखे अन्य जातियां आती है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल के दौरान जातिया जनगणना क्यों नही कराई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व सपा को तो गठजोड़ था।

## पूर्ववर्ती सरकारों ने पिछड़ी जातियों पर अन्याय कियाः अनिल राजभर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री अनिल राजभर ने पूर्ववर्ती सपा-बसपा सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि इन सरकारों ने पिछड़ी व अति पिछड़ी जाति पर अन्याय किया। उन्होंने कहा कि सपा व बसपा की प्रदेश में चार-चार बार सरकारें रही हैं। उस दौरान विपक्षी दलों ने जाति जनगणना क्यों कराई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सकरार का बजट गरीब, वंचितों के लिए किसी वरदान से कम नही है। उन्होंने कहा यह अमृतकान का समावेशी बजट है।

# मृतक के आश्रितों को सोलेशियम स्कीम के तहत मिले आर्थिक सहायताः डीएम

- डीएम ने ली जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दिए निर्देश
- बेहतर रोड इंजीनियरिंग, ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्यवाही पर रहा फोकस

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**मंगलवार** को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा की मौजूदगी में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत हुई। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड तृतीय के ईई अनिल कुमार यादव ने किया। डीएम ने निर्देश दिए कि जिले के विभिन्न मार्गों पर गति निबंधन संबंधी अधिसूचना के क्रम में संबंधित सड़क निर्माण एजेंसी आईआरसी कोड के मानक संबंधी साइन बोर्ड नियमानुसार लगवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सार्वजनिक सेवायान से हुई दुर्घटना में घायल, मृतकों को सहायता राशि प्रदान किए जाने के लिए लंबित प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए। डीएम ने एआरटीओ को निर्देश दिया कि हिट एण्ड रन से दुर्घटना में मृतक व्यक्तियों को सोलेशियम स्कीम 1989 के अन्तर्गत आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पम्पलेट, बैनर लगाकर सोलेशियम स्कीम 1989 का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय और समस्त उप जिलाधिकारियों को भी जानकारी उपलब्ध करा दी जाय जिससे आवश्यकता पड़ने पर उचित कार्यवाही की जा सके। एसपी गणेश कुमार साहा ने कहा कि स्कूल वाहनों का मानक अनुसार संचालन सुनिश्चित कराने के लिए ठोस कार्यवाही की जाय तथा अनदेखी करने वाले स्कूलों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही भी की जाय। डीएम-एसपी ने जनपद में घटित दुर्घटनाओं के विश्लेषण करते हुए ब्लैक स्पॉट पर कृत सुधारात्मक कार्यवाही के संबंध में कृत सुधारात्मक कार्यवाही की प्रगति जानीए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक की शुरुआत में एआरटीओ (प्रशासन) आलोक कुमार सिंह ने गत बैठक के अनुक्रम में हुई कृत कार्यवाही से अवगत कराया। उन्होंने पांच जनवरी से चार फरवरी के मध्य आयोजित सड़क सुरक्षा माह के सफल क्रियान्वयन एवं गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, पीडब्ल्यूडी ईई तरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी, अनिल कुमार जाटव, अनिल कुमार यादव, शुभ नारायन, एनएचआई बरेली के इंजीनियर अंजीत सिंह, एआरटीओ आलोक कुमार सिंह, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, एआरएम रोडवेज, चीनी मिल के जीएम केन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# वैज्ञानिक सोच ही जीवन को सरल बनाने में सक्षम

**संवाददाता।** सीतापुर

- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित की गई मॉडल प्रदर्शनी
- सराहे गए छात्राओं द्वारा लगाए गए मॉडल
- डेढ़ दर्जन से अधिक कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग
- प्रथम दस स्थानों पर विजेता लखनऊ की मॉडल प्रदर्शनी में करेंगे प्रतिभाग

**विज्ञान** जीवन का एक आधार है तथा हमारी वैज्ञानिक सोच ही जीवन को सरल बनाने में सक्षम है, यदि हम सिर्फ खेल-खेल में ही समस्याओं का निराकरण करने की सोच रखें तो बड़ी-बड़ी समस्याओं का समाधान भी आसानी से हो सकता है। यह संदेश राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में दिया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न कालेजों से पधारे छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए मॉडलों को काफी सराहना मिली। माडल प्रदर्शनी में सीता ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन महमूदाबाद के सौरभ सिंह को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। दूसरे स्थान पर आरबीएसबीएस सिंह इंटर कालेज कमलापुर के उत्कृष रहे, जबकि डीपी वर्मा मेमोरियल इंटर कालेज खगेसियामऊ की शिवांगी राज मोहम्मद अतीक, सूर्यांश और अंशीका तीसरे स्थान पर रहीं। राजकीय इंटर कालेज के उदित राठौर आनंदी देवी के कार्तिक वैश्य, आयुष, सीतापुर इंटर कालेज के अमन वर्मा और डीपी वर्मा मेमोरियल के सचिन राठौर को सात्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। सीतापुर शहर के सेक्रेड हार्ट इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित माडल प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता ने अतिथियों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया। तत्पश्चात ईश्वर वंदना की गई। मुख्य अतिथि ने कहा हमारी वैज्ञानिक सोंच ही जीवन को सरल बनने में सक्ष्म है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. दया शंकर श्रीवास्तव, महाविद्यालय के प्राचार्य फादर डेनी, संस्थापक के निदेशक फादर जानी आदि ने भी विचार रखे। आयोजित माडल प्रदर्शनी में हिंदू कन्या पाठशाला, आर्य कन्या इंटर कालेज, आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर, सीता इंटर कालेज महमूदाबाद, यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल सिधौली, डीपी वर्मा मेमोरियल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, राजकीय इंटर कालेज, हीरा इंटर कालेज, आरबीएसबी इंटर कालेज कमलापुर सहित लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक कालेजों ने छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने माडल प्रस्तुत किए। माडलों में रोबेटिक्स, जल सरंक्षण घरेलू सुरक्षा, बीज संर्वधन, आधुनिक कृषि उपकरण, हाईड्रोलिक सिटी सहित कई माडल, आकर्षण का केंद्र रहें। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम 10 स्थानों पर विजेता रहे, अब मंडल स्तरीय माडल प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेंगे। यह आयोजन अगले सप्ताह लखनऊ में होगा। कार्यक्रम में यूपीएस जमशेदपुर की इंस्पायर्ड योजना में नामित दिव्यांशी चौधरी तथा प्रतिभा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अन्य विजयी प्रतिभागियों को पुरूस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। तकनीकी विशेषज्ञों के रूप में आरएमपी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डॉ गौरव, विभागाध्यक्ष, सीतापुर शिक्षण संस्थान के डॉ संदीप, वनस्पति विज्ञान के सहायक आचार्य तथा सेक्रेड हार्ट डिग्री कॉलेज भौतिक अध्यक्ष डॉ शंकर वर्मा ने मॉडल प्रदर्शनी का मूल्यांकन किया। इस अवसर पर सेक्रेड हार्ट के डॉ मनीष गुप्ता, डॉ अरशद अलीसायमा, विश्वदीप कोमल जैन, जयसवाल, रजत तिवारी, परशुराम वर्मा, शिवदत्त, साजिद अली, डॉ अमिता यादव, कविता राठोर, सबीहा कमर, विंदु वर्मा, स्वर्णिम मिश्रा, निर्भय सिंह मौजूद रहे।

# मिश्रिख सांसद ने बजट को बताया समावेशी बजट

**संवाददाता।** सीतापुर

**मोदी** सरकार के मंत्री और सांसद इन दिनों क्षेत्र भ्रमण के साथ अमृतकाल के पहले बजट की विशेषताएं गिना रहे है। सोमवार को केंद्रीय राज्यमंत्री मोहनलालगंज सांसद ने सिधौली में मोदी और योगी सरकार की उपलब्धियों, योजनाअें का बखान मीडिया से किया था, इसी क्रम में मंगलवार को मिश्रिख सांसद अशोक रावत नैमिष के पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में मीडिया से रूबरू हुए और नैमिष मिश्रिख क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों सहित अन्य योजनाओं उपलब्धियों का बखान किया। मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने वर्ष 2023 के बजट को अमृतकाल का पहला बजट बताते हुए कहा यह सर्वसमावेशी गरीबों किसानों और समाज के वंचित तबके को मजबूत बनाने वाला बजट है। सांसद अशोक रावत ने कहा कि केंद्र की स्वदेश दर्शन योजना 2.0 में नैमिषारण्य तीर्थ को शामिल किया गया है। इस पूरे क्षेत्र के विकास के लिए श्री नैमिष तीर्थ विकास परिषद का गठन हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सीतापुर से प्रतापनगर होते हुए हरदोई तक के मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा दिया गया है। इसके निर्माण के लिए 350 करोड़ रुपए भी स्वीकृत हुए हैं। इसके अतिरिक्त पर्यटन विभाग द्वारा कैलाश आश्रम के जीर्णोद्धार के लिए डेढ़ करोड़, हत्याहरण तीर्थ के लिए पचास लाख, संडीला के शीतला माता मंदिर और जंगली शिव मंदिर के लिए डेढ़ डेढ़ करोड़ रुपए पास हो चुके है। बजट में नौकरी पेशा लोगों के लिए बड़ी राहत मिली है इनकी सात लाख सालाना की आय पर कोई टैक्स देय नहीं होगा। बैठक में गोंदलामऊ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुनींद्र अवस्थी, प्रदीप दीक्षित, सांसद प्रतिनिधि राज कुमार सोनी मौजूद रहे।

## अवैध खनन, परिवहन पर प्रशासन ने की प्रभावी कार्यवाही, हड़कंप

**लखीमपुर** खीरी। जनपद खीरी में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के कुशल मार्गदर्शन, निर्देशन में अवैध खनन/परिवहन पर अंकुश लगाये जाने, प्रभावी रोकथाम करने के लिए सतत निगरानी रखी जा रही है। सतत निगरानी रखते हुए माह फरवरी, 2023 में अवैध खनन/परिवहन में सम्मिलित कुल 34 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 6,27,187 रू राजस्व की वसूली की गई तथा 04 वाहनों को सबन्धित थानों में सीज करते हुए उनको अभिरक्षा में रखा गया है। वित्तीय वर्ष 2022-2023 में अब तक कुल 253 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कुल मुण् 69.08,877 लाख की राजस्व वसूली की गई, जोकि विगत वर्षो से अधिक राजस्व की प्राप्ति की गई। डीएम ने बताया कि किसी भी दशा में साधारण बालू- मिट्टी का अवैध खनन न किया जाय वर्ना वाहनों को सीज कर वाहन स्वामी तथा भू स्वामी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# होली एवं शबेरात को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित



**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी

**तहसील** सभागार में एसडीएम पंकज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में होली एवं शबेरात को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। जहां एसडीएम ने शबे बरात और होली शांतिपुर में मनाने की अपील की, वहीं रंगों में पढ़ने का प्रयोग ना हो इसके लिए अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में एक अभियान चलाने का निर्देश दिया एसएसपी अरविंद कुमार वर्मा ने कहा कि आपसी प्यार मोहब्बत से दोनों त्यौहार मनाएं, कोई ऐसा कार्य न करें जिससे पुलिस को कार्रवाई करनी पड़े होली में निकलने वाली दोनों समारोह के बारे में अतुल रस्तोगी और अर्जुन राठौर ने होली को रूटों को देखने की बात कही व कहीं कोई अतिक्रमण आए तो उसको हटवाने का अनुरोध किया। इस मौके पर पुलिस तहसीलदार संतोष कुमार शुक्ला, एसडीओ, ब्लाक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपेई अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता कोतवाली प्रभारी अंबर सिंह, एडवोकेट विवेक शुक्ला, युवा प्रेस क्लब अध्यक्ष अब्बास नकवी, प्रेस क्लब शिवम राठौर मौलाना अखलद सिददीकी, कस्बा इचार्ज दीपक व्यापार मंडल अध्यक्ष रूपेश राठौर हसन नकवी, मो.मोवीन खां सहित तमाम सम्मानित लोग बैठक में मौजूद रहे।

## टैंकर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत, पत्नी घायल

**संडीला**(हरदोई)। टैंकर की चपेट में आकर बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरदोई रोड पर बरौनी चुंगी निवासी दिलीप अस्थाना पुत्र छोटेलाल अपनी पत्नी के साथ बाइक से सराय मारुखपुर स्थित अपने ढाबे पर जा रहे थे। जब वह संतकृपाल नगर के सामने पहुंचे तो पास के ही एक पेट्रोल पंप से तेज रफ्तार से निकल रहे टैंकर की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार दिलीप और उनकी पत्नी सुनीता अस्थाना गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को गंभीर अवस्था में सीएचसी ले जाया गया जहां दिलीप अस्थाना की मौत हो गयी। मृतक के पुत्र धर्मेन्द्र का आरोप है कि सीएचसी पर ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं हो पाई जिसके कारण उनके पिता की मौत हो गयी। सुनीता अस्थाना का इलाज चल रहा है।

## क्विक न्यूज

### मासूम से दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

**बरेली ।** 4 वर्षीय मासूम बच्ची से दुराचार के बाद फरार हुए आरोपी को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा। कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाली 4 वर्षीय किशोरी से दुराचार के बाद फरार हुए इलाके में ही रहने वाले राजा का नाम के एक आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया । ज्ञात हो कि पिछले दिनों घर के बाहर खेल रही एक बच्ची को घर से कुछ ही दूरी पर रहने वाला राजा बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उससे दुराचार करने के बाद फरार हो गया कुछ देर बाद बच्ची रोते हुए अपने घर पहुंची उसके कपड़े भी अस्त-व्यस्त है उसकी हालत देखकर घरवालों ने पूछताछ की तब उसने चाचा चाचा कहने लगी जिससे ये साफहो गया कि उसके साथ किसी जान पहचान वाले ने दुराचार किया है पुलिस ने जांच की और राजा नाम के युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा ।

### डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को सुबह 11 बजे डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एसपी गणेश कुमार साहा ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। डीएम.एसपी ने सभी बैरकों में प्रवेश करके गहनता के साथ जांच.पड़ताल किया। निरीक्षण के दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिला। डीएम ने मुकम्मल साफसफाई के साथ ही सभी बैरकों में सतत निगरानी का भी निर्देश दिया। डीएम.एसपी ने बंदियों का हालचाल जानाए खाने.पीने के बारे में जानकारी प्राप्त कीए जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने स्वयं भोजन की गुणवत्ता देखी। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफसफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफसफाई बनाए रखी जाए। डीएम एसपी ने जेल के बैरकए पाकशालाए अस्पतालए आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जेलर पंकज सिंहए डिप्टी जेलर सुनील कुमारए अजय कुमार सिंहए राजेंद्र कुमारीए चिकित्सक डा. सुनील मौजूद रहे।

### जिला मजिस्ट्रेट ने की कड़ी कार्यवाही, 11 को किया जिला बदर

**शाहजहांपुर।** विभिन्न अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करते हुये न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, शाहजहाँपुर द्वारा उ प्र गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम की धारा-3(3) के अन्तर्गत विभिन्न थानों के 11 व्यक्तियों को 06 माह के लिये जिले से जिला बदर आदेश करते हुए तत्काल जिले की सीमा से बाहर जाने के निर्देश पारित किये गये है। अनिल कुमार पुत्र तालुकेदार निवासी ग्राम कर्रखेडा, थाना बण्डा, शानू पुत्र ताहिर खां निवासी मो प्रहलादपुर मु कमलनैनपुर, फैजान पुत्र अजीम निवासी मो गढ़ी गाड़ीपुरा थाना आरसी मिशन, महबूब पुत्र मतलूब निवीसी मो गढी गाडीपुरा थाना आरसीमिशन उपरोक्त चारो व्यक्तियों पर गुण्डागर्दी आदि सहित गौवध अधिनियम के आपराधिक वाद भी दर्ज है, गुरवेज सिंह पुत्र सुखदेव सिंह निवासी ग्राम मैनिया थाना खुटार गुण्डागर्दी के अतिरिक्त अवैध शराब बेचने के आपराधिक मुकदमें दर्ज है। जलालु पुत्र फकीरे निवासी ग्राम समधाना थाना कटरा, नेत्रपाल पुत्र कालीचरन निवासी ग्राम हिम्मतपुर पर गुण्डागर्दी मारपीट सहित पाक्सो एक्ट जैसे आपराधिक वाद दर्ज है। निसार रजा उर्फ बब्लू पुत्र अब्दुल सत्तार नि0 मो0सरोजनीनगर थाना खुटार, सूरजपाल पुत्र रघुनन्दन निवासी ईश्वरा थाना कटरा, मुनेन्द्र सिंह उर्फ लब्बू उर्फ लवप्रीत सिंह निवासी मो रामनगर कालोनी थाना बण्डा एवं दीपक उर्फ दीपू उर्फ दौव्वा पुत्र बालकराम निवासी मो रामबाग सरायकाईया थाना आरसी मिशन पर मारपीट धमकी जैसे आपराधिक वाद दर्ज है।

### उमेश कुमार पाल के परिवार को जेड श्रेणी सुरक्षा दिलाने की मांग

**बरेली।** प्रयागराज में उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश पाल की निर्मम हत्या के विरोध में संवेदना फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन दिया।बताया कि थाना गंज जनपद प्रयागराज के निवासी अधिवक्ता उमेश कुमार पाल तथा उनके दो रक्षक कर्मचारियों की जो सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहे हैं, माफिया व सपा के पाले हुए बदमाशों द्वारा दिनदहाडे न्यायालय से आते समय गोलियों व बमों के अंधाधुंध हमले से हमलावरों द्वारा नरसंहार कर मौत के घाट उतार दिया गया। उत्तर प्रदेश शासन व प्रदेश की सुरक्षा व कानून व्यवस्था व समस्त अधिवक्ता समाज व समस्त उत्तर प्रदेश के लगभग 4 करोड़ पाल समाज की सुरक्षा व्यवस्था को यह खुली चुनौती है, जिस तरह से आये दिन अधिवक्ता समाज की निर्मन हत्या पूरे प्रदेश में किसी न किसी जिले में की जा रही है वह बहुत ही निंदनीय है।

# जुलूस के दौरान ईंट-पत्थर आदि चोट पहुंचाने वाली वस्तुओं का प्रयोग न करेंः जिलाधिकारी

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में आगामी होली के पर्व के दृष्टिगत बैठक मे लाट साहब जुलूस को सकुशल संपन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी मजिस्ट्रेट अपने तैनाती क्षेत्रस्थल का भ्रमण कर समस्त आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कराते हुए आगामी 4 मार्च तक रूट का भ्रमण कर जनता से संवाद अवश्य किया जाय। इसके साथ ही लाट साहब के जुलूसों का प्रतिनिधित्व करने वाले गणमान्य नागरिकों से भी निरंतर संवाद करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जुलूस मार्ग में पड़ने वाले लटके हुए ढीले तारों को तत्काल प्रभाव से ठीक कराया जाएए साथ ही उन्होंने खुले हुए ट्रांसफार्मरों को भी ढकने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जुलूस मार्ग में पड़ने वाले गड्ढों तथा अवरोधों को जल्द ठीक किया जाए। सीवर के ढक्कन एवं मेन होल तत्काल बंद कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नगर क्षेत्र में बैरिकेडिंग के कार्य को जल्द पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने होली पर्व पर निकाले जाने वाले जुलूस की सुरक्षा के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी दशा में छतों पर ईट, पत्थर, लोहे की रॉड आदि घातक वस्तुओं का एकत्रीकरण ना हो यह सुनिश्चित कर लें।

## सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत

**बरेली।** दरगाह पर हाजिरी लगाकर लौट रहे लोग हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना में पति, पत्नी और पुत्र सहित चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। नवाबगंज क्षेत्र के गांव जागीर निवासी मोहम्मद जाकिर अपनी पत्नी जेबुन्निसा, पुत्र कैफ, बेटी आलिया व बहन रूबी के साथ पीलीभीत के शाहजी मियां की मजार पर हाजिरी लगाकर बाइक से वापस आ रहे थे। रास्ते में उनको अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे बाइक पर बैठे लोग हाईवे पर गिर पड़े। बेटे कैफके सिर के ऊपर से वाहन का पहिया गुजर गया। हादसे में जाकिर और उसके बेटे कैफ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार परिवार के अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी दौरान पीछे से आ रही दो अन्य बाइक भी आपस में टकरा गईं।

# एसपी की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन व मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



**पुलिस** अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा की अध्यक्षता में पुलिस लाईन सभागार में एसएसपी, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष एवं पुलिस कार्यालय सहित समस्त शाखाओं के प्रभारी आदि अधिकारीगण सम्मिलित हुए।

सैनिक सम्मलेन के दौरान विभिन्न थानों व कार्यालयों से आए पुलिसकर्मियों की व्यक्तिगत व विभागीय समस्याओं की जानकारी की गई तथा उनके समयबद्ध विधिक निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं से संबंधित पंजीकृत अभियोगों एवं लंबित विवेचनाओं की थानावार पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से समीक्षा करते हुए समयबद्ध रुप से गुणदोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। हत्या, दुष्कर्म, लूट आदि जघन्य अपराधों के अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये।

# पेज एक का शेष

## आर्थिक वृद्धि...

3.7 प्रतिशत की दर से बढ़ा है, जो साल भर पहले की समान तिमाही में 2.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। खनन और संबद्ध क्षेत्र की वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में घटकर 3.7 प्रतिशत रह गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.4 प्रतिशत रही थी। इस दौरान निर्माण क्षेत्र की वृद्धि 0.2 प्रतिशत से बढ़कर 8.4 प्रतिशत हो गई। बिजली, गैस, जलापूर्ति तथा अन्य जरूरी सेवाओं की वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में ए क्षेत्र छह प्रतिशत की दर से बढ़े थे। सेवा क्षेत्र....व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाएं...की जीवीए वृद्धि तीसरी तिमाही में 9.7 प्रतिशत रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 9.2 प्रतिशत रही थी। वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बढ़कर 5.8 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4.3 प्रतिशत थी। लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं की वृद्धि दर घटकर दो प्रतिशत रह गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 10.6 प्रतिशत रही थी।

## कैसी होगी...

अवधि के लिए तैयार किया गया है और दिल्ली के नियोजित विकास के लिए एक समग्र ढांचा प्रदान करते हैं। ड्राफ्ट एमपीडी-2041 शहर के भावी विकास को दिशा प्रदान करने के लिए एक काय 'नीतिक और सक्षम ढांचा है, जो पिछली योजनाओं के कार्यान्वयन से प्राप्त अनुभवों के आधार पर बनाया गया है और विभिन्न परियोजनाओं और योजना के कार्यान्वयन के संबंध में देश भर से प्राप्त अनुभवों पर आधारित है। दिल्ली मास्टर प्लान-2041 के मसौद को दो खंडों, 10 भागों में विभाजित किया गया है। एमपीडी-2041 का विजन सतत रहने योग्य और वाइब्रेंट दिल्ली को बढ़ावा देना है। इस योजना अवधि के दौरान यहां के निवासियों के सुख और भलाई के लिए निम्नलिखित तीन लक्ष्यों को पूरा किया जाएगा । पहला, पर्यावरणीय रूप से स्थायी शहर बनना, जो लोगों के लिए एक स्वस्थ वातावरण प्रदान करें और जो जलवायु परिवर्तन और आपदाओं के प्रभावों के प्रति प्रतिरोधी हो। दूसरा, भविष्य के लिए तैयार शहर के रूप में विकसित करना, जो कार्य कुशल सेवाओं और हरित गतिशीलता प्रणालियों के साथ अच्छी गुणवत्ता वाला, सस्ता और रहने का सुरक्षित वातावरण प्रदान करें। तीसरा,, आर्थिक, रचनात्मक और सांस्कृतिक विकास के लिए एक गतिशील स्थान के रूप में उभरना।

## कश्मीरी पंडित...

से लैस दो आतंकवादियों के मस्जिद में छिपे होने की जानकारी मिलने के बाद पुलवामा के पदगामपुर इलाके की घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, दो स्थानीय आतंकवादियों के एक मस्जिद में छिपे होने के कारण सुरक्षा बलों ने अत्यधिक संयम बरता। हम यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि मस्जिद को कोई नुकसान न पहुंचे। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान 55 राष्ट्रीय राइफल्स के एक जवान को जांघ में गोली लग गई, जिससे उसकी एक मुख्य धमनी को नुकसान पहुंचा। अत्यधिक खून बह जाने के कारण उसकी जान चली गई। अधिकारी ने बताया कि एक आतंकवादी की पहचान आकिब मुश्ताक के तौर पर हुई है, जो मस्जिद परिसर में मारा गया। दूसरे आतंकवादी की पहचान पुलवामा के पास तराल के निवासी एजाज अहमद भट के तौर पर हुई जो खिड़की से कूदकर मस्जिद के पास एक मकान में छिप गया था।

## जी-20 विदेश...

लेकर संयुक्त बयान जारी नहीं हो सका था। बैठक में बहुपक्षवाद, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा और विकास सहयोग, आतंकवाद का मुकाबला, नए और उभरते खतरों, वैश्विक कौशल मानचित्रण और मानवीय सहायता और आपदा राहत पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। इस बैठक में शामिल होने वाले विदेश मंत्री गिरती आर्थिक वृद्धि, बढ़ती मुद्रास्फीति, वस्तुओं और सेवाओं की कम मांग के साथ-साथ खाद्य, ईंधन और उर्वरकों की बढ़ती कीमतों से निपटने के तरीकों पर भी चर्चा कर सकते हैं। पश्चिम और रूस-चीन गठजोड़ के बीच टकराव का मुख्य मुद्दा यूक्रेन संघर्ष होने की उम्मीद है, हालांकि भारत इस महत्वपूर्ण बैठक के बाद एक संयुक्त बयान जारी करने के लिए सभी प्रयास करने को तैयार है। रूस ने रविवार को आरोप लगाया था कि यूक्रेन की स्थिति को लेकर सामूहिक पश्चिम द्वारा मास्को के प्रति टकराव के रुख के कारण बेंगलुरु में जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों की बैठक बिना किसी संयुक्त बयान के समाप्त हो गई।

## उत्तर प्रदेश...

प्रति संवेदनशीलता प्रत्एक अधिकारी की नैतिक एवं शासकीय जिम्मेदारी है। शासन के सभी अधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों द्वारा ज्यादा से ज्यादा सॉफ्ट कॉपी का ही प्रयोग किया जाए। फिजिकल (हार्ड) कॉपी का प्रयोग कम से कम किया जाए तथा जब भी प्रिंट करने की आवश्यकता हो तो दोनो तरफ ही प्रिंट किया जाए। समस्त पत्रावलियां ई-ऑफिस के माध्यम से ही भेजी जाएं। यदि भौतिक पत्रावलियां भेजना अपरिहार्य हो तो कागज के दोनों तरफ प्रिंट किया जाए। इसमें कहा गया है कि बैठकों में पानी के लिए प्लास्टिक बोलत का उपयोग कदापि न किया जाए।

## चित्रकूट जेल...

वृंदा शुक्ला एवं जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा जिला कारागार चित्रकूट की आकस्मिक चेकिंग की गयी थी। जिसमें कारागार में निरुद्ध अपराधी अब्बास अंसारी एवं उसकी पत्नी निखत बानो तथा उनके सहयोगियों द्वारा कारागार के अन्दर कतिपय अधिकारी एवं कर्मचारीगणों के सहयोग से अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही थी। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली कर्वी में धारा 387, 222, 186, 506, 201, 120 बी, 195 (ए), 34 आईपीसी, 42बी, 54 प्रिजनर्स व 7 सीएलए एक्ट, 7/8/13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। निखत बानो पत्नी पत्नी अब्बास अंसारी एवं उसके सहयोगी ड्राइवर नियाज को गिरफ्तार किया गया था। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रूबरू हुईं। उन्होंने बताया कि विवेचना के क्रम में नामजद अभियुक्तों के मुख्य सहयोगी फराज खान एवं नवनीत सचान को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुकदमें की विवेचना के क्रम में 26 फरवरी को 18 टीमों का गठन कर प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर विभिन्न स्थानों में छापेमारी की गई। यह छापेमारी नामजद अभियुक्तों एवं उनसे जुडे व्यक्तियों तथा विवेचना के मध्य पाए गए अन्य संदिग्ध व्यक्तियों के आवासों पर की गइ । इस पूरी कार्रवाई के लिए अतिरिक्त फोर्स जनपद बांदा, हमीरपुर, महोबा से लिया गया एवं कुल 208 पुलिसकर्मियों को इस कार्रवाई में सम्मिलित किया गया था।

## डिप्टी जेलर...

के लिए न्यायिक रिमांड मंजूर किया है। अब्बास को कासंगज जेल से जरिए वीडियो कांफ्रेंसिंग पेश किया गया था। विशेष अदालत ने यह आदेश इस मामले के विवेचक व चित्रकूट के क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय की अर्जी को मंजूर करते हुए दिया है। विवेचक को कासंगज जेल में अब्बास अंसारी का बयान दर्ज करने की इजाजत भी दे दी है। विशेष जज लोकेश वरुण ने इस मामले में निरुद्ध अब्बास असांरी की पत्नी निखत बानो की जमानत अर्जी भी खारिज कर दी है। कहा है कि मुल्जिम को चित्रकूट जेल से परिसर से गिरफ्तार किया गया था। इसके पास से दो मोबाइल, 21 हजार नगद, 12 रियाल व अन्य सामान बरामद हुए थे। मामला गंभीर प्रकृति का है। विवेचना प्रचलित है। वह प्रथम दृष्टया इस मामले में संलिप्त है। यदि इसे जमानत पर रिहा किया गया तो गवाहों को प्रभावित कर सकती है। उसके फरार होने की भी प्रबल संभावना है। लिहाजा जमानत का आधार पर्याप्त नहीं है। सरकारी वकील एमके सिंह के मुताबिक निखत बानो पर अपने विधायक पति अब्बास अंसारी को जेल में सुविधाएं मुहैया कराने व इसके एवज में जेल के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को उपहार, पैसा व प्रलोभन देने का इल्जाम है। इसके अलावा अब्बास को जेल से भगाने की योजना की साजिश रचने व साक्ष्य नष्ट करने का भी आरोप है।

## मार्च में...

2021 में 3.3 प्रतिशत, 2022 में 3 प्रतिशत और 2023 में अग्रिम अनुमान के मुताबिक 3.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। पिछले साल मार्च में औसत अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री सेल्सियस था, जो 127 साल में सबसे ज्यादा है। इसका मतलब है कि दिल्ली और एनसीआर सहित उत्तर भारत में तापमान में वृद्धि के कारण मार्च गर्म रहने की संभावना है। दिल्ली में पिछले 55 वर्षों में फरवरी के महीने में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। तापमान में वृद्धि की प्रवृत्ति को ग्लोबल वार्मिंग से जोड़ते हुए मौसम विभाग ने कहा कि भारत में 1877 के बाद इस साल सबसे गर्म फरवरी रही, जिसमें औसत अधिकतम तापमान 29.54 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग के हाइड्रोमेट और एग्रोमेट एडवाइजरी सर्विसेज के प्रमुख एससी भान ने कहा कि मार्च में लू चलने की संभावना तो कम हैं, लेकिन अप्रैल और मई में देश के अधिकांश हिस्सों में प्रचंड गर्मी पड़ सकती है।

## गर्मी को...

सूचना मंच (आईएचआईपी) पर की जाएगी। भूषण ने कहा कि कृपया सुनिश्चित करें कि सभी स्वास्थ्य सुविधाएं मौजूदा पी-फॉर्म स्तर की लॉगिन जानकारी का उपयोग करें और निर्धारित प्रारूपों के अनुसार मामलों और मौतों की सूची अद्यतन रखें। पत्र में, भूषण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आग्रह किया कि वे पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाओं, इंट्रावेनस फ्लूइड्स, आइस पैक, ओआरएस और सभी आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता के लिए स्वास्थ्य सुविधा तैयारियों की समीक्षा करें।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 1 मार्च, 2023



# होली पर मिलावटी शराब बिकी तो नपेंगे जिम्मेदार अधिकारी : डीएम

**● होली को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के डीएम-एसपी ने दिये निर्देश**

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में कानून व्यवस्था व होली के त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने तथा सामाजिक सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने आदि के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष हिंदू पंचांग के अनुसार 7 मार्च को होलिका दहन होगा एवं 8 मार्च को होली खेली जाएगी। उसी दिन शबे बरात का भी त्यौहार पड़ रहा है। इसको देखते हुए सभी उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा जोनल/ सेक्टर मजिस्ट्रेट भ्रमणशील रहकर त्यौहार को सकुशल संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि कहीं विवादित स्थल है तो वहा पर सुरक्षा बल की ड्यूटी लगाई जाये। मऊ में होली 9 मार्च को खेली जाएगी।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मऊ एवं सीओ मऊ को निर्देश दिए कि आप लोग भ्रमण कर निगरानी करते रहें। जुलूस एवं डीजे रात 10 बजे के बाद नहीं बजना चाहिए। शराब की दुकानें होली के दिन बंद रहेगी व जो लोग बाहर चोरी से बेचते हैं उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी ने खनिज अधिकारी को निर्देशित किया होली की दिन खनन व ट्रांसपोर्ट न हो। जिलाधिकारी ने अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि मोटरसाइकिल की चेकिंग कराएं जिससे कि लोग हेलमेट लगाएं। मिलावटी शराब कहीं भी नहीं बिकनी चाहिए। इसके लिए संबंधित थानाध्यक्ष तथा आबकारी विभाग लगातार भ्रमण सील रहकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। खाद्य मिलावटी को देखते हुए फूड इंस्पेक्टरों को निर्देश दिए जाएं कि वह देखते रहे जिससे कि खाद्य मिलावट न होने पाए। होलिका दहन स्थलों के संबंध में उन्होंने यह भी कहा कि जहां आवश्यकता है वहां सीसीटीवी कैमरा भी लगाए जाये।

# जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में डीएम ने कसे सिस्टम के पेंच

**संवाददाता।** फतेहपुर

**बेसिक** शिक्षा विभाग में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के अनुश्रवण हेतु शासन द्वारा गठित टास्क फोर्स एवं जनपद स्तरीय टास्क फोर्स (निपुण भारत मिशन) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत अवशेष बचे विद्यालयों को सभी पैरामीटर्स से संतृप्त किया जाय। साथ ही आधार फीडिंग का कार्य जो अवशेष है उसको भी फौरी तौर पर पूर्ण कराया जाय। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप निपुण भारत मिशन के तहत कक्षा-1 से 3 तक के बच्चों को निपुण बनाया जाना है। इसके लिए बेहतर कार्ययोजना बनाते हुए बच्चों को निपुण बनाया जाय। बेसिक शिक्षा अधिकारी को यह निर्देशित किया कि ब्लॉकवार शिक्षकों की बैठक कर निपुण भारत का सफल क्रियान्वयन कराया जाय। परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए।

खंड शिक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों का समय समय पर औचक निरीक्षण करे साथ ही सुपरविजन टीम विद्यालयों में जाकर बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की जांच करे और शिक्षकों को अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रोत्साहित भी करें। जिन विद्यालयों में किचेन गार्डन का कार्य शेष है उनका जल्द से जल्द पूरा कराया जाय। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सभी पैरामीटर्स की बिंदुवार समीक्षा की। जल जीवन मिशन के तहत जिन ग्रामो में पानी की टंकी का निर्माण/प्रस्तावित/संतृप्त है को डीपीआर में सम्मिलित कराते हुए परिषदीय विद्यालयों में स्वच्छ पेय जल की आपूर्ति करायी जाय।

**माधौगढ़ प्रशासन की मौरंग माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई**

# अवैध खनन व परिवहन मामले में 9 ट्रक जब्त किए

**संवाददाता।** माधौगढ़, जालौन



**● जब्त किये गये ट्रकों की कीमत चार करोड़ से ज्यादा**

**माधौगढ़** प्रशासन ने मौरंग माफियाओं के ऊपर सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को नौ ट्रक जिनकी कीमत लगभग 4 करोड़ से ज्यादा बतायी जा रही है उन्हें जब्त कर लिया। उक्त कार्यवाही की भनक लगते ही लंबे समय से अवैध मौरंग खनन व परिवहन में लगे माफियाओं में हड़कंप मच गया। इसी के साथ जिस रास्ते से मौरंग भरे वाहनों की आवाजाही होती थी उनको संरक्षण देने के लिये सक्रिय मौरंग माफियाओं के गुर्गे कार्रवाई के भय से अपने लिये सुरक्षित ठिकाना तलाशने में जुट गये थे।

बता दें कि पूर्व के समय में जब निवर्तमान एसडीएम ने मौरंग माफियाओं के वाहनों को रोकने का प्रयास किया था तो दबंग मौरंग माफिया प्रशासन की उक्त कार्यवाही से क्रोधित हो गये और फिर उन्होंने एसडीएम को ही मौरंग भरे वाहन से कुचलने का प्रयास किया था। उक्त घटना को लेकर माधौगढ़ कोतवाली में 24 लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत हुआ था जो अपराध संख्या 142/22 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के क्रम में जिलाधिकारी के द्वारा करवाई गई थी जिसमें 504/23 अंतर्गत धारा 14 एक गैंगस्टर एक्ट में पारित आदेश के अनुपालन में किया गया। इसीक्रम में मंगलवार को माधौगढ़ के प्रशासनिक अमले की टीम बीहड़ांचल के मप्र बार्डर पर पहुंची जहां पर पहले से ही मौरंग भरे वाहन खड़े मिले तो प्रशासनिक अधिकारी पुलिस बल के साथ नौ ट्रकों को जब्त कर माधौगढ़ ले आये।

उक्त कार्रवाई के संबंध में माधौगढ़ एसडीएम अंगद यादव ने मीडिया से वार्ता में बताया कि यह कार्रवाई माधौगढ़ कोतवाली से की गई और यह थाना पुलिस ने 9 ट्रकों को जब्त किया और इसकी कीमत लगभग 4 करोड़ से ज्यादा है। उनका कहना था कि अभी तो इस तरह की कार्यवाही की शुरूआत हुयी है। आने वाले समय में इस तरह की कार्यवाही बड़े स्तर पर अमल में लायी जायेगी।

# त्योहार पर माहौल खराब करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : एसडीएम

**राजापुर,** चित्रकूट। जिले के राजापुर थाना क्षेत्र के कस्बा सहित 70 ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका महोत्सव तथा शबे बारात को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के लिए राजापुर थाने के विशाल प्रांगण में पीस कमेटी की बैठक उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। जिसमें सौहार्दपूर्ण ढंग से दोनों त्योहारों को भाईचारे के साथ मनाने के लिए अपील की गई तथा कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में 70 चिन्हित स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा।

क्षेत्राधिकारी राजापुर शिवप्रकाश सोनकर ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारा के साथ मनाने की परम्परा का निर्वाह करते हुए होली का त्योहार मनाए जाने की आवश्यकता है और सुरक्षा की दृष्टि से कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पांच मोबाइल टीम का गठन कर होली के हुड़दंग को रोकने का दायित्व उनको दिया जाएगा और विशेष आवश्कयता पड़ने पर उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक के सीयूजी नम्बर पर कॉल करके पल पल की खबर दी जा सकती है और कस्बा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शराब के सेवन में पूर्ण प्रतिबंध लगा रहेगा।

उपजिलाधिकारी प्रमोद झा ने कहा कि होली का पर्व सद्भावनापूर्वक मनाया जाता रहा है और आगामी आने वाली होलिका दहन पर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने की आवश्यकता है और शराब के नशे में हुड़दंग करना एक दण्डनीय अपराध है। इस अपराध से बचने के लिए शराब का सेवन कतई न करने की अपील की है और कहा है कि 8 और 9 को जिलाधिकारी के आदेशानुसार शराब की दुकानें पूर्णतय: बन्द रहेंगी। यदि कोई भी व्यक्ति शराब पीते व बेंचते हुए पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी तथा डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा और विशेष आवश्यकता पड़ने पर परमिशन लेना आवश्यक है। साथ ही कहा कि मुस्लिम समाज का त्योहार भी होलिका दहन के दिन है जिसे दोनों समुदाय मिलकर त्योहार मनाने की अपील की है।

# न्याय के नाम पर पीड़ित को थाने में दिन भर बैठाये रखा

**फर्रुखाबाद।** जहां एक ओर पुलिस विभाग के आलाधिकारी आये दिन पुलिस मित्र होने का दावा करती है और अपने अधीनस्त कर्मचारियों को भी समय समय पर पुलिस मित्र होने का पाठ पढाती रहती है। लेकिन पुलिस हकीकत कुछ और ही बयां करती है। ऐसा ही एक मामला मोहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस का है जो कि कानून व्यवस्था की पोल खोल रहा है। पीड़ित व्यक्ति का नाम बृजमोहन कठेरिया पुत्र रामप्रकाश निवासी नारहिया थाना कोतवाली मोहम्मदाबाद है । पीड़ित सुबह कोतवाली में अपनी मारपीट की पीड़ा बताने पुलिस को आया था पुलिस ने उल्टा उसे सुबह भूखे प्यासे पीड़ित को कार्रवाई का भरोसा देकर बैठा हुए हैं । अभी तक इस पीड़ित की न तो कोई कार्रवाई हुई है और न ही इसका मेडिकल कराया गया। ब्रजमोहन पीड़ित चोटों की वजह से पूरे दिन पीड़ा से कराता रहा लेकिन उसकी सुध लेने वाला कोई नही है। यह कोई नई बात नहीं है ऐसी घटना आये दिन जिले के थाना कोतवाली में देखी जा सकती है। यह है असल में पुलिस, मित्र होने की असलियत। अगााधिकारियों को ऐसे जिम्मेदार लोगो पर कार्यवाही करनी चाहिए जो पुलिस की छवि पर बटटा लगा रहे है। अब देखना यह यह कि पुलिस कप्तान अशोक कुमार मीणा जिम्मेदार पुलिस कर्मियों के खिलाफ क्या कार्रवाई करते हैं, यह आने वाला वक्त ही बतायेगा।

# अच्छे वैज्ञानिक बनकर करें चित्रकूट का नाम रोशन : अशोक जाटव

**संवाददाता।** चित्रकूट



**विज्ञान** एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब चित्रकूट द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन भजन संध्या स्थल रैन बसेरा सीतापुर में किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर द्वारा मां शारदा के चरणों में दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

सरस्वती वंदना चित्रकूट इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा तथा गणेश वंदना बालिका राधिका सिंह द्वारा किया गया। सभी अतिथियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। वैज्ञानिक दृष्टिकोण, बच्चों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने, तार्किक क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री जाटव ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजनो से विद्यार्थियों के मध्य प्रतिभा ,खोज ,विकास के साथ उनका प्रोत्साहन होता है।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आने वाली नई समस्याओं को हम तकनीकी के माध्यम से हल कर सकते हैं। उन्होंने उपस्थित छात्रों को विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी के महत्व एवं उपयोग के संवर्धन एवं प्रोत्साहन के प्रति जागरूक किया। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते उन्हें विभिन्न वैज्ञानिक पहलुओं का विश्लेषण करने के साथ वैज्ञानिक सोच व दृष्टिकोण उत्पन्न करने पर प्रकाश डाला। जिला समन्वयक साकेत बिहारी शुक्ल में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध वैज्ञानिक सर सी वी रमन की याद में मनाया जाने वाला राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की इस वर्ष की थीम - 'वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान विषय' पर जनपद के विभिन्न बच्चों ने अपने मॉडल प्रस्तुत किए। इस जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में बैजनाथ भाररद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र द्वारा बनाई गई एंटी स्लीप अलार्म प्रोजेक्ट को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 3000रुपये की नगद धनराशि प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## क्विक न्यूज

### दबंगों ने किया सरकारी जमीन पर कब्जा

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के भटपुरवा गांव में ग्राम समाज की जमीन पर जबरन कब्जा करने को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव बरकरार है। थाना पुलिस द्वारा इस मामले में एक पक्षीय रवैया अपनाये जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। जमीन पर कब्जे को लेकर गांव के निवासी जगरूप ने इसके पूर्व जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर विरोध जताया था जिस पर राजस्व अधिकारियों द्वारा जमीन पर किसी भी प्रकार का कब्जा ना होने पर रोक लगा दी गई थी। आरोप है कि थाना पुलिस गांव के महेश व ललित कुमार से मिलकर जमीन पर कब्जा करा रही है, इसका विरोध करने के लिए जब जगरूप के परिजन जब थाने पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें बैठा लिया और कब्जा कर रहे लोगों के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं की जिसके चलते ग्राम समाज की जमीन पर कच्चे धारी को लेकर गांव में दो पक्षों के बीच तनाव बरकरार है। थाना पुलिस की भूमिका संदिग्ध होने के चलते किसी भी समय कोई अपनी घटना कहो ना कोई बड़ी बात नहीं है। क्षेत्रीय लेखपाल ने भी इस जमीन पर कब्जा ना होने की रिपोर्ट अपने अधिकारियों को दी है लेकिन इसके बावजूद भी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है।

### गांजा तस्करों पर कार्रवाई, संपत्ति कुर्क की गई

**हमीरपुर।** बिवार क्षेत्र में गांजा तस्करों के खिलाफ अपराध कर अकूत संपत्ति संग्रह करने पर पुलिस ने गैंगेस्टर के तहत की गयी कार्यवाही पर छह अपराधियों की दो करोड़ बीस लाख 66 हजार 714 रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली गयी है। पुलिस के मुताबिक विभिन्न अपराधों में संलिप्त पिछले दिनों भारी मात्रा में गाजा पकड़ कर कार्यवाही की गयी गयी थी जिमसे शीबू खान निवासी नरायच थाना मौदहा,फरीद निवासी मौदहा,मोहम्मद हारुन ग्राम मदारपुर,आरिफखान निवासी नरायच,अरुण कुमार निवासी नैकाना महोवा,दानिश निवासी नरायच को गैंग्स्टर एक्ट तहत कार्यवाही की गयी थी बाद मे पुलिस ने सभी की संपत्ति कुर्क कर ली गयी है। संपत्ति में वाहन,प्लाट,मकान आदि शामिल है।

### पर्यावरण मानकों को ताक में रख संचालित है अवैध कोल भट्टी

**पहाड़ी,** चित्रकूट। जिले के पहाड़ी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायतों में सुरक्षा एवं पर्यावरण के मानकों को ताक में रख अवैध तरीके से कोल भट्टी का संचालन किया जा रहा है। वह ग्रामीणों के आसपास के खेतों में खड़ी फसल सहित गांव में धुंआ धुंआ से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। ग्राम पंचायत अरक्षा बरेठी के ग्रामीणों ने बताया कि कोल भट्टी के आसपास किसी भी तरह के सुरक्षा के इंतजाम नहीं है। अग्निशमन के कोई सामान नहीं होने से खेत के आसपास कच्चे घरों एवं ग्रामीणों में आग लगने का खतरा बना रहता है। अग्निशमन एवं वन विभाग द्वारा मनमाने तरीके से बगैर स्थल निरीक्षण के एनओसी दी गई है। कोल भट्टी संचालन हेतु इस साल में किसी भी तरह की सुरक्षा दीवाल का निर्माण नहीं कराया गया। 5000 लीटर पानी की कोई टंकी नहीं है बोरवेल का कोई इंतजाम नहीं है भट्टी में लगे कर्मचारियों को फायर फाइटिंग की जानकारी नहीं है। प्रस्तावित स्थल के कंट्रोल रूम के पास लोकल पुलिस थाना फायर सर्विस वन विभाग एवं उच्च अधिकारियों के टेलीफोन नंबर एवं पट्टिका नहीं लगाई गई। नियम नियमों को ताक में रख अवैध तरीके से ग्राम पंचायत में कोल भट्टी का संचालन किया जा रहा है।

### उमेश पाल के हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार करें : रामप्रकाश



**चित्रकूट।** जिला कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई जिस पर बोलते हुए एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय एडवोकेट ने कड़ी नाराजगी जताई कहा कि प्रयागराज में अधिवक्ता की हत्या प्रदेश के लिए काला दिन है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता प्रदेश सरकार से लगातार एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट/अधिवक्ता सुरक्षा कानून की मांग कर रहे हैं क्योंकि प्रदेश में लगातार अधिवक्ताओं की हत्याएं, अपराधियों से साजिसो के शिकार होने से लेकर बहुत दंश झेलने पड़ते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द मिश्रा ने कहा कि राजू पाल अति दलित समुदाय से थे वह बहुजन समाज पार्टी के विधायक थे जब 14 साल पहले उनकी हत्या कर दी गई थी। उनके हत्या के एकमात्र चश्मदीद गवाह उमेश पाल जो उनके चचेरे भाई हैं। उनकी हत्या कर दी गई।

### तमंचा साफ करते वीडियो वायरल, गिरफ्तार

**मौदहा,** हमीरपुर। इन दिनों सोशल मीडिया में एक तमंचा को साफ करते हुए फोटो जबरदस्त तरीके से वायरल हो रही है। जिसे देखकर लोग अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दर्ज करा रहे हैं। वही कोतवाली पुलिस का कहना है कि युवक की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया गया है। मौदहा प्रभारी कोतवाल तौफीक अहमद ने बताया कि जो युवक सोशल मीडिया में तमंचा लिए दिखाई दे रहा है उसकी पहचान सुनील नाम के युवक के रूप में की है। यह रीवन गांव का निवासी है जिसे गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।बताते चलें कि अवैध तमंचा की फोटो वीडियो इन दिनों अक्सर सोशल मीडिया में वायरल होती रहती है जिस पर समय-समय पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही की जाती पर इन लोगो में किसी तरह का कोई प्रभाव नहीं दिखता है।

### आधुनिकता के दौर में चिड़ियों को बचाने की पहल



**फतेहपुर।** आधुनिकता के चलते शहरों से गायब हो रही चिड़ियों को बचाने के लिए युवा विकास समिति ने एक और पहल करते हुए जिलाधिकारी श्रुति को घोंसला देकर चिड़ियो को बचाने के प्रयास के लिए सहयोग किये जाने की माग किया। बताते चले कि दो दशक पहले तक घरों की मुंडेर और कोटरों में गौरैया की चहचहाहट सुनाई पड़ती थी, लेकिन आज के घरों में उसके रहने की जगह बाकी नहीं रह गई है। चिड़ियों को बचाने के लिए युवा विकास समिति लगातार प्रयास कर रही है संगठन द्वारा गर्मियों में भी पशु-पंछी के लिये पानी की व्यवस्था शहर मे जगह-जगह की गई थी। इस बार भीषण गर्मी में चिड़ियों को बचाने के लिए लकड़ी से बने घोंसला देकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम में पशुपालकों को प्रशिक्षित किया गया

**कानपुर देहात।** विकासखंड अकबरपुर के सभागार में पशुधन विकास एवं कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन कुशलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर देवकीनंदन लवानिया द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें पशुधन विकास एवं कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के अंतर्गत पशुपालन विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के 83 जागरूक पशुपालकों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 24-2- 23 से 28 -2- 23 तक अनुभवी पशु चिकित्सकों द्वारा प्रदान किया गया जिसमें सफल प्रशिक्षणार्थियों को डॉक्टर डीएन लवानिया मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कानपुर देहात द्वारा प्रमाण पत्र वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं दी गईं।

# विज्ञान दिवस पर रामश्री के बच्चों ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**संवाददाता।** जालौन, उरई



**विज्ञान** दिवस के अवसर पर रामश्री मैमोरियल स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। छात्राओं द्वारा बनाए गए आदर्श गांव, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन, होम मेड वाटर प्यूरीफायर सिस्टम एवं एज केलकुलेटर के मॉडलों को लोगों ने जमकर सराहते हुए छात्राओं की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा की।

स्थानीय रामश्री मैमोरियल स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र, छात्राओं ने विज्ञान, वैदिक गणित, आर्ट एंड क्राफ्ट, पर्यावरण, सामाजिक विषय आदि सहित विभिन्न विषयों को लेकर आकर्षक मॉडल बनाए। जिसमें वैदिक गणित के मॉडल स्वायर मैजिक, ऐज कैलकुलेटर, विज्ञान में सोलर प्लेट का निर्माण, डीसी इंवर्टर, पवन चक्की, पेंसिल से लाइट जलाना, अपशिष्ट पदार्थों का प्रबंधन, ड्रिप इरीगेशन, फूड प्रोडक्शन, अम्लीय वर्षा, वाटर लेवल इंडीकेटर, होम मेड वाटर प्यूरीफायर, आदर्श गांव, ज्वालामुखी जल प्रपात, अग्नि शामक यंत्र एवं वेस्ट मैटेरियल से घरेलू साज सज्जा की वस्तुओं सहित लगभग एक सैंकड़ा से अधिक आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए गए। जिन्हें देखने वालों ने जमकर सराहा। इसके साथ ही छात्रों ने निरीक्षण के लिए गए लोगों को मॉडल के निर्माण की विधि, कार्यविधि एवं उनके उपयोग के बारे में भी जानकारी दी। अंत में प्रबंधक अनिल पुरवार ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कर्ष, कार्तिक, देव, माधव, अनन्या, रितिक, वीरप्रताप, अंश, मयंक, देवांश, सात्विक, आंशिका, नेहा, अश, अभय, गुंजन, मनु, अनुज, मयंक, राम, मानवी, पारुल, गौरव, एकांशी, आस्था, अंश, अर्थ, कौशिक, ऋषभ, हरिओम, सोनम, रुद्र, नव्या, अनुष्का, खुशी, देव, पूनम, मान्या आदि बच्चों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर विज्ञान अध्यापक अंकुर पटेल, पमा प्रधान राकेश पटेल, देवेंद्र व्यास, रामअवतार दीक्षित, शंकरलाल अवस्थी, सरल शुक्ला, अरविंद पुरवार, पंकज पुरवार आदि मौजूद रहे।

### मदनेपुर में 11 कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ का समापन आज

**कुठौंद,** जालौन। ग्राम पंचायत मदनेपुर में विशाल 11 कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ में सरस मधुर कथा वाचक श्री श्री 1008 महंत नृत्य गोपाल दास के कृपा पात्र शिष्य महंत अवधेश दास महाराज निवास श्रीधाम अयोध्या मणिराम दास छावनी के मुखारविंद से रावण वध, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ वध, एवं राम के अयोध्या वापसी एवं राजतिलक तक की कथा सुनकर भक्त भावविभोर हो गये। यज्ञ आचार्य राजीव कांत त्रिपाठी शास्त्री श्री वृंदावन धाम, संरक्षक श्री श्री 1008 महंत गोपाल दास महाराज मंडलेश्वर बगरा एवं इस विशाल यज्ञ के पारीछत श्रीमती कस्तूरी देवी एवं श्रीराम ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। रुद्र महायज्ञ के व्यवस्थापक विक्रम सिंह हाजीपुर, रामशंकर सिंह, भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूजा शुक्ला, कुक्कू महाराज कुठौंद,वीर सिंह चौहान, भीम सिंह राजावत रणधीरपुर, रिंकू परिहार, नितेश शुक्ला, बाबूजी मुसमरिया, संदीप सिंह जादौन नसीरपुर, गिरेंद प्रताप मौजूद रहे।

# पुलिस ने बरामद किया साढ़े बाइस किलो गांजा, दो गिरफ्तार



**संवाददाता।** मानिकपुर/चित्रकूट

**जीआरपी** व आरपीएफ पुलिस ने संयुक्त जांच में प्लेटफार्म नम्बर एक प्रयागराज आउटर में दो लोगों को दबोचकर 22 किलो छह सौ ग्राम सूखा गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है। दोनों ट्रेन से गांजा तस्करी में लिप्त पाये गये। मंगलवार को सवेरे चार बजे आरपीएफ व जीआरपी पुलिस संयुक्त जांच में दो संदिग्ध पुलिस को देखते ही भागने लगे। प्रयागराज आउटर पर दो लोग दो ट्राली बैग लेकर भाग रहे थे। जीआरपी प्रभारी दिलीप मिश्रा, दीवान इकरार अहमद, सफीक अहमद, सिपाही भूपेन्द्र व आरपीएफ के आशुतोष व वीरेन्द्र सिंह ने दौडकर दोनों को दबोच लिया। दोनों के कब्जे से पुलिस ने 22 किलो 600 ग्राम सूखा गांजा बरामद कर लिया। पूछताछ में पुलिस को नाम-पता आदर्श कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी पश्चिम शरीरा जिला कौशाम्बी व दूसरे ने अमन शुक्ला पुत्र सुरेशचन्द्र शुक्ला निवासी महेवा घाट कौशाम्बी बताया है। जीआरपी ने दोनों को एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है। तलाशी में सूखा गांजा बरामद हुआ है।

# मजरा हिम्मतपुरा में गहराया जल संकट

**माधौगढ़** (जालौन)। माधौगढ़ तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मींगनी के मजरा हिम्मतपुरा में गर्मी का आगाज शुरू होते हुये ही गांव में बूंद-बूंद का संकट गहराना शुरू हो गया है। ताज्जुब की बात तो यह है कि गांव के वाशिंदे कई वर्षों से पानी के संकट से त्रस्त ग्रामीणों ने अब मुखर तरीके से विरोध करना शुरू किया। वैसे तो गर्मी का आगाज शुरू होते ही बीहड़ांचल में बसे गांवों में पानी का संकट शुरू हो जाता हैं ऐसी स्थिति में किसान अपनी फसलों को सुरक्षित घर तक लाये या फिर जरूरत के अनुसार अपने आवासों तक पहुंचाये यह एक ऐसी समस्या है जिस पर आज तक किसी अधिकारी ने गंभीरता से ध्यान देना जरूरी नहीं समझा। यही कारण रहा कि मजरा हिम्मतपुरा में महज दो सरकारी हैंडपंप लगे हुये हैं उन्हीं के भरोसे समूचा गांव अपनी जरूरत के अनुसार पानी लेता है। लेकिन अब उक्त हैंडपंप भी जबाब देने लगे हैं। गांव के लोगों का कहना था कि यदि समय रहते उन्हें पानी के संकट से छुटकारा न मिला तो वह पूरी मुखरता से तहसील मुख्यालय से लेकर जिला मुख्यालय तक अपनी आवाज बुलंद करने में पीछे नहीं हटेंगे।

### होली व शबे बरात को लेकर एसओ ने व्यापारियों के साथ की बैठक

**रामपुरा** (जालौन)। थाना प्रभारी ने नगर के सराफा बाजार में व्यापारियों के साथ बैठक कर होली व शबेरात पर्व हंसी-खुशी व शांति से मनाने के लिए अपील की। रामपुरा नगर में व्यापारियों के साथ थाना प्रभारी राजीव कुमार वैश्य ने आगामी त्यौहारों को लेकर सराफा बाजार में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमे थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों को समाज का सम्मानित व जुम्मेदार नागरिक होने का एहसास कराते हुए आगामी होली का पर्व शांति हंसी खुशी से मनाने एवं नशा करके त्यौहार में अशांति न फैलाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि होली रंग-बिरंगा पर्व है। कोई किसी को जबरन रंग ना लगाए एवं विवाद से जितना बचा जा सके उसका शत प्रतिशत प्रयास करना चाहिए। थानाध्यक्ष रामपुरा राजीव कुमार सिंह बैस ने होलिका दहन स्थल पर संभावित समस्या के बारे में लोगों से पूछा। थानाध्यक्ष से कहा कि होली का पर्व हर्षोल्लास से मनाए। हुड़दंग के लिए बच्चों को बाइक चलाने की कतई इजाजत न दें। होली पर्व पर उपद्रव करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

### आमरण अनशनकारी जीतेंद्र सिंह सेंगर की हालत बिगड़ी



**घाटमपुर।** भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह सोमवार से शुरु किया गया आमरण अनशन आज मंगलवार को भी जारी रहा वहीं देर शांम आमरण अनशन करने वाले जीतेंन्द्र सिंह की हालत बिगड़ गयी लेकिन अभी तक धरना स्थल पर कोई अधिकारी नही पंहुचा है और न ही खबर लिखे जाने तक आमरण अनशन कारी का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है जिससे किसानों ने रोष व्यक्त किया है। उधर जीतेंद्र सिंह द्वारा किया जा रहा आमरण अनशन के साथ ही किसानों का धरना आज 7 वें दिन भी जारी रहा। मालुम हो कि तहसील के बिभिन्न कार्यालयों के अलावा पुलिस महकमें में ब्याप्त रिस्वत खोरी और प्राइवेट लोगों से काम कराने जैसे आरोप लगा कर भाकियू 21 फरवरी से तहसील प्रांगण में धरना दे रहे हैं। धरने को आज संगठन के राष्ट्रीय महासचिव इन्द्रजीत सिंह फौजी, जिलाध्यक्ष रोहित सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजा सिंह, तहसील

# नौनिहालों का भविष्य चौपट कर रहे तुले उदोतपुरा विद्यालय के शिक्षक

**संवाददाता।** जालौन, उरई




**प्राथमिक** विद्यालय उदोतपुरा रसोइया के सहारे चल रहा है। बच्चे विद्यालय आते हैं और मिड डे मील खाकर चले जाते हैं। ऐसे में बच्चों का भविष्य कैसे उज्वल होगा। अभिभावकों को यही चिंता सता रही है। अभिभावकों ने विद्यालय की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग की है। एक ओर सरकार शिक्षा क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने की बात कर रही है। तो दूसरी ओर बच्चों का भविष्य संवारने वाले विद्यालयों का ही भविष्य कोई खास नजर नहीं आ रहा है। ऐसा ही मामला प्राथमिक विद्यालय उदोतपुरा का है। जालौन कोंच मार्ग पर सड़क किनारे स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय उदोतपुरा में तीन अध्यापक नियुक्त हैं। विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक शैलेंद्र सिंह बीती 21 फरवरी से अवकाश पर हैं। उनके अतिरिक्त विद्यालय में दो अन्य सहायक अध्यापिकाएं हैं। जिनमें सहायक अध्यापिका प्रीति की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में लगा दी गई है। बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी लगाए जाने से उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया है। इसके अलावा सहायक अध्यापिका स्नेहलता भी अवकाश पर हैं। विद्यालय में कोई भी शिक्षक न होने से न तो विद्यालय के खुलने का समय निश्चित है और न ही बंद होने का। रसोइया आकर विद्यालय को खोल देती है और मिड डे मील का खाना बनाने में जुट जाती हैं। मिड डे मील का खाना तैयार होने पर बच्चों को खिला दिया जाता है और इसके बाद विद्यालय बंद कर दिया जाता है। इस दौरान बच्चे सड़क पर भी खेलने निकल जाते हैं। जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। मंगलवार को अध्यापकों के न आने से दोपहर 1 बजे ही विद्यालय में ताला डाल दिया गया। उक्त संदर्भ में खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उन्होंने रनुवां के शिक्षक को विद्यालय में तैनात किया है। यदि वह विद्यालय नहीं पहुंच रहे हैं इसकी जांच करेंगे। जिसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# प्रचंड अब मंत्रिमंडल में करेंगे फेरबदल

## नेपालः तीन सहयोगी दलों के सरकार से निकलने के बाद लिया फैसला

भाषा। काठमांडू

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड उनकी सरकार से तीन राजनीतिक दलों के बाहर निकलने पर रिक्त हुए करीब 16 मंत्री पदों को भरने करने के लिए अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल करने की तैयारी कर रहे हैं। मीडिया में मंगलवार को आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। नेपाल की संसद में देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी सीपीएन–यूएमएल ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार के समर्थन को लेकर मतभेद पैदा होने के बाद सोमवार को प्रचंड नीत सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था। इसके साथ ही, देश में राजनीतिक अस्थिरता का एक नया दौर शुरू हो गया है। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) भी सरकार से बाहर निकल गई है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने भी सरकार से अपने मंत्रियों को हटा लिया है। हालांकि, यह बाहर से सरकार का समर्थन करना जारी रखेगी। सरकार से तीन बड़े राजनीतिक दलों के बाहर निकलने के साथ सात दलों का सत्तारूढ़ गठबंधन टूट गया है। एक समाचार पत्र की खबर में कहा गया है कि प्रचंड ने अब नेपाली कांग्रेस और छह अन्य दलों से हाथ मिलाया है तथा यथाशीघ्र एक नया सत्ता साझेदारी समझौता चाहते हैं। इस बीच, जनमत पार्टी, नागरिक उन्मुक्ति पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी ने पूर्ववर्ती गठजोड़ छोड़ दिया है और वे नेपाली कांग्रेस तथा माओइस्ट सेंटर नीत नए गठबंधन में शामिल हो गए हैं। खबर में कहा गया है कि नौ मार्च को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मंत्रिमंडल में रिक्त हुए पदों को भरने के लिए मंगलवार से चर्चा शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। नए गठबंधन के घटक दल सीपीएन (यूनिफाइड सोशलिस्ट) के प्रवक्ता जगन्नाथ खतिवडा ने कहा, हालांकि, नए गठबंधन के लिए बैठक का कार्यक्रम तय किया जाना अभी बाकी है, पर मुझे लगता है कि चर्चा कल से शुरू होगी। हमने उम्मीद की थी कि यूएमएल इतनी जल्द गठबंधन से निकल जाएगा। अब चीजें तेजी से घटित होंगी। प्रधानमंत्री के मीडिया सलाहकार एम तिमिलसिना ने कहा कि सत्तारूढ़ दलों के एक या दो दिनों के अंदर मंत्रियों के विभागों के आवंटन पर चर्चा करने की उम्मीद है क्योंकि मंत्रालयों को लंबे समय तक खाली नहीं रखा जा सकता। उल्लेखनीय है कि सोमवार को यूएमएल के आठ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री को अपना इस्तीफा सौंपा, जबकि आरपीपी के चार मंत्रियों ने रविवार को यह कदम उठाया था। आरएसपी के तीन मंत्रियों ने गृह मंत्रालय नहीं मिलने पर इस्तीफा दे दिया। नेपाल की 275 सदस्यीय संसद में, यूएमएल के 79 सांसद हैं, जबकि सीपीएन(माओइस्ट सेंटर) के 32, सीपीएन(यूनिफाइड सोशलिस्ट),आरएसपी के क्रमशः 10 और 20 सदस्य हैं।



### नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल ने राष्ट्रपति चुनाव में अपने उम्मीदवारों के समर्थन के लिए पत्र लिखा

काठमांडू। नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल ने संसद में सभी राजनीतिक दलों को पत्र लिख कर नौ मार्च को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में अपने-अपने उम्मीदवार के लिए वोट मांगा है। राष्ट्रपति चुनाव में नेपाली कांग्रेस की ओर से रामचंद्र पौडेल, जबकि सीपीएन-यूएमएल की ओर से सुभाष नेमबांग उम्मीदवार बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड नीत सरकार से संसद में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी सीपीएन-यूएमएल के समर्थन वापस लेने के एक दिन बाद ए पत्र लिखे गए हैं। राष्ट्रपति चुनाव के लिए मुख्य विपक्षी दल के उम्मीदवार पौडेल का समर्थन करने को लेकर मतभेद होने के बाद यह घटनाक्रम हुआ था।

## भारत ने ब्रिटिश युवाओं के लिए युवा पेशेवर योजना के तहत वीजा की शुरुआत की

भाषा। लंदन

**लंदन स्थित** भारतीय उच्चायोग ने नई युवा पेशेवर योजना (वाईपीएस) के तहत आवेदन करने को लेकर ब्रिटेन के युवाओं के लिए वीजा आवेदन प्रक्रिया मंगलवार को शुरू कर दी। इसी तरह नई दिल्ली में ब्रिटिश उच्चायोग ने भारतीय स्नातकों के लिए प्रक्रिया आरंभ की है। दोनों देशों के बीच पिछले साल नवंबर में हुए समझौते के तहत 18 से 30 वर्ष की आयु के भारतीय और ब्रिटिश नागरिक दो साल तक एक-दूसरे के यहां रहने और काम करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत वीजा के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को लेकर कुछ निर्धारित मानदंड हैं, जिनमें स्नातक की डिग्री और उनके ठहरने के लिए पर्याप्त धनराशि शामिल है। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने ट्विटर पर योजना की शुरुआत की घोषणा की। उन्होंने कहा, करीब एक महीने पहले घोषित युवा पेशेवर योजना के तहत भारत और ब्रिटेन के युवा एक बार में दो साल तक एक-दूसरे देश में जा सकते हैं। उन्होंने कहा, मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि यह योजना 28 फरवरी से शुरू हो रही है।

## सुनक ने ब्रेक्जिट सौदे की आशंकाओं को दूर करने का प्रयास किया

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ब्रेक्जिट सौदे को लेकर आशंकाओं को दूर करने का प्रयास किया है। यूरोपीय संघ के साथ अपने ऐतिहासिक समझौते के प्रति सबसे अड़ियल यूनियनिस्ट नेताओं का समर्थन हासिल करने के लिए सुनक ने मंगलवार को बेलफास्ट की यात्रा की। इन नेताओं को डर है कि ब्रेक्जिट के बाद के नियम ब्रिटेन में उत्तरी आयरलैंड की स्थिति को कमजोर कर रहे हैं। ब्रिटेन और 27 देशों वाले यूरोपीय संघ ने सोमवार को ऐलान किया था कि उत्तरी आयरलैंड व्यापार को लेकर विवाद दूर करने के लिए एक समझौता किया गया है। ब्रिटेन वर्ष 2020 में यूरोपीय संघ से बाहर हो गया था। इस समझौते के बाद शेष ब्रिटेन से उत्तरी आयरलैंड तक वस्तुओं की आवाजाही के लिहाज से सीमा शुल्क संबंधी पाबंदियों और अन्य बाधाओं में नरमी आएगी। ए पाबंदियां ब्रेक्जिट के बाद लगाई गई थीं। इस सौदे को विंडसर फ्रेमवर्क नाम दिया गया जिसकी लंदन और ब्रसेल्स ने तारीफ की है। लेकिन उत्तरी आयरलैंड के ब्रिटिश यूनियनिस्ट नेताओं ने अभी तक इस पर अपनी सहमति नहीं जताई है। इनका समर्थन उत्तरी आयरलैंड की अर्द्ध स्वायत्तशासी सरकार का फिर से गठन करने के लिए अहम है जो व्यापार संबंधी झगड़े के कारण गिर गई थी। सुनक ने बीबीसी से कहा कि समझौता उत्तरी आयरलैंड की जनता के लिए आगे बढ़ाया गया एक बड़ा कदम था और उन्हें भरोसा है कि वहां के राजनेता इसका समर्थन करेंगे। उत्तरी आयरलैंड की राजनीतिक प्रणाली के तहत सत्ता आयरिश राष्ट्रवादियों और ब्रिटिश यूनियनिस्ट नेताओं के बीच साझा की जाती है और कोई भी पक्ष दूसरे के बिना शासन नहीं कर सकता। ब्रिटिश यूनियनिस्ट एक राजनीतिक विचारधारा है जो इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड को एक संप्रभु राज्य के तौर पर निरंतर एकता के पक्ष में है। इसका समर्थन करने वालों को ब्रिटिश यूनियनिस्ट कहा जाता है। डीयूपी के नेता जेफरी डोनाल्डसन ने कहा, हम जिम्मेदार लोग हैं, जो बात प्रधानमंत्री ने कही है, वह क्या असल में समझौते में है।



## अवार्ड समारोह में जूनियर एनटीआर की अनुपस्थिति पर एचसीए ने जारी किया बयान

भाषा। लॉस एंजिलिस

**फिल्मकार** एस.एस. राजामौली की फिल्म आरआरआर को हॉलीवुड क्रिटिक्स एसोसिएशन (एचसीए) फिल्म पुरस्कार 2023 में चार पुरस्कारों से नवाजा गया, लेकिन अवार्ड समारोह में फिल्म के सितारे जूनियर एनटीआर की अनुपस्थिति ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। एचसीए द्वारा आयोजित इस समारोह में निर्देशक एसएस राजामौली, अभिनेता राम चरण और संगीतकार एमएम कीरवानी ने आरआरआर टीम का प्रतिनिधित्व किया। एक ट्वीट में एचसीए ने कहा कि जूनियर एनटीआर को आमंत्रित किया गया था, लेकिन वह समारोह में शामिल नहीं हो सके क्योंकि वह भारत में अपनी अगली फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। हॉलीवुड क्रिटिक्स एसोसिएशन ने मंगलवार को एक ट्वीट में लिखा, "प्रिय आरआरआर प्रशंसकों और समर्थकों, हमने एनटी रामा राव जूनियर को समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन वह भारत में एक नई फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। वह जल्द ही हमसे अपने पुरस्कार प्राप्त करेंगे। आपके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद।

## अमेरिका में सहायक जज के पद पर भारतीय मूल की न्यायाधीश की नियुक्ति

ह्यूस्टन। अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया की अपीली मामलों से जुड़ी जिला अदालत में सहायक जज के पद पर भारतीय मूल की न्यायाधीश शमा हकीम मेसिवाला को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है। कैलिफोर्निया की न्यायिक परिषद की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सैक्रामेंटो शहर में तीसरी जिला अपीली अदालत के सहायक जज के रूप में मेसीवाला की नियुक्ति की पुष्टि 14 फरवरी को कैलिफोर्निया के सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश पेट्रीशिया ग्युरेरो ने की थी। न्यायाधीश मेसीवाला के नाम की पुष्टि तीन सदस्यीय आयोग की ओर से सर्वसम्मति से किए गए मतदान में हुई जिनमें मुख्य न्यायाधीश ग्युरेरो, अटॉर्नी जनरल रॉब बोंटा और कार्यवाहक न्यायाधीश रोनाल्ड रॉबी शामिल हैं।

## न्यूजीलैंड में भारतवंशी की डेयरी दुकान पर लुटेरों का हमला, नकदी लेकर फरार

मेलबर्न। न्यूजीलैंड में भारतीय मूल के व्यवसायी की डेयरी दुकान पर लुटेरों ने हमला कर सिगरेट और नकदी लूट ली। मीडिया की खबरों से यह जानकारी मिली। न्यूजीलैंड में भारतवंशी समुदाय के सदस्यों के व्यापारिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ हाल में इस तरह की कई घटनाएं हुई हैं। द न्यूजीलैंड हेराल्ड अखबार के अनुसार, सोमवार को पश्चिमी ऑकलैंड के उपनगर वेस्टलैंड्स में उमेश पटेल के डेयरी स्टोर में चोर घुस गए और काउंटर को तोड़कर सिगरेट लूट ले गए।

## अंटार्कटिका के हिमनद गर्मियों में तेज गति से होते हैं प्रवाहित : अध्ययन

लंदन। अंटार्कटिका की तटरेखा से लगे हिमनद गर्मियों में बर्फ पिघलने और समुद्र का जल गर्म होने के कारण इस मौसम में तेज गति से प्रवाहित होते हैं। शोधार्थियों ने एक नए अध्ययन में यह दावा किया है। हिमनद (समुद्र में प्रवाहित होने वाले विशाल हिम खंड) एक साल में औसतन एक किमी की दूरी तय करते हैं। अध्ययन में हिमनद के प्रवाहित होने की गति में मौसमी अंतर पाया गया है, जो गर्मियों में तापमान अधिकतम होने के कारण 22 प्रतिशत तक बढ़ जाती है।

# भारत ऐसा साझेदार है जिसकी अमेरिका को जरूरत

## चीन से निपटने के लिए लेना होगा सहयोग : अमेरिकी सांसद शूमर

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिकी सांसद** चक शूमर ने सोमवार को अपने सहकर्मियों से कहा कि भारत यकीनन एक ऐसा साझेदार है जिसकी अमेरिका को चीन से निपटने के लिए जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस तथ्य की सराहना करते हैं कि दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों को चाइनीज् कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के आधिपत्य के खिलाफ मिलकर काम करने की जरूरत है। सीनेटर शूमर हाल ही में भारत, पाकिस्तान, जर्मनी और इज़राइल सहित अन्य देशों की यात्रा से लौटे हैं जहां उन्होंने नौ सीनेटर के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। शूमर ने सदन में एक भाषण में अपने सहकर्मियों से कहा, हमने भारत के प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक के दौरान महत्वपूर्ण संदेश दिया। चाइनीज् कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) को टक्कर देने के लिए भारत और अमेरिका को एक-दूसरे की जरूरत पड़ने वाली है। भारत यकीनन वह भागीदार है जिसकी अमेरिका को सीसीपी की शत्रुतापूर्ण रणनीति से निपटने के लिए जरूरत है। वे (अमेरिका और भारत) दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, अपने साथियों की तुलना में अब भी युवा हैं और आने वाले दशकों में जबरदस्त विकास के लिए तैयार हैं। मैंने प्रधानमंत्री से कहा कि यदि हमारे लोकतंत्र को इस शताब्दी में समृद्ध होना है, तो हमें न केवल अपनी साझा रक्षा को बढ़ावा देने के लिए बल्कि हमारी पारस्परिक समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए भी मिलकर काम करना होगा। इसका मतलब है कि हमारे आर्थिक संबंधों को मजबूत करने, व्यापार को बढ़ाने और विदेशों से प्रतिभाशाली लोगों का हमारे देश में काम करने के लिए आना आसान बनाने के वास्ते मिलकर काम करें।

### चीन के विदेश मंत्री किन गांग भारत में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे

बीजिंग। चीन के विदेश मंत्री किन गांग इस सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे और दो मार्च को जी-20 समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। चीन ने कहा है कि वह सभी के साथ काम करने को तैयार है ताकि यह सुनिश्चित हो कि बैठक से बहुपक्षवाद, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा तथा विकास सहयोग पर सकारात्मक संकेत जाए। वर्ष 2019 में सीमा प्रबंधन तंत्र के विषय पर विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता में शामिल होने के लिए पूर्ववर्ती वांग ई की नई दिल्ली की यात्रा के बाद किसी चीनी विदेश मंत्री की भारत की यह पहली यात्रा होगी। वांग और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल विशेष प्रतिनिधि थे। चीनी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि अपने भारतीय समकक्ष मंत्री एस. जयशंकर के निमंत्रण पर विदेश मंत्री किन गांग दो मार्च को नई दिल्ली में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक से चीन की अपेक्षा के बारे में पूछे जाने पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अनिश्चितताओं और अर्थव्यवस्था के फिर से पटरी पर लाने लिए संघर्ष कर रही दुनिया में देशों को चुनौतियों से पार पाने के लिए 2030 के सतत विकास एजेंडा को लागू करने के साथ बहुत कुछ करना है।



## सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारतीय नौसैनिक गश्ती पोत कोलंबो पहुंचा

भाषा। कोलंबो

**भारत और श्रीलंका** की नौसेनाओं के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारतीय नौसेना का एक अपतटीय गश्ती पोत सोमवार को कोलंबो बंदरगाह पहुंचा। श्रीलंका की नौसेना ने एक बयान में कहा, चालक दल के 106 सदस्यों के साथ 101 मीटर लंबा आईएनएस सुकन्या पोत कोलंबो बंदरगाह पहुंचा, जो दक्षिणी जिले गाले में स्थित एक प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के समूह को स्कूल से संबंधित सामानों की आपूर्ति करेगा। वहीं, भारतीय गश्ती पोत श्रीलंकाई नौसेना द्वारा आयोजित कई कार्यक्रमों में भाग लेगा और कुछ पर्यटन स्थलों का भी दौरा करेगा। यह दौरा एक मार्च को खत्म होगा। पाकिस्तानी नौसेना प्रमुख एडमिरल मुहम्मद अमजद खान नियाजी भी श्रीलंका के चार दिवसीय दौरे पर हैं।

## ऐसे नए नागरिक चाहिए जो सिंगापुर को जानते हों, केवल यहां शक्तिशाली पासपोर्ट पाने न आएंः विपक्षी नेता

**सिंगापुर।** सिंगापुर के भारतीय मूल के विपक्षी नेता प्रीतम सिंह ने कहा कि देश ऐसे नए नागरिक चाहता है जो सिंगापुर की जीवन शैली को अपनाएं, बल्कि वे नहीं जो केवल देश का शक्तिशाली पासपोर्ट पाना चाहते हैं। सिंह ने सोमवार को संसद में कहा, हम ऐसे लोग चाहते हैं जो सही मायने में सिंगापुर को जानते हों और सिंगापुर की जीवन शैली को अपनाएं। हम उन्हें चाहते हैं जो सही मायने में यहां रहना चाहते हों। चैनल न्यूज एशिया के अनुसार, सिंह ने कहा कि देश की प्रजनन दर 2022 में 1.05 के ऐतिहासिक निम्न स्तर तक गिर जाने के साथ ही नए नागरिक सिंगापुर के भविष्य के लिए और भी महत्वपूर्ण होंगे।

## कानूनी शिक्षा से पश्चिमी देशों के गलत विचारों को बाहर निकाल रहा चीन

**बीजिंग।** चीन ने देश की कानूनी शिक्षा में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग की विचारधारा का पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। उसने विधि संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे पश्चिमी देशों के लोकतांत्रिक सरकार, शक्तियों के विभाजन और न्यायिक स्वतंत्रता जैसे गलत विचारों का विरोध और बहिष्कार करें। यह आदेश चीनी संसद का वार्षिक सत्र शुरू होने से एक सप्ताह पहले बीते रविवार को जारी किया गया। इसमें कानूनी शिक्षा में चिनफिंग की विचारधारा का अनुपालन करने पर जोर दिया गया है, जिनके नाम का जिक्र आदेश में कम से कम 25 बार किया गया है। चिनफिंग पिछले कुछ दशकों में चीन के सबसे ताकतवर नेता बनकर उभरे हैं।

## श्रीलंका में प्रदर्शन मार्च के दौरान पुलिस कार्रवाई में घायल विपक्षी पार्टी के सदस्य की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका में एक प्रदर्शन मार्च के दौरान पुलिस के बल प्रयोग से घायल हुए विपक्षी पार्टी के सांसद ने दम तोड़ दिया, जो आगामी स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने वाले थे। श्रीलंका की पुलिस ने स्थानीय निकाय चुनाव के आयोजन में देरी के विरोध में यहां रविवार को एनपीपी (नेशनल पीपुल्स पार्टी) द्वारा आयोजित प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे थे और पानी की बौछारें की थीं।

## बेलारूस के राष्ट्रपति और पुतिन के सहयोगी लुकाशेंको चीन दौरे पर जाएंगे

**बीजिंग।** यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को लेकर बढ़ते भूराजनीतिक तनाव के बीच बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको मंगलवार को चीन के तीन दिवसीय दौरे पर रवाना होंगे। लुकाशेंको को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का करीबी सहयोगी माना जाता है। चीन का कहना है कि लुकाशेंको का बीजिंग दौरा दोनों देशों के बीच चौतरफा सहयोग को और बढ़ावा देने का शानदार अवसर है। हालांकि, इस बात को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं कि चीन यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को सैन्य सहायता देने पर विचार कर रहा है, जिसे लेकर अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। चीन ने अमेरिकी आरोपों को एक दुष्प्रचार अभियान करार दिया है।

## तोशखाना मामलाः पाक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने मंगलवार को तोशखाना मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया। हालांकि दो अन्य मामलों में जमानत दे दी गई। इस दौरान अदालत के बाहर नाटकीय घटनाक्रम देखने को मिला, जहां इमरान के सैकड़ों समर्थक उनके समर्थन में एकत्र हो गए। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख खान तीन मामलों में अदालत में पेश होने के लिए लाहौर स्थित अपने जमन पार्क आवास से इस्लामाबाद के लिए रवाना हुए।

# ईरान में लड़कियों को स्कूल जाने से रोकने के लिए जहर देने की घटनाएं बढ़ीं

## 30 स्कूल की पहचान की गई, जहां ऐसी घटनाएं हुइ

भाषा। दुबई

**पिछले तीन महीनों** में ईरान के कई स्कूलों में सैकड़ों लड़कियां अपनी कक्षाओं में हानिकारक धुएं से प्रभावित हुई और उनमें से कुछ की हालत इतनी गंभीर हो गई कि उन्हें अस्पताल जाना पड़ा। ईरान के अधिकारियों ने शुरुआत में इन घटनाओं को खारिज कर दिया, लेकिन अब उन्हें जानबूझकर अंजाम दिए गए हमलों के रूप में वर्णित किया गया है। स्थानीय मीडिया की खबरों में ऐसे करीब 30 स्कूल की पहचान की गई, जहां ऐसी घटनाएं हुई हैं। ऐसी अटकलें हैं कि इन घटनाओं का उद्देश्य आठ करोड़ से अधिक आबादी वाले इस देश में लड़कियों को स्कूल जाने से रोकना हो सकता है। ईरान में ए घटनाएं ऐसे वक्त सामने आई हैं जब पिछले साल नैतिकता पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के बाद सितंबर में महसा अमिनी की मौत के साथ कई महीनों तक विरोध प्रदर्शन जारी रहे। अधिकारियों ने संदिग्धों का नाम नहीं बताया है, लेकिन इस तरह के हमलों से आशंका जताई जा रही है कि लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने से रोकने के लिए जहर देने की घटनाएं हुई हैं। ईरान में 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद 40 से अधिक वर्षों में लड़कियों की शिक्षा को कभी चुनौती नहीं मिली।

# यूक्रेन ने शुरू की युद्ध के नए मैदान की खोज



## पूर्वोत्तर मोर्चा भावी हमलों की दिशा तय कर सकता है

भाषा। कुपियांस्क (यूक्रेन)

**यूक्रेन ने युद्ध** के नए मैदान को लेकर तैयारी तेज कर दी है क्योंकि इसका पूर्वोत्तर मोर्चा भावी युद्ध की दिशा तय कर सकता है। यूक्रेनी सेना को लेकर एक टैंक तेजी से एक लक्ष्य की तरफ बढ़ रहा है, सैनिक नीचे उतरते हैं और ग्रेनेड फेंकने के साथ अंधाधुंध मशीन गन से गोलीबारी करते हैं। इसके बाद वे इस काम को बार-बार दोहराते हैं और हर दोहराव के साथ उनकी गति तेज होती जाती है। यह एक सैन्य अभ्यास की झांकी भर है, लेकिन असली युद्ध की गूंज महज सात किलोमीटर दूर सुनी जा सकती है। यह दैनिक प्रशिक्षण यूक्रेन के पूर्वोत्तर मोर्चे पर उच्च जोखिम को रेखांकित करता है, जहां सैन्य अधिकारियों के मुताबिक एक बहुप्रतीक्षित रूसी हमला पहले ही शुरू हो चुका है। सैन्य अधिकारियों के मुताबिक इस मोर्चे पर लड़ाई युद्ध के अगले चरण का निर्धारण कर सकती है।

### तनाव के बीच ब्लिंकन मध्य एशिया के दौरे पर


अस्ताना। यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को लेकर बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने मंगलवार को मध्य एशियाई देशों के शीर्ष राजनयिकों के साथ बैठकों के लिए कजाकिस्तान का दौरा किया। ब्लिंकन ने सबसे पहले कजाकिस्तान के विदेश मंत्री मुख्तार तिलेउबर्दी और फिर वहां के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्त तोकायेव के साथ बातचीत की। इसके बाद ताशकंद में सी5 समूह की बैठक होने की संभावना है। सी5 समूह में अमेरिका और पूर्व सोवियत संघ के सदस्य-कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बयान जारी कर कहा कि सी5 की बैठक में ब्लिंकन मध्य एशियाई देशों की स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अमेरिकी प्रतिबद्धता पर जोर देंगे। रूस से युद्ध में यूक्रेन का समर्थन करने के लिए अमेरिका इसी प्रतिबद्धता का हवाला देता है। कजाकिस्तान के बाद ब्लिंकन उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद रवाना होंगे। यह अमेरिकी विदेश मंत्री के रूप में ब्लिंकन का मध्य एशियाई देशों का उनका पहला दौरा है। ब्लिंकन यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का एक साल पूरे होने के कुछ दिनों बाद इन मध्य एशियाई देशों के दौरे पर पहुंचे हैं। पूर्व सोवियत संघ का हिस्सा रह चुके कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान को पारंपरिक रूस से मॉस्को से प्रभावित माना जाता है, लेकिन इनमें से किसी ने भी सार्वजनिक रूप से युद्ध का समर्थन नहीं किया है।

# रेस्पिरेटरी सिंकिटियल वायरस से लाखों की जान गई

## 2019 में 100,000 से अधिक वैश्विक मौतों का कारण बना

## जल्द आएगी वैक्सिन

भाषा। साउथ ईस्ट क्वींसलैंड



**आपने रेस्पिरेटरी** सिंकिटियल वायरस या आरएसवी के बारे में नहीं सुना होगा। लेकिन यह 2019 में 100,000 से अधिक वैश्विक मौतों का कारण बना, जिससे यह एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु का एक प्रमुख कारण बन गया। ऑस्ट्रेलिया में, शुरू है कि इससे बच्चों की मृत्यु दुर्लभ है। लेकिन संक्रमण हर साल हजारों लोगों को अस्पताल भेजता है, खासकर शिशुओं और छोटे बच्चों को। तो बच्चों के लिए यह वायरस बहुत बड़ी समस्या है। और लगभग 60 वर्षों के शोध के बावजूद इसे रोकने के लिए कोई लाइसेंस प्राप्त टीके नहीं हैं। यह हालात जल्द ही बदल सकते हैं। हाल ही में फाइजर, मॉडर्ना और जीएसके के आरएसवी टीकों के अंतिम-चरण के नैदानिक परीक्षणों के परिणाम आए हैं। अमेरिका में विनियामक अनुमोदन के लिए इन टीकों का मूल्यांकन किया जा रहा है (या शीघ्र ही होगा)। हालांकि, ए परीक्षण वयस्कों और गर्भवती महिलाओं में किए गए थे, बच्चों में नहीं। इसलिए हमारे लिए अभी भी बच्चों में आरएसवी टीकों का परीक्षण करने, सुरक्षित और प्रभावी होने, उपयोग के लिए अनुमोदित होने, फिर व्यापक रूप से उपलब्ध होने से पहले लंबा इंतजार बाकी है। **आरएसवी क्या है?** आरएसवी एक संक्रामक वायरस है जो वयस्कों और बच्चों दोनों में श्वसन संक्रमण का कारण बनता है। जब कोई व्यक्ति खांसता या छींकता है, या दूषित सतहों को छूने के बाद अपनी नाक या आंखों को छूता है तो यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। संक्रमण आमतौर पर सर्दियों में बढ़ जाता है, जिससे नाक बहना, छींक आना, गले में खराश, बुखार, सिरदर्द और खांसी जैसे लक्षण पैदा होते हैं। वयस्कों और बच्चों को आरएसवी और इसकी जटिलताओं के साथ अस्पताल में भर्ती कराया जा सकता है।

### नई प्रौद्योगिकियां, नई आशा

वायरस और नई वैक्सीन तकनीकों के बारे में हम जो जानते हैं, उसमें प्रगति का मतलब है कि शोधकर्ता अब आरएसवी वैक्सीन की संभावना के बारे में अधिक आशावादी हैं। दस साल पहले, वैज्ञानिकों ने आरएसवी वायरल प्रोटीन की संरचना की पहचान की, जिसका उपयोग यह मानव मेजबान कोशिकाओं को जोड़ने और उनमें प्रवेश करने के लिए करता है। इसने वैज्ञानिकों को रणनीतियों को बदलने और प्रोटीन-आधारित आरएसवी टीके विकसित करने में मदद की। प्रोटीन-आधारित टीके में लक्षित वायरस से एक शुद्ध प्रोटीन इंजेक्ट करना शामिल होता है जो प्रतिरक्षा कोशिकाओं को उत्तेजित करता है। इस तकनीक का उपयोग कई मौजूदा टीकों में किया जाता है, जैसे कि हेपेटाइटिस बी और पर्टुसिस (काली खांसी)। लेकिन यह प्रोटीन-आधारित टीकों के लिए आसान नहीं रहा है। 2019 में, नोवावैक्स ने अपने प्रोटोटाइप प्रोटीन-आधारित आरएसवी वैक्सीन (आरएसवाई-एफवैक्स) की घोषणा की, जो उन माताओं से पैदा हुए शिशुओं में चिकित्सकीय रूप से महत्वपूर्ण आरएसवी को रोकने में विफल रहे, जिन्हें बाद के नैदानिक परीक्षण के भाग के रूप में टीका दिया गया था।

# कोविड-19 की उत्पत्ति को लेकर कोई निश्चित निष्कर्ष नहीं : व्हाइट हाउस



भाषा। वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस** ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 की उत्पत्ति को लेकर ऐसा कोई निश्चित निष्कर्ष नहीं है कि इसकी उत्पत्ति चीन में एक प्रयोगशाला में हुई। अमेरिकी सरकार अब भी महामारी के उत्पत्ति स्थल के बारे में जानकारी जुटा रही है जो अकादमिक, खुफिया विशेषज्ञों और सांसदों के बीच जोरदार बहस का विषय बना हुआ है। सामरिक संचार के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी की यह टिप्पणी अमेरिकी ऊर्जा विभाग की एक रिपोर्ट के बाद आई है जिसमें निष्कर्ष निकाला गया है कि वायरस संभवतः चीन की प्रयोगशाला से रिसाव के कारण फैला है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने रविवार को व्हाइट हाउस और कांग्रेस के अहम सदस्यों को सौंपी गई एक गोपनीय खुफिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा था कि जिस वायरस के कारण कोविड-19 महामारी फैली और दुनिया भर में करीब 70 लाख लोगों की मौत हुई, वह संभवतः चीन में एक प्रयोगशाला में रिसाव होने के कारण फैली। रिपोर्ट के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में किर्बी ने कहा, खुफिया तंत्र और सरकार अब भी इस पर गौर कर रहे हैं।

## कोरोना वायरस की उत्पत्ति पर पारदर्शी रहे हैंः चीन

बीजिंग। चीन ने मंगलवार को कहा कि वह कोरोना वायरस की उत्पत्ति की खोज के संबंध में पारदर्शी रहा है। इसने अमेरिकी आलोचना को खारिज करते हुए इसे राजनीति से प्रेरित बताया। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग माओ ने कहा, चीन ने वायरस का पता लगाने पर सबसे अधिक डेटा और अनुसंधान परिणाम साझा किए।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

नाम परिवर्तन

मैं महावीर सिंह, पुत्र श्री अमर सिंह, निवासी अल्लू पट्टी, ग्राम मानेसर-154, गुड़गांव, हरियाणा 122051, घोषणा करता हूं कि मोहर सिंह/मोहतार सिंह भी मेरा नाम है, जैसा कि मेरे पुत्र राजबीर सिंह के कुछ दस्तावेजों में उल्लिखित है। और अब से मैं केवल महावीर सिंह के नाम से जाना जाऊंगा

PD(90285)A

CHANGE OF NAME

I, Romila Majumdar Sundaresan D/o Sh. Samit Kumar Majumdar R/o Flat No.302, Tower-3 N.R.I Residency, Next To Prateek Stylome, Sector-45 Noida, Distt-Gautam Budh Nagar, U.P-201303 have change my name to Romila Sundaresan for all future purposes.

PD(90286)A

PUBLIC NOTICE

It is to inform to the public at large that Mrs. Shahin W/o Mr. Shahrukh Khan who is purchasing the Residential Plot of Land area admeasuring 63 sq. yds., i.e. 52.67 sq. mtrs., out of Khasra no 83, situated in the Village Jalpura, Pargana & Tehsil Dadri, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P. from Mr. Gautam Ghosh S/o Mr. Dhananjay Ghosh who is owner through Gift Deed dated 03.01.2023 executed by Mrs. Rashmita Ghosh W/o Mr. Gautam Ghosh and same to be finance & mortgage by Vastu Housing Finance Corporation Ltd. However, Original Sale Deed dated 18.09.2012 Doc no. 16449 has been lost. If any Person having any type of claim/right/title/ interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

Lucem Legal LLP
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank Sector 2, Noida, UP-201301
Contact#0120-4269379

# तीनों पूर्वोत्तर राज्यों में सरकार बनाएगा राजग : हिमंत

भाषा। असम



**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि त्रिपुरा, नगालैंड या मेघालय में से किसी में भी त्रिशंकु विधानसभा नहीं होगी और दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पूर्वोत्तर के तीनों राज्यों में पूर्ण बहुमत से सरकार गठित। कई एक्जिट पोल में त्रिपुरा और मेघालय में त्रिशंकु विधानसभा होने का पूर्वानुमान जताया गया है।

पूर्वोत्तर लोकतांत्रिक गठबंधन (एनईडीए) के संयोजक शर्मा ने कहा कि बृहस्पतिवार को परिणाम घोषित होने के बाद राजग का कोई भी साथी कांग्रेस या तृणमूल कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करेगा। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, कोई त्रिशंकु विधानसभा नहीं होगी। राजग तीनों राज्यों में सरकार बनाएगा। कई एग्जिट पोल में त्रिपुरा और मेघालय में त्रिशंकु विधानसभा का पूर्वानुमान जताया गया है, हालांकि इसके अनुसार राजग सबसे बड़ा समूह होगा। एक्जिट पोल में केवल नगालैंड में राजग को पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी का पूर्वानुमान जताया गया है। तीन राज्यों में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि त्रिपुरा और नगालैंड में यथास्थिति रहेगी। इससे वे अटकलें शांत हो गईं जिनमें दावा किया जा रहा था कि त्रिपुरा में नेतृत्व परिवर्तन देखा जा सका है शर्मा ने कहा, त्रिपुरा में भाजपा का मुख्यमंत्री होगा, जबकि हम नगालैंड में गठबंधन सरकार में हैं।

उन्होंने कहा कि मेघालय के लिए मुख्यमंत्री का फैसला भाजपा द्वारा जीती गई सीटों की संख्या पर विचार करने के बाद किया जाएगा। भाजपा ने राज्य में किसी भी पार्टी के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं किया है, हालांकि एनपीपी के साथ उसकी एक सहमति है।

शर्मा ने कहा, हालांकि किसी भी राज्य में टीएमसी या कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा।

वर्तमान में, त्रिपुरा में भाजपा के मुख्यमंत्री हैं, जबकि नगालैंड और मेघालय में सरकारें क्रमशः नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के नेतृत्व में हैं। त्रिपुरा में 16 फरवरी को और नगालैंड तथा मेघालय में 27 फरवरी को चुनाव हुए थे। परिणाम 2 मार्च को घोषित होंगे।

## भड़काऊ भाषण के आरोप में तेलंगाना के विधायक राजा सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**लातूर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के लातूर शहर में कथित नफरती भाषण देने के लिए पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निलंबित नेता और तेलंगाना के विधायक टी राजा सिंह के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है।

एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि सिंह पर छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाने के लिए 19 फरवरी को एक कार्यक्रम में साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने वाला भाषण देने का आरोप है। विभिन्न संगठनों ने लातूर के पुलिस अधीक्षक से सिंह के खिलाफ कार्वाई करने का अनुरोध किया था और चेतावनी दी थी कि अगर उनकी मांग नहीं मानी गई, तो वे प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि शहर में शिवाजी नगर पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए के तहत सिंह के खिलाफ सोमवार को मामला दर्ज किया गया।

# सोशल मीडिया कंपनियों की बढ़ेगी जवाबदेही

भाषा। नई दिल्ली

**सूचना** प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को एक शिकायत अपीलीय समिति की शुरुआत की, जो सोशल मीडिया मंचों के फैसलों के खिलाफ उपयोगकर्ताओं की अपीलों पर गौर करेगी।

चंद्रशेखर ने संवाददाताओं से कहा कि शिकायत अपीलीय समिति (जीएसी) से उपयोगकर्ताओं के प्रति डिजिटल मंचों की जवाबदेही सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा, इंटरनेट मुक्त, सुरक्षित और भरोसेमंद रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए विकसित हो रहे ढांचे में यह एक और मील का पत्थर है। केंद्र ने पिछले महीने तीन शिकायत अपीलीय समितियों को अधिसूचित किया, जो सोशल मीडिया और अन्य इंटरनेट आधारित मंचों के खिलाफ उपयोगकर्ताओं की शिकायतों

### ● शिकायत अपीलीय समिति का गठन : आईटी मंत्री

का समाधान करेंगी। जीएसी एक ऑनलाइन विवाद समाधान प्रणाली है और यदि कोई उपयोगकर्ता मेटा या ट्विटर जैसे मध्यस्थ के शिकायत अधिकारी के फैसले से पीड़ित है, तो वह नए पोर्टल जीएसी डॉट जीओवी.इन पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

चंद्रशेखर ने कहा कि जीएसी का मकसद है कि शिकायत समाधान प्रणाली लोगों के प्रति जवाबदेह हो। उन्होंने कहा कि जब व्यवस्था शिकायत का समाधान नहीं कर सकेगी, तो मामला जीएसी के सामने आएगा। आईटी मंत्रालय ने बयान में कहा, जीएसी समग्र नीति और कानूनी ढांचे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारत में इंटरनेट मुक्त, सुरक्षित और विश्वसनीय तथा जवाबदेह हो।

बयान में कहा गया है कि इंटरनेट मध्यवर्ती कंपनियों की तरफ से बड़ी संख्या में उपयोगकर्ताओं की शिकायतों को अनुसना किए जाने या असंतोषजनक समाधान को देखते हुए जीएसी का गठन किया गया है। जीएसी एक आभासी डिजिटल मंच होगा, जो केवल ऑनलाइन और डिजिटल रूप से संचालित होगा। इसमें अपील दायर करने से लेकर निर्णय लेने तक की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी। बयान के मुताबिक, उपयोगकर्ताओं के पास इस नए अपीलीय निकाय के सामने सोशल मीडिया मध्यस्थों और अन्य ऑनलाइन मध्यस्थों के शिकायत अधिकारी के फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प होगा। समिति उपयोगकर्ता की अपील का 30 दिन में समाधान करने का प्रयास करेगी।

# सरकार भारत को वाहन विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने पर काम कर रही है : नितिन गडकरी

भाषा। नई दिल्ली



**सरकार** भारत को एक वैश्विक वाहन विनिर्माण केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को जयपुर में टाटा मोटर्स की वाहन कबाड़ सुविधा का वर्चुअल तरीके से उद्घाटन करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में घरेलू वाहन उद्योग 15 लाख करोड़ रुपए का होगा।

गडकरी ने कहा कि वाहन उद्योग फिलहाल देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.1 प्रतिशत का योगदान देता है। उद्योग का आकार अभी 7.8 लाख करोड़ रुपए है।

मंत्री ने कहा, वाहन क्षेत्र प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब चार करोड़ लोगों को रोजगार देता है। यह आंकड़ा 2025 तक बढ़कर पांच करोड़ होने की उम्मीद है। मैं देश को दुनिया का पहले नंबर का वाहन विनिर्माण केंद्र बनाने पर काम कर रहा हूं। भविष्य में इस उद्योग का आकार 15 लाख करोड़ रुपए का होगा।

गडकरी ने कहा कि वाहन कबाड़ नीति से पुराने वाहनों को हटाने और चरणबद्ध तरीके से कम प्रदूषण वाले नए वाहनों को लाने में मदद मिली है।

उन्होंने कहा, ऐसा अनुमान है कि कबाड़ नीति से वाहनों की जो मांग पैदा होगी उससे सरकार को 40,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व मिलेगा। नई कारों के लिए कच्चे माल की लागत 30 प्रतिशत घट जाएगी।

उन्होंने बताया कि भारत अभी सालाना 80 लाख टन कबाड़ इस्पात का आयात करता है। गडकरी ने कहा, करीब 50-60 कबाड़ केंद्रों से इस्पात कबाड़ की आयात मांग घटेगी और भारत इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकेगा।

उन्होंने कहा कि वाहन कबाड़ नीति से एक संगठित उद्योग बनाने में मदद मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।



जयपुर के जय गोविंद मंदिर में फाग महोत्सव में कार्यक्रम देते कलाकार

# एचडीएफसी, पीएनबी ने कर्ज पर ब्याज की दर बढ़ाई

भाषा। नई दिल्ली

**आवासीय** ऋणदाता एचडीएफसी लिमिटेड और सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपनी कर्ज की दरों में 0.25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की मंगलवार को घोषणा की। संशोधित दरें एक मार्च से लागू होंगी। इसके साथ ही नए एवं पुराने ग्राहकों दोनों के लिए कर्ज महंगा हो जाएगा। एचडीएफसी ने एक बयान में कहा कि वह अपनी प्रमुख ऋण दर में 0.25 प्रतिशत तक की वृद्धि कर रहा है। इसके साथ ही उसकी प्रमुख खुदरा ऋण दर बढ़कर 9.20 प्रतिशत हो गई है।

पीएनबी ने भी एमसीएलआर पर आधारित दर में 0.10 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया। यह वृद्धि सभी अवधि वाले कर्जों पर लागू होगी। पीएनबी ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि एक साल की अवधि के वाहन, आवास एवं व्यक्तिगत ऋणों पर ऋण दर को 8.4 प्रतिशत से संशोधित कर 8.5 प्रतिशत कर दिया गया है। महीने की शुरुआत में रिजर्व बैंक ने नीतिगत ब्याज दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। इसके साथ ही रेपो दर बढ़कर 6.25 प्रतिशत हो गई है। रिजर्व बैंक से मिलने वाले वित्त के महंगा होने से वित्तीय संस्थानों को भी अपनी उधारी दर में वृद्धि करनी पड़ी है।

इस दौरान देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने एमसीएलआर में 0.10 प्रतिशत और निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने 0.05 प्रतिशत तक की वृद्धि की है।

## क्विक न्यूज

### अग्निवीर भर्ती के लिए अर्हता हासिल करने में विफल रहने पर युवक ने की आत्महत्या

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले मे 22 वर्षीय उम्मीदवार ने अग्निवीर चयन प्रक्रिया मे अधिक उम्र होने के कारण छंटने के बाद मंगलवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। फिजिकल पुलिस थाने के प्रभारी कृपाल सिंह ने बताया कि उम्मीदवार की पहचान केदार पाल के तौर पर हुई है। सिंह ने बताया कि सुबह घर से दौड़ने के लिए निकला था, लेकिन बाद में उसका शव कस्बे में उसके घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर एक पेड़ से लटका मिला। उन्होंने कहा, हमने पाल का शव एक पेड़ से लटका हुआ पाया और एक सुसाइड नोट बरामद किया। जिसमे उसने उल्लेख किया था कि वह सेना मे शामिल होने मे असमर्थ रहा क्योंकि वह अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन करने के योग्य नही था। पाल के दोस्तों के अनुसार वह सेना में शामिल होने की इच्छा रखता था और फिट रहने के लिए बहुत व्यायाम करता था। उन्होने कहा कि अग्निवीर योजना शुरू होने के बाद सेना मे शामिल होने की उम्र सीमा 17 से 21 साल तय की गई है जबकि पहले यह 23 साल तक थी।

### मोबाइल फोन की बैटरी फटने से व्यक्ति की मौत, फोरेंसिक विशेषज्ञ जांच में जुटे

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले मे कथित तौर मोबाइल फोन की बैटरी मे विस्फोट होने से 68 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि घटना सोमवार को जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर बड़नगर कस्बे में हुई और फोरेंसिक विशेषज्ञ इसकी जांच कर रहे है। बड़नगर थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने कहा, मृतक की पहचान दयाराम बरोड़ के रूप में हुई है जो अपने दोस्त के साथ कही जाने वाला था। जब बड़ोद ने फोन नही उठाया तो दोस्त उसके घर गया और उसे मृत हालत में पाया। कथित तौर पर चार्जिंग के दौरान मोबाइल फोन की बैटरी मे विस्फोट होने से यह घटना हुई और घटनास्थल पर उसका क्षत-विक्षत शव पड़ा था। उन्होने कहा कि शव के पास मोबाइल फोन के टुकड़े भी मिले है। अधिकारी ने कहा कि घर मे कोई अन्य विस्फोटक सामग्री नही मिली।

### कर्नाटक के इंजिनियरिंग कालेज की प्रवेश परीक्षा 28 मई को

**नई दिल्ली।** कॉमेडके यूजीईटी और यूनी-गॉज एंट्रेंस एग्जाम 28 मई 2023 को 150 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेजों और 50 से अधिक रैप्यूटेटेड प्राइवेट और डीम्ड यूनिवर्सिटी में प्रवेश के लिए कंबाइंड एग्जामिनेशन के रूप में आयोजित की जाएगी। एंट्रेंस एग्जाम कर्नाटक अनएडेड प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज एसोसिएशन (केयूपीईसीए) से संबद्ध कॉलेजों और बीई/बीटेक प्रोग्राम की चलाने वाले यूनी-गॉज मेंबर यूनिवर्सिटी के लिए आयोजित की जाएगी। एग्जाम 400 से अधिक एग्जाम सेंटर के साथ देशभर के 150 से अधिक शहरों में ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। इस साल 1 लाख से अधिक छात्रों के परीक्षा में शामिल होने की उम्मीद है। आवेदन कर्ता डब्ल्य ूडब्ल्यू डब्ल्यू डाट सीओएमइडीके डाट ओआरजी या डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू यूएनआई-जीएयूजीइ डाट काम पर रजिस्टर कर सकते है। रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 15 फरवरी, 2023 से शुरू हो गया है जो कि 24 अप्रैल, 2023 तक ऑनलाइन खुला रहेगा। कॉमेडके के एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी डॉ. कुमार ने कहा कि कर्नाटक के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश पाने के लिए भारत भर के छात्रों का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है।

### इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के लिए महत्वपूर्ण इंजन परीक्षण किया

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 मिशन के प्रक्षेपण वाहन के क्रायोजेनिक ऊपरी चरण को गति प्रदान करने वाले सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन का उड़ान स्वीकृति ताप परीक्षण सफल रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने यह जानकारी दी। इसरो ने बताया कि 24 फरवरी को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में स्थित इसरो प्रणोदन परिसर के हाई एल्टीट्यूड प्रक्षेपण केंद्र मे 25 सेकंड की निर्धारित अवधि के लिए उड़ान स्वीकृति ताप परीक्षण किया गया था। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा, परीक्षण के दौरान इंजन सभी प्रणोदन मानकों पर खरा उतरा और उसका प्रदर्शन अनुमान के मुताबिक मिला। इसरो ने कहा कि क्रायोजेनिक इंजन के पूरी तरह से एकीकृत उड़ान क्रायोजेनिक चरण को साकार करने के लिए उसे प्रोपेलेंट टैंक, स्टेज स्ट्रक्चर और संबंधित द्रव लाइनों के साथ जोड़ा जाएगा। इससे पहले, साल की शुरुआत मे चंद्रयान-3 के लैंडर का तिरुपति स्थित यू आर राव उपग्रह केंद्र में सफल ईएमआईईएमसी परीक्षण किया गया था।

### इंडियन बैंक करेगी मदद

**बरेली।** टीकेएम ने इंडियन बैंक के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। नया गठजोड़ अभिनव समाधान पेश करेगा जो ग्राहकों की उभरती अपेक्षाओं से मेल खाता है, 90 प्रतिशत तक ऑन-रोड फंडिंग के साथ, बिना किसी प्रोसेसिंग शुल्क, फोरक्लोजर और पार्ट-पेमेंट शुल्क के । इस करार से अब ग्राहकों को, विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी बाजारों में, अपने पसंदीदा टोयोटा वाहन को आसानी से खरीदने के लिए आसान फंडिंग विकल्पों तक पहुंचना संभव होगा। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स एंड स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग, अतुल सूद ने कहा हम अपने सभी ग्राहकों को एक शानदार टोयोटा अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप इंडियन बैंक के साथ हाथ मिलाकर खुश हैं।

# रेलवे के नवनियुक्त अधिकारियों को अब शुरूआती 10 साल क्षेत्र में बिताने होंगे

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** रेलवे ने अपनी नीति में बड़ा बदलाव करते हुए कहा है कि युवा अधिकारियों को मुख्यालय में तैनाती से पहले शुरुआती 10 साल क्षेत्र में बिताने होंगे। रेलवे बोर्ड ने यह जानकारी दी। अब तक, नवनियुक्त अधिकारियों को भी मुख्यालय में तैनात किया जा सकता था।

सूत्रों ने बताया कि यह फैसला इसलिए लिया गया कि अधिकारियों को मुख्यालय में सुविधाजनक पदों पर आने से पहले क्षेत्र में काम करने का भी पर्याप्त अनुभव मिले।

रेलवे बोर्ड द्वारा जारी आदेश में कहा गया है, सीधी भर्ती ग्रुप ए रेलवे अधिकारियों को क्षेत्र में काम करने का पर्याप्त अनुभव प्रदान करने के लिए यह तय किया गया है कि वे अपने सेवाकाल के शुरुआती 10 साल क्षेत्र में तैनात किए जाएंगे और उक्त अवधि के दौरान उन्हें मुख्यालय में पदस्थ नहीं किया जाएगा।

गौरतलब है कि हाल में आंध्र प्रदेश में एक ट्रेन के पटरी से उतर जाने के बाद रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ए. के. लाहोटी ने महाप्रबंधकों और मंडलीय रेलवे प्रबंधकों से देशभर में दुर्घटनास्थलों पर खुद जाने तथा स्थिति का समाधान करने के लिए कहा था। इस फैसले के पीछे की वजह बताते हुए अधिकारियों ने कहा, क्षेत्र में तैनाती रेलवे के लिए श्रमसाध्य तथा अधिक रचनात्मक है।


यह युवा अधिकारियों को ऐसी चुनौतियों के लिए भी तैयार करती है, जिसका वे सामना कर सकते हैं और इससे उनमें निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाने में मदद मिलती है।

एक अन्य अधिकारी ने कहा कि यह महसूस किया गया कि रेलवे में निर्णय लेने वाले लोग जमीनी स्तर की वास्तविकताओं से दूर होते जा रहे हैं।

उन्होंने कहा, क्षेत्र में शुरुआती तैनाती से वे जमीनी हकीकत से रूबरू हो सकेंगे। वे यह भी सीख सकेंगे कि ग्रामीण क्षेत्रों में कैसे रहना है, जहां अक्सर मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव होता है। रेलवे बोर्ड द्वारा 21 फरवरी को जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि किसी अधिकारी को अपवाद वाले बाध्यकारी कारणों को लेकर संबंधित महाप्रबंधक की मंजूरी से ही मुख्यालय में तैनात किया जा सकता है। रेलवे के ग्रुप ए अधिकारियों का चयन संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) करता है।

# भारत को उम्मीद, यूरोपीय संघ के साथ एफटीए अहम बदलाव लाएगा

भाषा। नई दिल्ली



**भारत** को उम्मीद है कि यूरोपीय संघ के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से अहम बदलाव होंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर न मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने साथ ही भरोसा जताया कि समझौते के लिए तय समयसीमा के भीतर पारस्परिक रूप से लाभकारी निष्कर्ष तक पहुंचा जा सकेगा। उन्होंने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में कहा कि यूरोप और भारत निर्भरता को कम करके, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों पर सहयोग बढ़ाकर और आपूर्ति-श्रृंखला के पुनर्गठन के जरिए एक-दूसरे की रणनीतिक स्वायत्तता का समर्थन कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) एफटीए दोनों पक्षों के रिश्ते के लिए अहम बदलाव लाएगा। हम पारस्परिक रूप से लाभकारी नतीजे तक पहुंचने के लिए तय समयसीमा के भीतर बातचीत पूरी करने के लिए तत्पर हैं। भारत और यूरोपीय संघ ने आठ साल के बाद पिछले वर्ष जून में लंबे समय से लंबित व्यापार और निवेश समझौते के लिए बातचीत फिर शुरू की थी। उन्होंने कहा कि व्यापार समझौतों के लिए भारत का नया नजरिया गैर-शुल्क और अन्य बाधाओं का समाधान करता है।

विदेश मंत्री ने कहा, हमने हाल के वर्षों में समान विचारधारा वाले भागीदारों के साथ अपनी एफटीए वार्ता प्रक्रियाओं को तेज किया है। यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए रिकॉर्ड समय में पूरे हुए।

उन्होंने कहा कि यूरोप और भारत निर्भरता को कम करके एक-दूसरे की रणनीतिक स्वायत्तता को मजबूत कर सकते हैं।

# शाह और नड्डा ने तेलंगाना के भाजपा नेताओं के साथ की बैठक

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मंगलवार को पार्टी की तेलंगाना इकाई के नेताओं के साथ बैठक की। इस बैठक का मकसद इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के अभियान को धार देना था।

बैठक में हुए विचार-विमर्श के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है लेकिन सूत्रों ने कहा कि यह चुनाव से संबंधित है, क्योंकि राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (भारत राष्ट्र समिति) और कांग्रेस ने भी अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार के अलावा केंद्र व राज्य के कई नेता बैठक में मौजूद थे। लोकसभा सांसद कुमार राज्य में मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली सरकार को निशाना बनाने के लिए एक पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं।

यह बैठक सीबीआई द्वारा दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को कथित शराब घोटाले के मामले में गिरफ्तार किए जाने के बाद हो रही है। भाजपा ने दावा किया है कि बीआरएस सांसद के कविता भी इस घोटाले में शामिल हैं। सीबीआई ने इस मामले में हैदराबाद के एक चार्टर्ड अकाउंटेंट को गिरफ्तार किया है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कविता के साथ उसके संबंध हैं।

# तीन मार्च को पंजाब विधानसभा सत्र बुलाया गया

भाषा। नई दिल्ली



विधानसभा सत्र बुलाने के राज्यपाल

**पंजाब** में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के साथ जारी टकराव के बीच राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने उच्चतम न्यायालय को सोमवार को बताया कि उन्होंने तीन मार्च को विधानसभा का बजट सत्र बुलाया है।

न्यायालय ने दोनों पक्षों से कहा कि मर्यादा और परिपक्व शासन कौशल के साथ संवैधानिक विमर्श किया जाना चाहिए।

शीर्ष अदालत तीन मार्च को बजट सत्र बुलाने को लेकर राज्यपाल के कथित इनकार के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। न्यायालय ने कहा कि पंजाब सरकार राज्यपाल द्वारा मांगी गई जानकारी प्रदान करने के लिए बाध्य है और इसी तरह राज्यपाल विधानसभा सत्र बुलाने के संबंध में कैबिनेट की सिफारिशों को स्वीकार करने के लिए कर्तव्यबद्ध हैं। उसने कहा कि पंजाब के राज्यपाल मंत्रियों के परामर्श से बंधे हुए हैं, इसलिए राज्यपाल द्वारा बजट सत्र बुलाने या नहीं बुलाने को लेकर कानूनी सलाह लेने का कोई मतलब नहीं है। राज्यपाल की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ से कहा कि

### ● पंजाब के राज्यपाल ने न्यायालय से कहा

के फैसले को देखते हुए पंजाब सरकार द्वारा दायर याचिका कोई मायने नहीं रखती है। पीठ ने इस प्रतिवेदन पर गौर किया। न्यायालय ने कहा, यह अदालत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को समझती है, लेकिन खासकर अधिकारियों के बीच संवैधानिक संवाद के संदर्भ में, संवैधानिक विमर्श मर्यादा और परिपक्व शासन कौशल की भावना के साथ किया जाना चाहिए। पीठ में न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा भी शामिल थे। उसने कहा, लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक मतभेद स्वीकार्य हैं और इन्हें समझदारी से निपटाया जाना चाहिए। यदि इन सिद्धांतों को दिमाग में नहीं रखा जाता है, तो संवैधानिक मूल्यों का प्रभावी क्रियान्वयन खतरे में पड़ जाएगा। पंजाब सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील ए. एम. सिंघवी ने कहा, एक संवैधानिक प्राधिकारी संविधान की अनदेखी कर रहे हैं। मेहता ने न्यायालय से कहा कि पंजाब सरकार द्वारा दायर याचिका अनावश्यक है और सुनवाई योग्य नहीं हैं। उन्होंने कहा, राज्यपाल ने कभी इनकार नहीं किया और उन्होंने कहा कि वह कानूनी सलाह ले रहे हैं।

इससे पहले, न्यायालय विधानसभा का सत्र बुलाने से इनकार करने के राज्यपाल के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करने को तैयार हो गया था। सिंघवी ने मामले पर मंगलवार को ही तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया था। पंजाब के राज्यपाल पुरोहित और मुख्यमंत्री भगवंत मान नीत सरकार के बीच गतिरोध पिछले सप्ताह और बढ़ गया, जब पुरोहित ने संकेत दिया कि उन्हें विधानसभा का बजट सत्र बुलाने की कोई जल्दी नहीं है और उन्होंने मुख्यमंत्री मान को राजभवन के एक पत्र पर उनका आपत्तिजनक जवाब याद दिलाया।

## भारती एयरटेल इस साल सभी प्लान में मोबाइल सेवाओं की दरें बढ़ाएगी

**बार्सिलोना।** भारती एयरटेल इस साल अपने सभी प्लान में मोबाइल सेवाओं की दरें बढ़ाने पर विचार कर रही है। दूरसंचार कंपनी के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने यहां यह जानकारी दी। कंपनी ने पिछले महीने अपने न्यूनतम रिचार्ज या 28 दिन की मोबाइल फोन सेवा योजना के शुरुआती स्तर के प्लान की कीमत लगभग 57 प्रतिशत बढ़कर 155 रुपए कर दी थी। यह बढ़ोतरी आठ सर्किलों में की गई।

उन्होंने पीटीआई-भाषा के एक सवाल के जवाब में कहा कि दूरसंचार व्यवसाय में पूंजी पर प्रतिफल बहुत कम है और इस साल एक दर वृद्धि की उम्मीद है। उनसे पूछा गया था कि जब कंपनी के बही-खाते बेहतर स्थिति में हैं, तो ऐसे में दरों में बढोतरी की जरूरत कितनी है। मित्तल ने सोमवार को यहां मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) में कहा, यह (दर वृद्धि) सभी जगह होगी। उन्होंने कहा कि कंपनी ने बहुत अधिक पूंजी निवेश किया है। इससे बही-खाते मजबूत हो रहे हैं, लेकिन उद्योग में पूंजी पर प्रतिफल बहुत कम है। उन्होंने कहा, इसे बदलने की जरूरत है। हम थोड़ी सी वृद्धि की बात कर रहे हैं, जो भारत में जरूरी है।

# अडाणी समूह की अधिकांश कंपनियों के शेयर चढ़े

भाषा। नई दिल्ली

**लगातार** गिरावट का सामना कर रहे अडाणी समूह के शेयरों के लिए मंगलवार का दिन राहत लेकर आया। कई दिन बाद समूह की दस में से आठ सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 14.22 प्रतिशत की जोरदार बढ़त के साथ।,364.05 रुपए के भाव पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 19 प्रतिशत तक चढ़ गया था। इसी तरह अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड के शेयरों में 5.44 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। अडाणी ग्रीन एनर्जी और अडाणी विल्मर के शेयरों में पांच-पांच प्रतिशत की तेजी रही जबकि एनडीटीवी का शेयर 4.99 प्रतिशत चढ़ा। अडाणी पावर के शेयर में 4.98 प्रतिशत जबकि अंबुजा सीमेंट्स में 3.75 प्रतिशत और एसीसी में 2.24 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

हालांकि समूह की दो अन्य कंपनियों- अडाणी ट्रांसमिशन और अडाणी टोटल गैस में गिरावट का दौर जारी रहा। अडाणी ट्रांसमिशन के शेयर में पांच प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि अडाणी टोटल गैस में 4.99 प्रतिशत का नुकसान हुआ। अडाणी समूह की ज्यादातर कंपनियों के लिए मंगलवार का दिन बाजार के सामान्य रुख के उलट अच्छा रहा। इस दिन सेंसेक्स 326.23 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी 88.75 अंक गिरकर बंद हुआ।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, अडाणी समूह के शेयरों में तीव्र बढ़त आने के बावजूद निफ्टी का गिरना दिन के कारोबार का एक नकारात्मक पहलू रहा।

अडाणी समूह की कंपनियों के शेयर गत 24 जनवरी को हिंडनबर्ग रिसर्च की एक प्रतिकूल रिपोर्ट आने के बाद से ही भारी गिरावट के दौर से गुजर रहे हैं। एक महीने से कुछ ही अधिक समय में समूह की कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 12 लाख करोड़ रुपए तक गिर चुका है।

हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में अडाणी समूह पर शेयरों के भाव बढ़ाने के लिए हेराफेरी करने और वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए थे। हालांकि, समूह ने इन सभी आरोपों को झूठ और मनगढ़ंत बताते हुए खारिज किया है।

# जीत पर जोर : भारत की नजरें डब्ल्यूटीसी फाइनल पर

## ● ऑस्ट्रेलिया की कोशिश श्रृंखला में वापसी पर

भाषा। इंदौर

**भारतीय टीम** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में बुधवार को जब यहां होल्कर मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश घरेलू सरजमीं पर लगातार 16वीं श्रृंखला में जीत के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में अपनी जगह पूरी तरह से पक्की करने की होगी, वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया को चार मैचों की श्रृंखला में वापसी के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाना होगा। भारतीय टीम ने शुरुआती दो मैच जीतकर पहले ही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली है और इस मैच में टीम के सामने एक बड़ी चुनौती चयन को लेकर है। टीम को खराब फॉर्म से जूझ रहे लोकेश राहुल और शुभमन गिल में से किसी एक को चुनना होगा। राहुल अब उप-कप्तान नहीं हैं, लेकिन टीम प्रबंधन ने उन पर जबरदस्त विश्वास दिखाया है और ऐसे में उन्हें लय हासिल करने का एक और मौका मिल सकता है। स्पिनरों के दबदबे वाली श्रृंखला में अब तक इकलौता शतक रोहित शर्मा के बल्ले से निकला है। अगर भारतीय टीम को पहले दिन बल्लेबाजी करने का मौका मिलता है, तो उनके अलावा चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के पास रनों का पहाड़ खड़ा करने का मौका होगा। जडेजा,अश्विन और अक्षर पटेल की तिकड़ी गेंद से कमाल का प्रदर्शन करने के अलावा श्रृंखला में अब तक अधिकांश रन भी बनाए हैं। निचले क्रम में हालांकि उनसे नियमित रूप से रन बनाने की उम्मीद नहीं की जा सकती है ऐसे में शीर्ष क्रम को यह जिम्मेदारी उठानी होगी। भारतीय स्पिनरों के खिलाफ स्वीप शॉट खेलने की ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की रणनीति पूरी तरह से विफल रही लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने प्रतिद्वंद्वी स्पिनरों के खिलाफ पारंपरिक तरीका अपनाया और उन्हें इसका फायदा भी मिला। रोहित का फुटवर्क शानदार रहा तो वहीं कोहली भी बल्लेबाजी के दौरान सहज दिखे। अपने 100वें टेस्ट की दूसरी पारी में चेतेश्वर पुजारा ने नाबाद 31 रन की पारी खेली जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ होगा। होलकर स्टेडियम में काली और लाल दोनों तरह की मिट्टी की पिच है। पिच क्यूरेटरों ने हालांकि काली मिट्टी की पिच को इस्तेमाल करने का फैसला किया है , जिस पर आमतौर पर लाल मिट्टी की तुलना में टर्न और उछाल कम होगी। नागपुर और दिल्ली में शिकस्त झेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया को अपनी योजना पर काम करने के लिए काफी समय मिला। टीम को हालांकि दिल्ली की हार अधिक खलेगी क्योंकि सिर्फ एक सत्र में खराब प्रदर्शन का उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। इंदौर में हालांकि टीम में कई बदलाव के साथ मैदान पर उतरेगी। कप्तान पैट कमिंस के साथ अपनी बीमार मां के साथ रहने के लिए स्वदेश लौट गए है। अगर, हेजलवुड और डेविड वॉर्नर भी चोट के कारण स्वदेश लौट आए हैं। ऐसे में टीम की कमान स्टीव स्मिथ के हाथों में होगी। भारतीय स्पिनरों के खिलाफ स्वीप शॉट लगाने की योजना पूरी तरह से विफल होने के बाद उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज अश्विन और जडेजा के खिलाफ पारंपरिक योजना से बल्लेबाजी करेंगे। इन दोनों गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अक्षर को इन दो टेस्ट मैचों में सिर्फ 26 ओवर गेंदबाजी करने का मौका मिला है।



### इंदौर के होलकर स्टेडियम में शुरू होगी घन्टी बजाने की परंपरा

**इंदौर(मध्यप्रदेश)।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी स्पर्धा के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बुधवार से खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट की शुरुआत के साथ ही इंदौर के होलकर स्टेडियम मे घन्टी बजाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले के आगाज की परंपरा की भी शुरुआत होगी। मध्यप्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि होलकर स्टेडियम मे खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम के सामने पीतल की बड़ी घंटी लगाई गई है।

### होलकर स्टेडियम में भारत का पलड़ा भारी, पहली बार टेस्ट खेलने उतरेगी ऑस्ट्रेलिया

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट मैच मे बल्लेबाजो का स्वर्ग कहे जाने वाले उस होलकर स्टेडियम मे बुधवार को आमने-सामने होंगी जहां मेजबान टीम का पलड़ा हमेशा से भारी रहा है। मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के इस मैदान के पिछले 17 साल के इतिहास मे भारत ने केवल एक मुकाबले को छोड़कर, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनो प्रारूपो (टेस्ट, एक दिवसीय और टी20) के हर मैच मे जीत दर्ज की है। दूसरी तरफ करीब 27,000 दर्शकों की क्षमता वाले होलकर स्टेडियम मे खेलने का ऑस्ट्रेलिया को बेहद कम अनुभव है। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैदान पर 24 सितंबर 2017 को आयोजित एक दिवसीय मैच के रूप मे इकलौता मुकाबला खेला है जिसमे उसे भारत के हाथो पांच विकेट से पराजय झेलनी पड़ी थी। संयोग है कि 2017 के इस मुकाबले मे भी वह स्टीव स्मिथ ही ऑस्ट्रेलिया की अगुवाई कर रहे थे जो बुधवार को खेले जाने वाले टेस्ट मैच मे टीम के कार्यवाहक कप्तान की भूमिका मे नजर आएंगे क्योकि नियमित कप्तान पैट कमिंस अपनी बीमार मां की देखभाल के लिए स्वदेश लौट गए है। होलकर स्टेडियम पर अब तक केवल दो टेस्ट मैच खेले गए है जिनमे भारत ने न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ जीत हासिल की है। भारतीय टीम होलकर स्टेडियम मे 2006 से लेकर अब तक आयोजित सभी छह एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचो मे जीत का झंडा फहराते आई है और सीमित ओवरो के इस प्रारूप मे ऑस्ट्रेलिया के अलावा इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड को धूल चटा चुकी है। होलकर स्टेडियम मे अब तक खेले गए तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचो मे से दो मे भारत ने जीत हासिल की है, जबकि चार अक्टूबर 2022 को आयोजित एक मुकाबले मे मेजबान टीम को दक्षिण अफ्रीका के हाथो हार का सामना करना पड़ा है।

# कुश्ती विवादः जांच समिति के समक्ष पेश हुए बृजभूषण, आरोपों का किया खंडन

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय कुश्ती** महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह मंगलवार को सरकार द्वारा नियुक्त निगरानी समिति के समक्ष पेश हुए और उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। यह समिति बृजभूषण के खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच कर रही है। दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम के अध्यक्षता वाली समिति का गठन 23 जनवरी को किया गया था। देश के चोटी के पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के प्रमुख बृजभूषण पर कई महिला खिलाड़ियों का यौन उत्पीड़न करने, खिलाडि़यों को धमकाने और तानाशाही तरीके से खेल निकाय का संचालन करने के आरोप लगाए थे। सुनवाई के लिए बृजभूषण अपने 20 समर्थकों के साथ पहुंचे थे। सुनवाई लगभग तीन घंटे तक चली। खेल मंत्रालय के सूत्रों ने पीटीआई से कहा, बृजभूषण आज समिति के सामने पेश हुए। उन्होंने सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी कुछ भी गलत काम नहीं किया। बृजभूषण हालांकि भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) मुख्यालय के बाहर इंतजार कर रहे मीडिया से बचते रहे। उन्होंने कहा कि अभी जांच चल रही है और इस समय वह किसी तरह की टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं। उनके खिलाफ आरोप देश के चोटी के पहलवानों ने लगाए हैं जिनमें विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और रवि दहिया भी शामिल हैं। पहलवान पहले ही समिति के सामने पेश हो चुके हैं। जनवरी में देश के चोटी के पहलवानों ने जंतर-मंतर पर तीन दिवसीय धरना दिया था और बृजभूषण को बर्खास्त करने और डब्ल्यूएफआई को भंग करने की मांग की थी। इसके बाद भाजपा के सांसद बृजभूषण को जांच पूरी होने तक डब्ल्यूएफआई का कामकाज नहीं देखने के लिए कहा गया था।

### तूर और पॉल एएफआई के आउटडोर सत्र में होंगे आकर्षण का केन्द्र

**बेल्लारी (कर्नाटक)।** गोला फेंक में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजिंदरपाल सिंह तूर और करणवीर सिंह के साथ त्रिकूद खिलाड़ी एल्डोज पॉल बुधवार से यहां शुरू होने वाली दूसरी एएफआई (भारतीय एथलेटिक्स महासंघ) राष्ट्रीय थ्रो एवं जम्प प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र होंगे। तूर और करणवीर ने इस महीने की शुरुआत में नूर-सुल्तान में एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते थे।

### गत विजेता रुबलेव ने दुबई चैम्पियनशिप में जीत से किया अपना अभियान शुरू

**दुबई।** आंद्रे रुबलेव ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप में अपने खिताब के बचाव का अभियान फिलिप क्राजिनोविक को 7-5, 6-2 से हराकर शुरू किया। क्राजिनोविक सोमवार को अपना 31वां जन्मदिन मना रहे थे और उन्होंने 5-2 की बढ़त के साथ मैच में शानदार शुरुआत की थी। दूसरी वरीयता प्राप्त रुबलेव ने अगले 13 गेम में से 11 में जीत दर्ज कर उनके जन्मदिन के जश्न को फीका कर दिया।

### कैस्पर रूड मैक्सिको ओपन के दूसरे दौर में

**मैक्सिको सिटी।** दूसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने अर्जेंटीना के क्वालीफायर गुइडो आंद्रेओजी को 6-4, 4-6, 7-6 (2) से हराकर मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर मे प्रवेश किया। रूड अब तक तीन खिताब जीत चुके है और वह 2022 मे फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन के फाइनल मे पहुंचे थे। वह दूसरी बार मैक्सिको ओपन में भाग ले रहे है। दो साल पहले वह यहां क्वार्टर फाइनल मे पहुंचे थे।

### धन्य हूं जो इस तरह के रोमांचक टेस्ट मैच का हिस्सा बनाः बेन स्टोक्स

**वेलिंगटन।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स खुद को धन्य मानते है जो वह इस तरह के रोमांचक टेस्ट मैच का हिस्सा बने जिसमे उनकी टीम को न्यूजीलैंड के हाथो एक रन से हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड ने मंगलवार को बेसिन रिजर्व मे खेले गए दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच मे एक रन से जीत दर्ज की और दो मैचों की श्रृंखला।-। से बराबर की। टेस्ट क्रिकेट मे यह केवल चौथा अवसर है जबकि किसी टीम ने एक रन से जीत हासिल की।

### बीबीडी लीग आज से

**लखनऊ।** जी-20 बीबीडी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग के नॉकआउट मुकाबलों की शुरूआत केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर एक मार्च से होगी। सीएएल के सचिव केएम खान के अनुसार 1 मार्च को पहला सेमीफाइनल कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब व आरईपीएल क्रूसेडर्स के मध्य खेला जायेगा। इसके बाद दूसरा सेमीफाइनल 2 मार्च को नार्थ ईस्टर्न रेलवे व अखिल इंफ़्रा के मध्य होगा।

### हरमीत, सुतीर्था, यशस्विनी एकल मुख्य ड्रा में

**पणजी।** भारत के तीन खिलाड़ियों ने मंगलवार को यहां पहली बार विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) के स्टार कंटेंडर गोवा के एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। पुरुष एकल में हरमीत देसाई जबकि महिला एकल मे यशस्विनी घोरपडे और सुतीर्था मुखर्जी ने मुख्य ड्रा में जगह बनाई। इन तीनों खिलाड़ियों में यशस्विनी सबसे युवा है।

# राहुल को उपकप्तान पद से हटाना कुछ भी संकेत नहीं देता : रोहित



भाषा। इंदौर

**भारतीय कप्तान** रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट की पूर्व संध्या पर लोकेश राहुल बनाम शुभमन गिल की बहस को खुला रखते हुए कहा कि राहुल को उपकप्तान पद से हटाने से कुछ भी संकेत नहीं मिलता है और प्रबंधन क्षमता वाले खिलाड़ियों का समर्थन करना जारी रखेगा। रोहित और गिल ने मंगलवार को वैकल्पिक अभ्यास सत्र में अगल-बगल वाले नेट पर बल्लेबाजी की जबकि राहुल ने टीम के अधिकांश सदस्यों के साथ होटल में रहने का फैसला किया। राहुल ने 47 टेस्ट में 33.4 के औसत से रन बनाए है और पिछले काफी समय से फॉम में नहीं है जबकि गिल इस दौरान शानदार लय में रहे है और सीमित ओवरों के क्रिकेट में उन्होंने कई बड़ी पारियां खेली है। राहुल पिछली 10 टेस्ट पारियों में 25 रन के आंकड़े को पार करने में विफल रहे है। दिल्ली में दूसरे टेस्ट के बाद उन्हें उपकप्तान की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया। इससे श्रृंखला के बाकी बचे दो मैचों में अंतिम एकादश में उनकी जगह को लेकर चर्चा शुरू हो गई। रोहित ने हालांकि इस मुद्दे पर कुछ भी खुल कर नहीं कहा। मैंने इसके बारे में पिछले मैच के बाद भी बात की थी। जो खिलाड़ी कठिन दौर से गुजर रहे हैं, उनकी क्षमता को देखते हुए उन्हें खुद को साबित करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा। उपकप्तान होना या कुछ और होना आपको कुछ नहीं बताता। उस समय वे उपकप्तान थे। उपकप्तान से उन्हें हटाया जाना कुछ भी संकेत नहीं देता। इस मैच को लेकर गिल और राहुल के बारे मे कहा, जहां तक गिल और लोकेश राहुल की बात है तो वे किसी भी मैच से पहले इसी तरह अभ्यास करते हैं।

### भारत में बल्लेबाजी करने के लिए लंबे समय तक अपनी रणनीति पर कायम रहना जरूरी : स्मिथ



**इंदौर।** ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने मंगलवार को यहां कहा कि भारत मे बल्लेबाजी करने के लिए एकाग्रता और धैर्य की जरूरत होती है और बुधवार से यहां होने वाले तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच मे उनकी टीम इसी रणनीति के अनुसार बल्लेबाजी करेगी। नियमित कप्तान पैट कमिंस के अपनी मां के बीमार हो जाने के कारण स्वदेश लौट जाने से स्मिथ इस मैच मे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे। वह इससे पहले 2016-17 मे भारत दौरे पर आई ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान भी थे। स्मिथ ने कप्तानी को लेकर पूछे गए सवाल पर मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मुझे नही पता कि आप इसे पूर्णता कह सकते है। कमिंस स्वदेश लौट गए है और मुझे यह कप्तानी मुश्किल परिस्थितियो मे मिली है। इस श्रृंखला मे अभी तक चीजे रणनीति के अनुकूल नही हुई है। हम कुछ अवसरो पर अच्छी स्थिति मे रहे लेकिन उसका फायदा नही उठा पाए। हम उम्मीद कर सकते है कि इस मैच मे हम इन चीजो मे सुधार करेंगे। दिल्ली मे खेले गए दूसरे टेस्ट मैच मे ऑस्ट्रेलिया के अधिकतर बल्लेबाज स्वीप शॉट खेलने के प्रयास मे आउट हुए। स्मिथ नियमित तौर पर स्वीप शॉट नही खेलते लेकिन उस्मान ख्वाजा और एलेक्स कैरी की इस शॉट अच्छी पकड़ है।

### कास्प्रोविच ने तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरने की दी सलाह

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज माइकल कास्प्रोविच ने भारत के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट मैच मे अपनी टीम को तीन तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क, कैमरून ग्रीन और स्कॉट बोलैंड के साथ मैदान मे उतरने की सलाह दी है। कास्प्रोविच ने कहा कि तेज गेंदबाजी ऑस्ट्रेलिया की मजबूती है और टीम को अपने मजबूत पक्ष का समर्थन करना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया दिल्ली मे तीन विशेषज्ञ स्पिनरो और कप्तान पैट कमिंस के रूप मे सिर्फ एक तेज गेंदबाज के साथ दूसरे टेस्ट मैच मे उतरा था लेकिन उसे छह विकेट की शिकस्त झेलनी पड़ी। कास्प्रोविच ने अंतिम एकादश मे बोलैंड को शामिल करने की वकालत करते हुए एसईएन रेडियो से कहा, इससे (तीन तेज गेंदबाज) मुझे कोई आपत्ति नही है। स्पिन से हम भारत को टक्कर नही दे सकते है। मै चाहूंगा कि बोलैंड टीम मे हो। मै ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि उसके पास एक छोर से दबाव बनाने की क्षमता है।

# ईरानी कप : मयंक के पास राष्ट्रीय टीम का दरवाजा फिर से खटखटाने का मौका

भाषा। ग्वालियर



**शेष भारत के** कप्तान मयंक अग्रवाल को राष्ट्रीय टीम में वापसी की उम्मीदों को बनाए रखने के लिए बुधवार से शुरू हो रही ईरानी कप में दमदार प्रदर्शन करना होगा। ईरानी कप में शेष भारत के सामने 2021-22 सत्र की रणजी चैम्पियन मध्य प्रदेश की चुनौती होगी।
ईरानी कप का महत्व हालांकि पिछले 15 वर्षों में काफी कम हो गया है क्योंकि राष्ट्रीय स्तर के ज्यादातर खिलाड़ी इसका हिस्सा नहीं बन पाते है। लोकेश राहुल की खराब लय को देखते हुए व्यक्तिगत तौर पर यह मुकाबला मयंक के लिए महत्वपूर्ण है। इस कलात्मक सलामी बल्लेबाज को पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में खराब श्रृंखला के बाद भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। मयंक ने इस साल रणजी सत्र में सबसे ज्यादा 990 रन बनाए है और सत्र के आखिरी घरेलू मुकाबले में एक और दमदार प्रदर्शन उन्हें फिर से राष्ट्रीय टीम में शामिल कर सकता है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी दो टेस्ट के लिए टीम का चयन किया जा चुका है। राहुल अगर लय में नहीं लौटे तो मयंक को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और फिर वेस्टइंडीज दौरे पर जाने वाली टीम में शामिल किया जा सकता है। इस मुकाबले में मध्य प्रदेश को शीर्ष बल्लेबाज रजत पाटीदार और नियमित कप्तान आदित्य श्रीवास्तव की सेवाएं नहीं मिलेगी ऐसे में शेष भारत की टीम जीत की दावेदार होगी। तेज गेंदबाज अवेश खान, ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर, बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय और बल्लेबाज यश दुबे की मौजूदगी में हालांकि मध्य प्रदेश की टीम कड़ी टक्कर देना चाहेगी। मयंक और सलामी बल्लेबाजी में उनके जोड़ीदार अभिमन्यु ईश्वरन के प्रदर्शन के साथ चयनकर्ताओं की नजरें अगली पीढ़ी के स्पिनरों पर होगी। रविचंद्रन अश्विन 36 और रविंद्र जडेजा 34 साल के हो गए है लेकिन दोनों भारतीय परिस्थितियों में दोनों का कोई तोड़ नहीं है। जडेजा के विकल्प के रूप अक्षर पटेल मौजूद है लेकिन अगली पीढ़ी के स्पिनरों में अश्विन जैसा क्षमतावान कोई नहीं दिख रहा है। दिल्ली के पुलकित नागर ने इस सत्र में 30 विकेट चटकाए है लेकिन उनके पास सीमित क्षमता है। हरियाणा के जयंत यादव पिछले कुछ समय से कोई खास प्रदर्शन नहीं कर सके है। भारत ए के बाएं हाथ के नियमित स्पिनर सौरभ कुमार राष्ट्रीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे तो वहीं राहुल चाहर और मयंक मार्कंडेय जैसे लेग स्पिनर चोट के कारण शेष भारत की टीम से बाहर है।

### भारत महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए स्वतः क्वालीफाई करने वाली टीमों में शामिल

**दुबई।** भारत दक्षिण अफ्रीका में हुए विश्व कप में अपने समूह में शीर्ष-तीन में रहने के आधार पर बांग्लादेश में होने वाले 2024 आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) महिला टी20 विश्व कप के लिए आठ स्वत: क्वालीफाई करने वाली टीम में से एक है। दक्षिण अफ्रीका में हाल ही में समाप्त हुए टी20 विश्व कप के प्रत्एक (दो) ग्रुप की शीर्ष-तीन टीमों ने स्वत: क्वालीफिकेशन हासिल की। इसके अलावा मेजबान बांग्लादेश और पाकिस्तान की महिला टीम ने भी स्वत: क्वालीफिकेशन हासिल की।

# वानखेड़े में लगेगी सचिन की आदमकद प्रतिमा

भाषा। मुंबई



**मास्टर** ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने जिस वानखेड़े स्टेडियम में अपने क्रिकेट करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की उसी में अब उनकी आदमकद प्रतिमा लगेगी। तेंदुलकर का क्रिकेट करियर दिग्गज कोच रमाकांत आचरेकर की देखरेख में यहीं से परवान चढ़ा और इसी मैदान पर उन्होंने 2011 में एकदिवसीय विश्व कप खिताब जीतने का सपना पूरा किया। उन्होंने इसी मैदान पर 2013 में अपना 200वां और आखिरी टेस्ट मैच वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। उनकी प्रतिमा का अनावरण 24 अप्रैल को उनके 50वें जन्मदिन के मौके पर होने की उम्मीद है। तेंदुलकर ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैंने अपनी क्रिकेट यात्रा की शुरुआत मुंबई का प्रतिनिधित्व करते की थी। भारत का 2011 में विश्व कप जीतना मेरे जीवन का सबसे बड़ा क्षण है। भारत के लिए मेरा आखिरी मैच भी बहुत यादगार था और यह मुंबई में भी हुआ था। उन्होंने कहा, वानखेड़े में मेरे लिए जीवन एक चक्र पूरा हुआ। यह मैदान मेरे लिए कुछ बेहद खास पलों का गवाह रहा है। जब मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने वानखेड़े में मेरी प्रतिमा के बारे में सुझाव दिया तो मुझे सुखद आश्चर्य हुआ। मुंबई क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करने में मुझे हमेशा बहुत गर्व हुआ है और एमसीए के साथ मेरा अद्भुत जुड़ाव आज भी जारी है। मैं उनकी इस पहल के लिए बहुत आभारी हूं। एमसीए अध्यक्ष अमोल काले ने मंगलवार को तेंदुलकर के वानखेड़े दौरे से इतर यह घोषणा की। तेंदुलकर को उनके अविश्वसनीय करियर के लिए खेल के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है।

### अनुपमा व मिथुन को राष्ट्रीय बैडमिंटन में एकल खिताब

भाषा। पुणे

**विश्व की पूर्व** जूनियर नंबर एक खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय और मिथुन मंजूनाथ ने मंगलवार को यहां 84वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में क्रमश: महिला और पुरुष वर्ग के एकल खिताब जीते। अठारह वर्षीय अनुपमा ने महिला एकल के फाइनल में जुझारू प्रदर्शन करते हुए आकर्षी कश्यप को एक घंटे 18 मिनट तक चले मैच में 20-22, 21-17, 24-22 से हराया। पुरुष एकल के फाइनल में ऑरलियन्स मास्टर्स उपविजेता मिथुन ने प्रियांशु राजावत को केवल 38 मिनट में 21-16, 21-11 से हराकर प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने नाम की। राष्ट्रमंडल की कांस्य पदक विजेता और शीर्ष वरीयता प्राप्त गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की जोड़ी ने महिला युगल का खिताब जीता। टी हेमनागेंद्र बाबू और कनिका कंवल ने मिश्रित युगल जबकि एस कुशाल राज और एस प्रकाश राज ने पुरुष युगल खिताब हासिल किया।

# न्यूजीलैंड ने रोमांचक टेस्ट में इंग्लैंड को एक रन से हराया



भाषा। वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)


**न्यूजीलैंड ने** दूसरे टेस्ट मैच के उतार-चढाव से भरे आखिरी दिन मंगलवार को यहां इंग्लैंड को एक रन से शिकस्त दी और फॉलोआन बाद जीत दर्ज करने वाली तीसरी टेस्ट टीम बनी। जीत के लिए 258 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की पूरी टीम 256 रन पर आउट हो गई। इससे दो मैचों की श्रृंखला।-। की बराबरी पर छूटी। नील वेगनर ने दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के लिए चार विकेट झटके। कप्तान टिम साउदी को तीन और मैट हेनरी को दो सफलता मिली। रोमांच से भरे पांचवें दिन जो रूट ने 95 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान बेन स्टोक्स (33) के साथ पांचवें विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी कर इंग्लैंड को श्रृंखला में 2-0 की जीत दिलाने के करीब पहुंचा दिया था लेकिन वेगनर ने इन दोनों बल्लेबाजों को एक रन के अंदर चलता कर मैच में न्यूजीलैंड की वापसी करा दी। विकेटकीपर बेन फॉक्स ने इसके बाद 35 रन की पारी खेलकर टीम को जीत के मुहाने पर पहुंचा दिया लेकिन जब जीत के लिए सात रन की जरूरत थी तब वह साउदी की गेंद पर आउट हो गए।
ाखिरी बल्लेबाज जेम्स एंडरसन ने चौका लगाकर रोमांच बढ़ाया लेकिन नील वेगनर की गेंद पर विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल ने बाईं ओर डाइव लगाकर शानदार कैच लपककर न्यूजीलैंड को यादगार जीत दिला दी। टेस्ट मैच में रन के लिहाज से यह न्यूजीलैंड की सबसे कम अंतर वाली जीत है। इससे पहले इंग्लैंड और भारत की टीम ही फॉलोआन के टेस्ट मैच को जीतने में सफल रही है। इंग्लैंड ने यह कारनामा दो बार किया है जबकि भारत ने एक बार। फॉलोआन के बाद पिछली जीत 2001 में भारतीय टीम ने ईडन गार्डन्स में ऑस्ट्रेलिया को 171 रनों से हराकर दर्ज की थी।

### बुमराह आईपीएल से बाहर, अगले छह महीने तक वापसी की संभावना नही

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट से उबरने में नाकाम रहे हैं जिसके कारण वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे और उनके अगले छह महीने तक वापसी की संभावना भी नहीं है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने मंगलवार को पीटीआई को यह जानकारी दी। यह पता नहीं चल पाया कि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाने वाले इस तेज गेंदबाज की पीठ का ऑपरेशन करना होगा या नहीं। बुमराह को शुरू में टी20 विश्व कप की टीम में चुना गया था। बुमराह आईपीएल से बाहर हो गए हैं क्योंकि वह अगले छह महीने तक वापसी नहीं कर पाएंगे। यहां तक कि हो सकता है कि वह तब तक भी वापसी नहीं कर पाए। लक्ष्य वनडे विश्वकप है लेकिन उनकी उस टूर्नामेंट में खेलने की भी गारंटी नहीं है। इसका मतलब है कि अगर भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाता है तो बुमराह उसमें भी नहीं खेल पाएंगे।

# मेसी-पुटेलस फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

भाषा। पेरिस



**विश्व कप** चैंपियन अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने किलियन एम्बाप्पे और करीम बेंजेमा को पछाड़ कर फीफा (फुटबॉल संघों का अंतरराष्ट्रीय महासंघ) सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी (2022) का पुरस्कार अपने नाम किया। महिला वर्ग में स्पेन की अलेक्सिया पुटेलस ने लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। कतर में एम्बाप्पे की टीम फ्रांस के खिलाफ रोमांचक फाइनल में अर्जेंटीना को विश्व कप का खिताब दिलाने वाले मेसी ने सोमवार रात को आयोजित कार्यक्रम में पिछले 14 साल में सातवीं बार फीफा पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने अपने रिकॉर्ड पांचवें प्रयास में विश्व कप का खिताब जीता था। फीफा के 211 सदस्य देशों के कोच और कप्तान के साथ चुने पत्रकारों और प्रशंसकों की समिति ने इन तीन खिलाड़ियों की अंतिम सूची को चुना था। फीफा पुरस्कार के मतदान में मेसी को 52 अंक, विश्व कप के गोल्डन बॉल विजेता एम्बाप्पे को 44 और बेंजेमा को 34 अंक मिले। पिछले दो साल में फीफा पुरस्कार जीतने वाले रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो को इस साल के पुरस्कार के लिए 14 खिलाड़ियों की शुरुआती सूची में जगह नहीं मिली थी। मेसी ने इसके साथ ही 16वीं बार पुरुषों की सर्वश्रेष्ठ एकादश में जगह बनाकर रोनाल्डो के साथ साझा किए गए रिकॉर्ड को तोड़ा दिया। इस टीम में बेल्जियम के कोर्टोइस, मोरक्को के हकीमी, पुर्तगाल के कैंसेलो, नीदरलैंड के वैन डिज्क, बेल्जियम के ब्रुइन, क्रोएशिया के मोड्रिच, ब्राजील के कासेमीरो, नॉर्वे के हालांड और फ्रांस के एम्बाप्पे तथा बेंजेमा शामिल है।